अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 21°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, मंगलवार 5 मई 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 154 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2083 17 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र की तबादला नीति में सरकार ने किया बदलाव पेज 2



ऑरेंज कैप फिर से अभिषेक के सिर, रबाडा पर्पल कैप की दौड़ में खेल टाइम्स



न हाथ में डिग्री फिर भी जिंदगियां देती दाई मां सम्पादकीय



ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट का नया नक्शा जारी किया पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु सीएम स्टालिन अपने ही बागी से हारे

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मौजूदा सीएम एमके स्टालिन कोलाथुर सीट से चुनाव हार गए हैं। उन्हें टीवीके के बीएस बाबू ने 8000 से ज्यादा वोटों से हराया है। बाबू पहले डीएमके में थे। फरवरी 2026 में ही उन्होंने विजय की पार्टी जॉइन की थी। इधर, टीवीके को सरकार बनाने के लिए 118 सीटों के साथ बहुमत हासिल करना होगा। एक्टर विजय के पिता चंद्रशेखर ने कहा है कि विजय कांग्रेस के साथ गठबंधन कर सकते हैं।

### होर्मुज में अमेरिकी जहाज पर ईरान का मिसाइल अटैक

**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में एक अमेरिकी नेवी शिप पर दो मिसाइलें दागीं। हमले में जहाज को नुकसान पहुंचा, जिसके बाद उसे पीछे हटना पड़ा। ईरानी न्यूज एजेंसी फॉर्स ने इस बारे में जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह हमला तब किया गया जब अमेरिकी जहाज ने ईरानी नौसेना की चेतावनी को नजरअंदाज करते हुए होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की कोशिश की। हालांकि, अमेरिकी सेंट्रल कमांड सेंटकॉम ने होर्मुज में अपने किसी भी नौसैनिक जहाज पर हमले की खबरों को खारिज कर दिया है। सेंटकॉम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि अमेरिकी सेना होर्मुज में प्रोजेक्ट फ्रीडम के तहत काम कर रही है।

### लखनऊ-दिल्ली इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** खराब मौसम की वजह से दिल्ली से लखनऊ जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई-6476 की भोपाल में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। इसमें यूपी के दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सवार थे। दोनों भोपाल में सुरक्षित उतरे। यूपी में आंधी-बारिश जारी है। कानपुर, सुल्तानपुर और बाराबंकी समेत 64 जिलों में आंधी, बारिश और ओले गिरने का अलर्ट है। पिछले 24 घंटे में जालौन सबसे गर्म शहर रहा। सुल्तानपुर में पेड़ की डाल गिरने से एक की मौत हो गई। राजस्थान के दौसा, कोटपूतली-बहरोड़, अलवर और हनुमानगढ़ में आंधी के साथ बारिश हुई।

### एकीकृत थिएटर कमान भारतीय सेनाओं के लिए अपरिवर्तनीय सुधार

**नई दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने एकीकृत थिएटर कमान को भारतीय सेनाओं के लिए अपरिवर्तनीय सुधार प्रक्रिया करार देते हुए जोर देकर कहा है कि सेनाओं को बदलते खतरों के अनुसार खुद को तेजी से ढालना होगा और सेना, नौसेना तथा वायु सेना के बीच संयुक्तता, एकीकरण और डिजिटलीकरण की प्रक्रिया को मजबूत बनाना होगा। जनरल चौहान ने व्याख्यान के दौरान 'संयुक्तता और थिएटराइजेशन: प्रमुख चुनौतियां और प्रगति' विषय पर कहा कि एकीकृत थिएटर कमान की स्थापना उन्हें प्रमुख रक्षा अध्यक्ष और सैन्य मामलों के विभाग के सचिव के रूप में सौंपा गया एक महत्वपूर्ण दायित्व है।

# बंगाल और तमिलनाडु में बड़ा उलटफेर

- पश्चिम बंगाल, असम और पुड्डुचेरी में राजग, तो केरल में कांग्रेस मोर्चा को मिल रहा बहुमत
- तमिलनाडु में अभिनेता विजय के करिश्मे के दम पर टीवीके सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी
- केरल में एक दशक बाद कांग्रेस के नेतृत्व में संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा की सरकार बनने का रास्ता साफ
- असम और पुड्डुचेरी में नतीजों के अनुसार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार की वापसी निश्चित हुई
- प.बंगाल की सीएम ममता बनर्जी भवानीपुर सीट से सुवेंदु अधिकारी से 15 हजार वोटों से चुनाव हारीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की मतगणना के रूझानों में पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में भारी उलटफेर की संभावना के साथ भारतीय जनता पार्टी बंगाल में अपने दम पर जबरदस्त बहुमत हासिल करने जा रही है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी भवानीपुर से सुवेंदु अधिकारी से 15,114 वोटों से चुनाव हार गई। सुवेंदु के खिलाफ यह उनकी लगातार दूसरी हार है। 2021 विधानसभा चुनाव में सुवेंदु नंदीग्राम से ममता के खिलाफ जीते थे। ममता हार से पहले ही काउंटिंग सेंटर से निकल गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि, मुझे अंदर धक्का दिया और पीटा गया। यहां दोबारा काउंटिंग होनी चाहिए।

उधर तमिलनाडु में अभिनेता विजय के करिश्में के दम पर टीवीके स्पष्ट रूप से सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। केरल में सत्ता परिवर्तन के संकेतों के बीच एक दशक बाद कांग्रेस के नेतृत्व में संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा की सरकार बनेगी। असम और पुड्डुचेरी में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार की वापसी निश्चित हो गई है। चुनाव आयोग के रूझानों के आंकड़ों के अनुसार पश्चिम बंगाल में एग्जिट पोल के अनुमानों के अनुरूप भाजपा को शुरूआती रूझानों में स्पष्ट बढ़त मिल रही है और वह अकेले दम पर जबरदस्त बहुमत हासिल करने जा रही है। राज्य की 294 विधानसभा सीटों में से 284 के आरंभिक रूझानों में विपक्षी भाजपा 119 सीटें जीत चुकी है और 88 सीटों पर आगे चल रही है। भाजपा को कुल 207 सीटें मिलने का अनुमान है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस 48 सीटें जीत चुकी है तथा केवल 22 सीटों पर आगे चल रही है। तृणमूल कांग्रेस को 80 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। वर्ष 2021 के चुनावों में तृणमूल ने 220, तो भाजपा ने 71 सीटें जीती थी। तमिलनाडु में भी रूझानों में एग्जिट पोल के विपरीत भारी उलट फेर देखने को मिला है। राज्य में अभी तक रूझानों में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत के संकेत नहीं हैं, लेकिन विधानसभा की 234 में से 224 सीटों के रूझानों में टीवीके अप्रत्याशित रूप से 107 सीटों से साथ सबसे आगे है। टीवीके 59 सीटें जीत चुकी है और 48 पर आगे है। अन्नाद्रमुक दूसरे स्थान पर 55 सीटों पर तथा सत्तारूढ़ द्रमुक 48 सीटों पर आगे रहते हुए तीसरे स्थान पर है। कांग्रेस 4 तथा पीएमके 5 सीट पर आगे है। पिछले चुनाव में द्रमुक गठबंधन को 158 जबकि अन्नाद्रमुक गठबंधन को 69 सीटें मिली थी। असम विधानसभा की 126 सीटों के नतीजों के अनुसार राजग को स्पष्ट बहुमत मिलता दिख रहा है। भाजपा 100 सीटें जीत चुकी है और दो पर आगे चल रही है। कांग्रेस 14 सीटें जीत चुकी है, और उसे 7 सीटों पर बढ़त मिली हुई है। असम गण परिषद को 9 और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीओपीएफ) को 10 सीटों पर बढ़त हासिल है। पिछले चुनावों में राजग को 74, कांग्रेस गठबंधन को 28 तथा एयूडीएफ को 15 सीटें मिली थी। केरल में अनुमानों के अनुरूप कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा को बहुमत मिलने जा रहा है। विधानसभा की 140 सीटों में से मोर्चा 102 सीटें जीत चुका है। जिनमें से कांग्रेस को 63 उसके सहयोगी दल इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग को 23, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को 25, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को 9 और केईसी को 7 सीटें मिली हैं। केरल में एलडीएफ ने 35 एवं भाजपा ने तीन सीटें जीती हैं। पिछले चुनाव में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा को 94 और संयुक्त मोर्चा को 42 सीटें मिली थी। पुड्डुचेरी विधानसभा की 30 में से राजग 15 सीट जीत चुका है और तीन पर आगे चल रहा है। कांग्रेस को तीन तथा अन्य को छह सीटें मिली हैं। निर्दलीय उम्मीदवार एक सीट पर जीत के साथ दो सीटों पर आगे चल रहे हैं। भाजपा ने एक सीट जीती है और एक पर आगे है। कांग्रेस और अन्नाद्रमुक ने भी एक-एक सीट जीती है।



**पश्चिम बंगाल** सीटें- 293 बहुमत- 147

| पार्टी | जीत | आगे |
|---|---|---|
| भाजपा | 119 | 88 |
| टीएमसी | 48 | 22 |
| कांग्रेस | 00 | 02 |
| लेफ्ट | 00 | 02 |
| अन्य | 00 | 02 |

**तमिलनाडु** सीटें- 234 बहुमत- 118

| पार्टी | जीत | आगे |
|---|---|---|
| टीवीके | 59 | 48 |
| डीएमके | 00 | 48 |
| AIADMK | 00 | 55 |
| एनटीके | 00 | 00 |
| अन्य | 00 | 05 |

**असम** सीटें- 126 बहुमत- 64

| पार्टी | जीत | आगे |
|---|---|---|
| एनडीए | 100 | 02 |
| कांग्रेस | 14 | 07 |
| AIUDF | 02 | 02 |
| अन्य | 00 | 00 |

### केरल में यूडीएफ की जीत पर राहुल गांधी ने प्रदेश की जनता का जताया आभार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल में यूडीएफ की जीत के बाद राज्य की जनता का आभार जताया है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में लिखा कि केरल के लोगों को धन्यवाद। उन्होंने इस जीत को निर्णायक जनादेश बताया और कहा कि केरल की जनता ने जिस विश्वास के साथ यूडीएफ को चुना है, वह जिम्मेदारी को और बढ़ाता है। उन्होंने चुनाव अभियान में जुटे सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए इसे एक कठिन लेकिन सुव्यवस्थित अभियान बताया।

## पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत, वर्षों की साधना सिद्धः मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पर कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक और अभूतपूर्व है। सालों की साधना जब सिद्धी में बदलती है तो चेहरे पर जो खुशी होती है वो खुशी मैं देशभर के कार्यकर्ताओं के चेहरे पर देख रहा हूं। एक कार्यकर्ता होने के नाते मैं भाजपा के हर कार्यकर्ता की खुशी में शामिल हूं। आज का ये दिन कई मायनों में खास है। ये देश के उज्जवल भविष्य की उद्घोषणा, भरोसे का दिन है। भरोसा भारत के महान लोकतंत्र पर, भरोसा परफार्मेंस की पॉलिटिक्स पर, भरोसा एक भारत श्रेष्ठ भारत भावना पर। उन्होंने कहा कि आज नया इतिहास रच दिया है।

भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन के पद संभालने के बाद ये पहले चुनाव थे। इन चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं को उनका जो मार्गदर्शन था वो इस विजय में बहुमूल्य रहा। पीएम मोदी ने भारत माता की जय के साथ अपना भाषण शुरू किया। उन्होंने सभा स्थल पर मौजूद लोगों से आगे-पीछे न होने की अपील भी की। नितिन नवीन ने कहा कि हम भरोसे के साथ चल रहे हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जनता भय के वातावरण से मोदी के भरोसे के वातावरण में आई है। मोदी की गारंटी को सपनों को हकीकत के आईने में बुनेंगे, तो जनता आपके साथ खड़ी होती है। यही कारण है कि देश के कई राज्यों में भाजपा सरकार दोबारा आती हैं। इन रिजल्ट से जनता ने स्पष्ट किया कि हम भरोसे के साथ चल रहे हैं। 12 सालों के बाद भी मोदी के प्रति वही विश्वास और प्रेम जनता के बीच में कायम है।

## सुनेत्रा पवार ने जीत का इतिहास बनाया

**नई दिल्ली।** देश के 5 राज्यों की 7 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के नतीजे आ गए हैं। महाराष्ट्र के बारामती सीट से एनसीपी उम्मीदवार सुनेत्रा पवार ने 2 लाख 18 हजार वोटों के अंतर से ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

जीत का यह अंतर भारत में किसी विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा है। सुनेत्रा पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी हैं, जिनका 28 जनवरी 2026 को विमान हादसे में निधन हो गया था। बारामती अजित पवार की पारंपरिक सीट रही है। यहां से सुनेत्रा की जीत पहले से लगभग तय थी। उनके खिलाफ 22 निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में थे। महाराष्ट्र की राहुरी सीट से भाजपा के अक्षय कार्डिले जीत गए हैं। भाजपा ने गुजरात, नगालैंड और त्रिपुरा की 1-1 सीट भी जीत ली है। कर्नाटक की बागलकोट और दावणगेरे साउथ सीट पर कांग्रेस उम्मीदवारों ने जीत हासिल की। उपचुनाव वालीं सभी 7 सीटें पूर्व विधायकों की मौत के कारण खाली हुई थीं। कर्नाटक, नगालैंड और त्रिपुरा में 9 अप्रैल को वोटिंग हुई थी। गुजरात की लिमखेड़ा और महाराष्ट्र के बारामती और राहुरी सीट पर 23 अप्रैल को वोटिंग हुई थी। कर्नाटक के दावणगेरे साउथ विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार समर्थ मल्लिकार्जुन ने 5708 वोटों से जीत हासिल की। उन्हें 69,578 वोट मिले हैं, जबकि भाजपा के श्रीनिवास को 63,870 वोट मिले हैं।



**2.18 लाख वोटों से जीतीं उपचुनाव**

### बम की धमकी वाले ईमेल से दिल्ली के स्कूल में मचा हड़कंप

**नई दिल्ली।** दिल्ली के एक स्कूल में सोमवार की सुबह बम की धमकी वाला ईमेल मिलने से हड़कंप मच गया, जिसके तुरंत बाद सावधानी बरतते हुए छात्रों और कर्मचारियों को स्कूल परिसर से बाहर निकाला गया।धमकी की सूचना मिलते ही एहतियात के तौर पर सभी छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। पुलिस को तत्काल सूचित किया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा जांच शुरू कर दी। जब तक सुरक्षा जांच के बाद स्कूल को पूरी तरह सुरक्षित घोषित नहीं कर दिया जाता, तब तक कक्षाएं निलंबित रहेंगी।

## सुप्रीम कोर्ट का ट्रांसजेंडर संशोधन एक्ट पर केंद्र व राज्यों को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2026 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर केंद्र सरकार और सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किया है।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने इस मामले पर 6 हफ्ते के भीतर जवाब मांगा है। अब इस मामले की सुनवाई तीन जजों की बेंच करेगी। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने संशोधन पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यह संशोधन ट्रांसजेंडर व्यक्तियों से 'सेल्फ आइडेंटिफिकेशन' का अधिकार छीनता है। यह 2014 के ऐतिहासिक एनएएलएसए जजमेंट के खिलाफ है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने खुद की लैंगिक पहचान चुनने को मौलिक अधिकार घोषित किया था। जस्टिस सूर्यकांत ने सेल्फ आइडेंटिफिकेशन के अधिकार को लेकर कुछ चिंताएं जताईं।



**कोर्ट ने छह हफ्ते में जवाब मांगा**

## भारतीय यात्री लिपुलेख से मानसरोवर न जाएं:नेपाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/काठमांडू।** नेपाल सरकार ने भारतीय तीर्थयात्रियों से लिपुलेख के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा न करने की अपील की है। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि 1816 की सुगौली संधि के मुताबिक लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी क्षेत्र नेपाल का हिस्सा है।

सरकार ने कहा कि लिपुलेख के रास्ते प्रस्तावित कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर उसने भारत और चीन दोनों को डिप्लोमैटिक तरीके से अपनी आपत्ति और चिंता से अवगत करा दिया है। नेपाल ने यह भी बताया कि वह पहले भी भारत से इस इलाके में सड़क निर्माण, व्यापार और पर्यटन जैसी एक्टिविटी न करने की अपील करता रहा है। नेपाल ने चीन को भी आधिकारिक तौर पर यह जानकारी दी है कि लिपुलेख उसका हिस्सा है। नेपाल की हालिया टिप्पणी के बाद भारत ने अपना रुख स्पष्ट किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस मुद्दे पर भारत की स्थिति पहले से ही स्पष्ट और स्थिर रही है। भारत सभी विवादों का समाधान बातचीत और कूटनीति के जरिये निकालने के पक्ष में है। जायसवाल ने कहा कि लिपुलेख दर्रा 1954 से कैलाश मानसरोवर यात्रा का एक पारंपरिक मार्ग रहा है और इस रास्ते का इस्तेमाल कई दशकों से होता आ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है। सीमा विवाद पर भारत ने फिर दोहराया कि नेपाल के दावे तथ्यों और ऐतिहासिक प्रमाणों पर आधारित नहीं हैं। भारत ने कहा कि एकतरफा और कृत्रिम तरीके से सीमा दावों को बढ़ाना स्वीकार्य नहीं है। विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा कि भारत, नेपाल के साथ सभी लंबित मुद्दों पर सकारात्मक बातचीत के लिए तैयार है और सीमा से जुड़े मतभेदों को भी आपसी संवाद और कूटनीति के जरिए सुलझाने का समर्थन करता है। भारत, नेपाल और चीन सीमा से लगे इस इलाके में हिमालय की नदियों से मिलकर बनी एक घाटी है, जो नेपाल और भारत में बहने वाली काली या महाकाली नदी का उद्गम स्थल है। इस इलाके को कालापानी भी कहते हैं। यहीं पर लिपुलेख दर्रा भी है। यहां से उत्तर-पश्चिम की तरफ कुछ दूरी पर एक और दर्रा है, जिसे लिंपियाधुरा कहते हैं।



**लिपुलेख हमारा इलाका, भारत ने कहा:- नेपाल के दावे का कोई ऐतिहासिक प्रमाण नहीं**

### एएटीएस के साथ मुठभेड़ में पारदी गिरोह के तीन सदस्य घायल, छह गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अंबेडकर नगर इलाके में एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड (एएटीएस) की टीम और पारदी गिरोह के सदस्यों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन अपराधियों के पैर में गोली लगी है। इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इन तीनों के अलावा तीन अन्य को भी मौके से हिरासत में लिया गया है। घायल आरोपियों की पहचान 34 वर्षीय निर्मल पारदी उर्फ निखिल, 25 वर्षीय अंबर उर्फ डेविन और 30 वर्षीय सम्राट उर्फ समर उर्फ काला के रूप में हुई है। इन तीनों के पैरों में गोलियां लगी हैं।

### इंडिया गठबंधन का अब कोई भविष्य नहीं: पूनावाला

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कई राज्यों के विधानसभा चुनावों की मतगणना के रुझानों को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर हमला बोला है और कहा कि वह (श्री गांधी) इंडिया गठबंधन को संभालने में नाकाम साबित हुए हैं, जिसके कारण इस गठबंधन का अब कोई भविष्य नहीं है। पूनावाला ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि देश में लगातार 12 सालों तक सत्ता में रहने के बावजूद नए राज्यों में भाजपा की सरकारें बन रही हैं। भाजपा का वोट शेयर बढ़ रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वजह से लोगों का भाजपा पर भरोसा और भी मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव का सबसे बड़ा नतीजा यह है कि इंडिया गठबंधन पूरी तरह से टूट गया है और खत्म हो गया है।

### रीता बहुगुणा जोशी के पति का निधन आज होगा संस्कार

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से पूर्व भाजपा सांसद रीता बहुगुणा जोशी के पति पीसी जोशी का सोमवार सुबह लखनऊ स्थित संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में निधन हो गया। उन्होंने सुबह लगभग सात बजे अंतिम सांस ली। इस संबंध में जानकारी स्वयं रीता बहुगुणा जोशी ने अपने एक्स अकाउंट के माध्यम से दी। परिवार के अनुसार पीसी जोशी पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और एसजीपीजीआई में उनका उपचार जारी था। सोमवार सुबह अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उनका निधन हो गया। पीसी जोशी पेशे से मैकेनिकल इंजीनियर थे और तकनीकी एवं लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा।

## योगी कैबिनेट की बैठक में कुल 29 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई

# तबादला नीति में सरकार ने किया बदलाव

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक में सोमवार को कुल 29 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बैठक के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य की तबादला नीति में बदलाव किया गया है।

नई व्यवस्था के तहत अब सरकारी कर्मचारियों के तबादले केवल 15 मई से 31 मई के बीच ही किए जाएंगे। ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि ऊर्जा विभाग से जुड़े तीन महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति मिली है। उन्होंने कहा कि हाईटेंशन बिजली लाइनों के बड़े

■ ऊर्जा विभाग से जुड़े तीन महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी स्वीकृत

टावरों से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने के लिए नई नीति लागू की जाएगी। शर्मा ने बताया कि इसके तहत टावर के नीचे की पूरी जमीन और उसके एक मीटर दायरे की भूमि का दोगुना मुआवजा दिया जाएगा, जबकि तार खींचने वाली जमीन के लिए 30 प्रतिशत मुआवजा तय किया गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले इस तरह का मुआवजा नहीं मिलता था, जबकि वर्ष 2018 में पहली बार इस संबंध में नीति बनाई गई थी। उन्होंने बताया कि ऊर्जा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए जालौन में 500 मेगावाट क्षमता का सोलर पावर प्लांट स्थापित किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि यह परियोजना यूपी उत्पादन लिमिटेड और कोल इंडिया के संयुक्त सहयोग से विकसित होगी, जिसमें 49 प्रतिशत हिस्सेदारी राज्य सरकार और 51 प्रतिशत कोल इंडिया की होगी। परियोजना की शुरुआती लागत 10 करोड़ रुपये बताई गई है। शर्मा ने बताया कि इसके अलावा नोएडा क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहे औद्योगिक विकास को देखते हुए बिजली वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा। यहां 400/220 केवी का नया पावर स्टेशन बनाया जाएगा, जिसकी अनुमानित लागत 653 करोड़ रुपये होगी।

### नौ साल में यूपी बना 'रेवेन्यू सरप्लस': योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश अब अपने संसाधनों के बल पर बड़ी अवसंरचना परियोजनाएं पूरी करने में सक्षम हो चुका है। उन्होंने दावा किया कि करीब 600 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण बिना बैंकों से कर्ज लिए किया गया, जिस पर 36 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च हुए हैं। सोमवार को लोकभवन में सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा परीक्षा विभाग के 371 तथा स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग के 129 नवचयनित लेखा परीक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद मुख्यमंत्री संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस-वे के किनारे नौ औद्योगिक और लॉजिस्टिक हब विकसित किए जा रहे हैं, जिन पर कुल मिलाकर 42 हजार करोड़ रुपये से अधिक निवेश हो चुका है।

# लखनऊ समेत कई जिलों में बदला मौसम

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ समेत उत्तर प्रदेश के कई जिलों में सोमवार को मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। तेज रफ़्तार हवा और आसमान पर छाई काला घटाओं से सुबह से आगाज हुआ जिससे कुछ समय तक दिन में भी रात का अहसास हुआ और तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई।

लखनऊ, बाराबंकी, हरदोई, शाहजहांपुर, बरेली और गौतमबुद्ध नगर समेत कई जिलों में मध्य रात्रि के बाद से ही मौसम का मिजाज बदलने लगा था और सुबह तक कई इलाके तूफानी हवाओं और बारिश का गवाह बन चुके थे। मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी के तहत कई जिलों में मध्यम स्तर के गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलने, बिजली गिरने और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की आशंका जताई गई है। इनमें उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, हरदोई, सीतापुर, बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती और लखीमपुर खीरी सहित आसपास के क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा अयोध्या, अमेठी, कानपुर नगर, कानपुर देहात, औरैया, कन्नौज, फर्रुखाबाद, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, हमीरपुर, जालौन, महोबा, झांसी, ललितपुर, फतेहपुर, प्रतापगढ़, रायबरेली, इटावा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, हाथरस, कासगंज, अलीगढ़, बदायूं, बुलंदशहर, संभल, अमरोहा और मुरादाबाद समेत कई जिलों में भी गरज-चमक के साथ तेज हवाओं और आकाशीय बिजली गिरने की प्रबल संभावना जताई गई है। हल्की से मध्यम वर्षा के साथ 30 से 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने की भी चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने, खुले स्थानों पर जाने से बचने, पेड़ों एवं कमजोर संरचनाओं के नीचे खड़े न होने तथा बिजली कड़कने के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है।

### प्रतिकूल मौसम में अधिकारियों को फील्ड में रहने के निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में आंधी-बारिश और खराब मौसम के बीच आमजन को राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं।

सोमवार सुबह लखनऊ समेत कई जनपदों में मौसम के बिगड़े हालात को देखते हुए मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को पूरी मुस्तैदी के साथ काम करने को कहा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जनहानि, पशुहानि, घायलों और आपदा से प्रभावित लोगों को हर हाल में 24 घंटे के भीतर मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार हर परिस्थिति में किसानों और प्रदेशवासियों के साथ खड़ी है। योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे फील्ड में रहकर स्थिति का लगातार जायजा लें और राहत-बचाव कार्यों को तेज गति से संचालित करें। आंधी-बारिश के कारण कई स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं की सूचना है, ऐसे में घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराकर उनका समुचित इलाज सुनिश्चित किया जाए।

# फरिश्ता बनकर आए थे आठ को मौत उठा ले गई

अंबेडकरनगर, वार्ता

■ अंबेडकरनगर में दो भाइयों समेत आठ को कार ने रौंद डाला

रविवार रात जलालपुर थाना क्षेत्र के अशरफपुर भुवा भट्ठे के पास हुए एक भीषण सड़क हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। दो बाइकों की टक्कर में घायल हुए लोगों की मदद करने रुके दो सगे भाइयों समेत 8 लोगों को एक बेकाबू कार ने रौंद दिया। बारात से लौट रहे भाई एम्बुलेंस बुला रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सबसे दुखद बात यह रही कि जिन लोगों की मौत हुई, उनमें से कई लोग घायल पड़े अजनबियों की जान बचाने के लिए वहां रुके थे। मानवता दिखाने की यह कीमत उन्हें अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। घटना रविवार रात करीब 12 बजे की है। अकबरपुर-जलालपुर मार्ग पर दो बाइकों के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़े। चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर अपनी गाड़ियां रोककर उनकी मदद के लिए दौड़े। इन्हीं राहगीरों में सम्मनपुर क्षेत्र के जैनापुर निवासी दो सगे भाई, आदित्य (25) और दिव्यांशु उर्फ छोटू (14) भी शामिल थे। दोनों भाई एक वैवाहिक कार्यक्रम (बारात) से लौट रहे थे। घायलों को तड़पता देख उनसे रहा नहीं गया और उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल रोक दी। वे एम्बुलेंस को फोन कर रहे थे और घायलों को उठाने का प्रयास कर रहे थे।

# यूडीएफ की जीत पर प्रियंका ने जताया आभार

## केरल की जनता को कांग्रेस नेता ने दिया धन्यवाद

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस महासचिव एवं केरल के वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस गठबंधन को जिताने के लिए केरल की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि उनके विश्वास और अपार समर्थन से उत्साहित होकर संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) राज्य में बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए काम करेगा। श्रीमती वाड्रा ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में सोमवार को कहा कि केरल की जनता का भरोसा ही यूडीएफ के लिए मार्गदर्शक शक्ति बनेगा और आने वाले पांच वर्षों में ईमानदारी एवं विनम्रता के साथ किए गए वादों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने वायनाड की जनता का विशेष रूप से धन्यवाद करते हुए कहा कि वहां यूडीएफ को 7 में से 7 सीटों पर मिली जीत जनता के मजबूत विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सभी प्रतिनिधि मिलकर काम करेंगे और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने यूडीएफ के कार्यकर्ताओं और नेताओं को बधाई देते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों से एकजुट और प्रगतिशील केरल का संदेश हर घर तक पहुंचा है तथा आने वाले वर्षों में जनता की सेवा का संकल्प और मजबूत होगा।

### केरल की जनता के विश्वास पर खरा उतरेंगे: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में गठबंधन की जीत के लिए केरल की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि उसने संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) को भारी बहुमत देकर सेवा का अवसर दिया है और पार्टी इस विश्वास पर खरा उतरने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करेगी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जय राम रमेश ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक संदेश में कहा कि कांग्रेस अपनी जिम्मेदारी को भली-भांति समझती है और केरल की जनता ने जो भरोसा जताया है, उस पर पूरी निष्ठा के साथ खरी उतरेगी।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


# बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 77269.40
निफ्टी 24119.30

सोना 148000 प्रति 10 ग्राम
चांदी 244000 प्रति किलो

# अमेरिका-ईरान शांति वार्ता की उम्मीद में उछले शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता



अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता की उम्मीद में घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी देखी गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संसेक्स 355.90 अंक (0.46 प्रतिशत) चढ़कर 77,269.40 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 121.75 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की बढ़त में 24,119.30 अंक पर पहुंच गया।

मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.61 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.70 फीसदी ऊपर बंद हुआ। अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के इस बयान के बाद कि ईरान का नया शांति प्रस्ताव अच्छा है निवेशकों में पश्चिम एशिया संकट के जल्द समाप्त होने का विश्वास जगा है। इससे शेयर बाजारों में लिवाली देखी गई। आईटी, मीडिया और बैंकिंग को छोड़कर अन्य सेक्टरों में तेजी रही। रियलटी, धातु, स्वास्थ्य, वित्त और फार्मा सेक्टरों के सूचकांकों में ज्यादा तेजी रही। अडानी पोर्ट्स के शेयर में पांच प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। हिंदुस्तान यूनीलिवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी, इटरनल और मारुति सुजुकी के शेयर दो से तीन फीसदी के बीच चढ़े। बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट और बजाज फाइनेंस के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच चढ़े। सनफार्मा, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बीईएल, टाटा स्टील, ट्रेंट और पावर ग्रिड के सूचकांक भी हरे निशान में रहे। भारती एयरटेल का शेयर तीन प्रतिशत से ऊपर टूटा। कोटक महिंद्रा बैंक में भी लगभग तीन फीसदी की तेजी रही। टीसीएस, आईटीसी और इंफोसिस के शेयर एक से दो प्रतिशत ऊपर बंद हुए। इंडिगो और टाइटन के शेयर भी गिरावट में बंद हुए।

### सोना हुआ सस्ता चांदी की कीमत में लगे पंख

**नई दिल्ली।** सोमवार को सोने के दाम में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,906 रुपए गिरकर 1.48 लाख रुपए पर आ गया है। इससे पहले इसकी कीमत 1.50 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं चांदी की कीमत में तेजी देखने को मिल रही है। एक किलो चांदी 3,906 रुपए बढ़कर 2.44 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले 30 अप्रैल को इसकी कीमत 2.40 लाख रुपए प्रति किलो थी। 2026 में सोना अब तक 15 हजार रुपए महंगा हुआ है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.48 लाख रुपए पर पहुंच गया है।

# चावल, चीनी, खाद्य तेलों के भाव टूटे दालों के भाव में रहा उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल का औसत भाव गिर गया। चावल के साथ चीनी और खाद्य तेलों में भी नरमी देखी गई। गेहूं में टिकाव रहा जबकि दालों के दामों में घट-बढ़ रही। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत चार रुपये घटकर 3,832 रुपये प्रति क्विटंल रह गई।

गेहूं 2,781 रुपये प्रति क्विटंल पर लगभग अपरिवर्तित रहा। आटे की कीमत 12 रुपये गिर गई। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। चना दाल की औसत कीमत नौ रुपये और मसूर दाल की चार रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। मूंग दाल में 37 रुपये और उड़द दाल में 35 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट देखी गई। तुअर दाल के भाव स्थिर रहे।

मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 50 रिंगिट चढ़कर 4,620 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 75.44 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 119 रुपये और सोया तेल 104 रुपये प्रति क्विटंल टूट गया। पाम ऑयल में 55 रुपये और सरसों तेल में 35 रुपये की गिरावट रही। वनस्पति 30 रुपये और सूरजमुखी तेल 14 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 11 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। चीनी भी पांच रुपये सस्ती हुई। दाल-दलहन: दाल चना 7670.91 रुपये, मसूर काली 8092.13 रुपये, मूंग दाल 10151.06 रुपये, उड़द दाल 10811.01 रुपये, तुअर दाल 11245 रुपये प्रति क्विटंल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2781.05 रुपये और चावल 3832.43 रुपये प्रति क्विटंल और आटा (गेहूं) 3261.23 रुपये प्रति क्विटंल रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख ने पद से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली, वार्ता



निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। एयरलाइंस ने आज शेयर बाजार को बताया कि उन्हें 03 जुलाई की शाम उनकी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया जाएगा।

कंपनी के प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया को संबोधित अपने त्यागपत्र में श्री मल्होत्रा ने लिखा है कि वह विमानन उद्योग से बाहर सलाहकार की भूमिका में अपना करियर तलाश रहे हैं। उन्होंने पिछले चार साल में अपने करियर के दौरान इंडिगो परिवार के साथ काम करने का मौका देने के लिए भाटिया को धन्यवाद दिया और कहा कि वह 3 जुलाई तक नोटिस पीरियड में काम करते रहेंगे। पिछले साल दिसम्बर के पहले सप्ताह में इंडिगो के परिचालन में बड़े पैमाने पर व्यवधान के बाद कंपनी के उच्च प्रबंधन में यह दूसरा इस्तीफा है। इससे पहले इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एल्बर्स ने मार्च में 'निजी कारणों से' अपने पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया था। अंतरिम व्यवस्था के तहत भाटिया एयरलाइंस के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। एल्बर्स सितम्बर 2022 से कंपनी के सीईओ थे। दिसम्बर के पहले सप्ताह में हजारों की संख्या में कंपनी की उड़ानें रद्द रही थीं, जिससे लाखों यात्री प्रभावित हुए थे।

देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर हजारों यात्री चेक-इन करने के बाद कई-कई घंटे तक फंसे रहे थे। घरेलू यात्रियों की संख्या के लिहाज से इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी 60 प्रतिशत से ऊपर है और वह इस समय देश की सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी है।

# प्रयागराज ज्ञान और आस्था का प्रतीक: राजनाथ

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ नॉर्थ टेक सिम्पोजियम का उद्घाटन कर बोले रक्षा मंत्री

■ कहा- यहां रक्षा, उद्योग और एकेडमिक जगत का मिलन

**प्रयागराज।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षा, उद्योग और एकेडमिक जगत का एक साथ मिलन है। प्रयागराज ज्ञान और आस्था का प्रतीक है। जिस तरह कुंभ में हर जाति संप्रदाय के लोग पुण्य की डुबकी लगाने आते हैं, उसी तरह से नॉर्थ टेक सिम्पोजियम में भी रक्षा, उद्योग और एकेडमिक का संगम है, तीन दिनों तक यह कार्यक्रम चलने वाला है।

रक्षामंत्री ने कहा कि तीन दिनों तक यह कार्यक्रम चलने वाला है, जिसमें सिम्पोजियम में कई महत्वपूर्ण विषय को रखा गया है, जोकि रक्षा के क्षेत्र में काफी महत्वपूर्ण होने वाले है। इतिहास बताता है कि हर युग की क्रांति में काफी बदलाव होते हैं। हर क्रांति की यह नीयत है, लेकिन कुछ समय के बाद वह एक संतुलन में बदल जाती है। जीवन के सभी क्षेत्र में हेल्थ, एकेडमिक, रक्षा सहित अन्य क्षेत्र में भी क्रांति आती है। रक्षा के क्षेत्र में तकनीकी बदलाव ज्यादा हुए हैं, आज तकनीक और इंजीनियरिंग का काफी इस्तेमाल हो रहा है। एयर, जमीन और समुद्र में भी वार के तरीके बदले हैं। इसमें नई तकनीक काफी कारगर साबित हुई है। रडार, साइबर तकनीक, उदाहरण के तौर पर है डिफेंस सेक्टर भी तकनीक हुई है। अब युद्ध में सिर्फ जमीन और एयर से नहीं, बल्कि साइबर तकनीक का भी इस्तेमाल हुआ है। टैंक, मिसाइल के बाद अब ड्रोन के साथ सेंसर सिस्टम गेम चेंजर के रूप में सामने आए हैं। आज के युग में हथियार के बदलते तरीके भी काफी आश्चर्यचकित करने वाले हैं। हमारी सेना ने भी काफी बदलाव किए हैं।

इसका उदाहरण ऑपरेशन सिंदूर में देखने को मिला। हमारी सेना ने आतंकियों को जो मुंहतोड़ जवाब दिया, वह एक नमूना है। ब्रह्मोस और अन्य लेटेस्ट तकनीक का भी इस्तेमाल किया गया है। आज के समय में हमें हर स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा, चिकित्सा में नई तकनीक आती है, तो उसमें देरी की जा सकती है, लेकिन डिफेंस सिस्टम की तकनीक में देरी का मतलब हम पर दुश्मन हावी हो सकता है। इसलिए हमें प्रो एक्टिव रहना होगा, ताकि समय के साथ हम चल सकें। इतिहास कहता है कि सर्पाइजेस ही युद्ध में जीत दिलाते हैं. ।बदलती परिस्थितियों के अनुसार हमें चलना ही होगा, जो देश बदलती क्रांति को एडॉप्ट करेगा। उन्होंने कहा कि तरक्की करने वाले डिफेंस सेक्टर में काफी कार्य यूपी में हुए हैं। डिफेंस सेक्टर में हमारे प्रयासों का असर भी दिखने लगा है, हमारी इंडस्ट्री की चर्चा अब दुनिया में हो रही है। राजनाथ सिंह ने कहा जैसे डिफेंस कॉरिडोर बनाया जा रहा है, उसी तरह नॉलेज कॉरिडोर भी तैयार किया जाना चाहिए, ताकि बदलती तकनीक को रिसर्च के जरिए भी समझकर कार्य किया जा सके।

### अयोध्या से लौटते समय छह की मौत

**जालौन।** जालौन-झांसी-कानपुर नेशनल हाईवे-27 पर सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में 6 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 4 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा कालपी कोतवाली क्षेत्र के जोल्हुपुर के पास चौरासी गुंबद के नजदीक हुआ, जहां तेज रफ्तार टवेरा कार पीछे से ट्रक में जा घुसी। कार चालक को झपकी आ जाने के कारण यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि टवेरा कार नंबर सीएच 04 एलटी 5412 में सवार सभी लोग अयोध्या से दर्शन कर ललितपुर लौट रहे थे। हादसे में मृतकों की पहचान ललितपुर जनपद के हरदौल मोहल्ला के रहने वाले लोगों के रूप में हुई। इस कार में शशिकांत तिवारी (चालक) पुत्र उत्तम तिवारी, कृष्णकांत नायक पुत्र दयाशंकर, दीपक तिवारी, हरिमोहन तिवारी, भूषण तिवारी और अंशुल तिवारी स्वामी प्रसाद तिवारी और मनोज भोंडल सवार थे।

# सड़क पार कर रहे व्यक्ति को वाहन ने कुचला, मौत

## हादसे में पिकअप चालक घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। दिल्ली-बरेली हाईवे पर दो हादसो में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा दूसरा घायल हो गया। घायल का उपचार सरकारी अस्पताल में चल रहा है। मृतक की शिनाख्त न होने पर शव को मोर्चरी पर रखवा दिया गया है।

पहला हादसा रविवार देर शाम दिल्ली-बरेली नेशनल हाईवे पर कोतवाली क्षेत्र में अम्हेड़ा की जियारत के पास हुआ। यहां पर एक व्यक्ति सड़क पार कर रहा था। उसी दौरान जोया की ओर से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई तथा पुलिस भी आ गई थी। मृतक की शिनाख्त का प्रयास भी किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस ने शव को मोर्चरी पर रखवा दिया है। साथ ही पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। ताकि वाहन की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा सके। वहीं दूसरा हादसा भी हाईवे पर सोमवार तड़के जोया कस्बे में स्थित एक ढाबे पर हुआ। शहनावाज पुत्र अय्यूब निवासी पुरानी चौकी हापुड़ पिकअप चालक है। वह तड़के पिकअप लेकर दिल्ली से मुरादाबाद की ओर जा रहा था। इसी दौरान जोया स्थित एक ढाबे के पास उसे झपकी आ गई। जिसके चलते पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा टकराया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिकअप में फंसे चालक को बाहर निकालकर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी जोया में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

## युवक से पचास हजार का साइबर ठगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। साइबर ठग ने युवक को झांसे में लेकर उससे पचास हजार रूपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिये। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना देहात क्षेत्र के गांव कांकर सराय निवासी शमशाद के मुताबिक उसके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से एक कॉल आई कॉल करने वाले ने खुद को परिचित बताकर पहले शमशाद का भरोसा जीता, फिर बातचीत के दौरान पैसों की जरूरत बताकर खाते में रुपए ट्रांसफर करने को कहा झांसे में आकर शमशाद ने उसके खाते में पचास हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। कुछ देर बाद जब शमशाद को ठगी का एहसास हुआ तो उसके होश उड़ गए।उसने उस नंबर पर कॉल की तो नंबर स्विच ऑफ आया। वह दौड़ा दौड़ा थाने पहुंचा और पूरे मामले से पुलिस को अवगत कराया। पीड़ित ने तहरीर देकर ठग के खिलाफ करवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर क्राइम सतेंद्र कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। बैंक से सम्बन्धित डिटेल मंगाई गई है। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपाईयों ने झालमुड़ी व मिठाई खिलाकर मनाया जीत का जश्न

### ढोल नगाड़े की थाप पर झूमे विधायक राजीव तरारा, ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी और पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने भी मनाया उल्लास



गजरौला। जीत का जश्न मनाते विधायक राजीव तरारा।



गजरौला। जीत का जश्न मनातीं ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी।

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। बंगाल, असम और पुडुचेरी के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड बहुमत से जीत होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढ़ोल नगाड़े पर झूमते हुएआतिशबाजी छोड़ी और मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया।

नगर के एमडीए कालोनी स्थित कैम्प कार्यालय पर विधायक राजीव तरारा ने कार्यकर्ताओं को झालमुड़ी और मिठाई खिलाई। ढोल नगाड़े की थाप पर कार्यकर्ताओं के साथ विधायक ने जमकर नृत्य किया और बंगाल की जीत को ऐतहासिक बताते हुए कहा कि, बंगाल में ममता बनर्जी की तानाशाही का युग समाप्त हुआ, अब वहां पर सुशासन का राज होगा। इस मौके पर डा.रविभूषण शर्मा, वैभव गोयल, हर्ष सिंघल, प्रशांत सिंघल, सतवीर सिंह, शशि चौहान, रामकृष्ण चौहान, अशोक चौधरी, हरेंद्र सिंह, सुशील सिद्धू, हैप्पी बंसल, सतीश त्यागी, निहार त्यागी, मनमोहन सेन, उत्तम सिंह प्रजापति आदि मौजूद रहे। वहीं नगर की टीचर्स कॉलोनी में ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी और उनके पति चौ.विरेन्द्र सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की प्रचंड जीत पर कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर और आतिशबाजी छोड़कर जीत का जश्न मनाया। इस मौके पर रामरतन सिंह, महेश प्रधान, सतेंद्र सिंह, संग्राम सिंह, करन सैनी , सतवीर सैनी, मनोज चौहान, पिंटू धारीवाल, राजीव, प्रदीप सैनी,रोहित शर्मा, आयुष चौधरी, अजित, ब्रजपाल सिंह, हैप्पी प्रधान, अंकुर नागर, मगन सिंह, अनु चहल, अल्का चौधरी, पूनम, हेमलता, बीना आदि मौजूद रहे। नगर के इंदिरा चौक पर पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जीत का जश्न मनाया और आतिशबाजी छोड़ी। इस मौके पर राजीव शुक्ल, ब्रजेश अग्रवाल, अरविंद कुमार, चंद्रपाल सिंह, प्रमोद कुमार, विरेन्द्र देवल, अजय गोस्वामी, जागेश शर्मा, लोकेश रावत, योगेश चौधरी, पियूष चौधरी आदि मौजूद रहे।

## तीन राज्यों में जीत पर झूमे भाजपाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और झालमुरी बांटकर खुशी का इजहार किया।इस दौरान पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि यह जीत जनमानस के अटूट विश्वास और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विक. ासपरक राजनीति की जीत है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, सेवा भाव और 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र पर जनता की मुहर है। उन्होंने सभी मतदाताओं, कार्यकर्ताओं और पार्टी नेतृत्व को बधाई देते हुए कहा कि जनता विकास, सुरक्षा और स्थिरता के साथ खड़ी है। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 में भी भाजपा ऐसी ही ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। इस मौके पर भाजपा नेता शरद गर्ग, गीतेश अग्रवाल, दुलीचंद गिहार, राजू बादशाह, राजीव उपाध्याय, विशाल कौशिक, पवन वर्मा, सुनील प्रजापति, देवेश तंवर, प्रत्यक्ष शर्मा, ओमवीर सैनी, गौरव अग्रवाल, अंकित सैनी, अभिषेक गोयल समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा की प्रचंड विजय पर झूमे भाजपाई

### झालमुरी व मिठाई बांटकर मनाया जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। असम और बंगाल के चुनावी रणक्षेत्र से जैसे ही प्रचंड बहुमत की गूँज सुनाई दी। वैसे ही भाजपाई खुशी से झूम उठे। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया। सोमवार को पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी के आवाज पर भाजपा आसाम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत होने पर मिठाई का वितरण किया गया। पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कार्यकर्ताओं के लिए यह केवल एक जीत नहीं, बल्कि विकास और राष्ट्रवाद की जीत का महा-उत्सव बन गया है। इस ऐतिहासिक पल का जश्न मनाने के लिए पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी के आवास पर भाजपाइयों का भारी जमावड़ा लगा। माहौल ऐसा था मानो दीपावली और होली एक साथ आ गई हो। ष्भारत माता की जयष के नारों से पूरा वातावरण भगवामय हो गया। पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने खुद कार्यकर्ताओं का मुँह मीठा कराया और इसे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली नीतियों की जीत बताया। विपक्ष के झूठ के किले ढह चुके हैं और अब चारों ओर सिर्फ केसरिया परचम लहराएगा। कार्यकर्ताओं ने उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बंगाल को भाजपा को दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। इस अवसर पर पंकज भटनागर, सचिन गुप्ता, मोहसिन खान, संजय सहदेव, नितिन सैनी, राहुल सैनी, अर्पण गुप्ता आदि मौजूद थे।



## हाइवे पर रोडवेज बस में पीछे से टकराई वैगनआर

# महिला और चालक की मौत, एक घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। हाइवे पर यात्रियों को उतार रही रोडवेज बस में पीछे से आ रही वैगनआर कार टकरा गयी। हादसे में 65 वर्षीय महिला और चालक की मौत हो गयी जबकि महिला का पुत्र घायल हो गया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को घटनास्थल से सीधे मोर्चरी भिजवा दिया। वहीं घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गयी।

**■ घटना से परिजनों में मची चीख पुकार**

जानकारी के अनुसार मंडी धनौरा के मुहल्ला सोसाईटी निवासी स्व. विनोद कुमार की 65 वर्षीय पत्नी पुष्पा देवी अपने पुत्र सुमित अग्रवाल के साथ वैगनआर कार से दिल्ली जा रहीं थीं। कार को मुहल्ला कटरा निवासी छत्रपाल का 40 वर्षीय पुत्र नवीन चला रहा था। जब इनकी कार हाइवे पर बिजौरा ढाल के पास पहुंची तो हाइवे पर यात्रियों को उतार रही रोडवेज बस में पीछे से टकरा गयी। इस दर्दनाक हादसे में महिला पुष्पा देवी और चालक नवीन की मौके पर ही मौत हो गयी, वहीं सुमित अग्रवाल घायल हो गया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को घटनास्थल से सीधे मोर्चरी भिजवा दिया और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। उधर घटना की जानकारी मिलते ही परि. जनों में चीख पुकार मच गई।

## कबूतरों के रूपये मांगने पर मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र के दीपपुर गांव निवासी अक्षय दीप सागर कबूतर पालने का काम करते हैं एक सप्ताह पूर्व मीलक गौसपुर गांव निवासी रजा उनसे 17 कबूतरों के 6800 रुपये में खरीद कर शाम को पैसे देने का वादा कर ले गया पैसे नहीं देने पर सोमवार को रजा के घर पहुंच कर अपने बेचे गए कबूतरों के रुपये मांगने पहुंचा तो रजा ने जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया लोगों को आता देख जानसे मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया घायल अक्षय दीप सागर ने थाने पहुंच कर तहरीर दी पुलिस ने पीड़ित अक्षय दीप सागर को उपचार के लिए जोया सीएचसी पर भर्ती कराया पुलिस मामले की जांच कर रहे हैं।

# नाबालिग से रिश्तेदार ने किया दुष्कर्म

### पकड़े जाने पर मां को धक्का देकर हुआ फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। मजदूर की नाबालिग बेटी को घर में अकेला देख रिश्तेदार ने हत्या की धमकी देते उसके साथ दुष्कर्म किया। मां ने दोनों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। युवक किशोरी की मां को धक्का देकर वहां भाग गया। रिपोर्ट दर्ज कराने को पुलिस को तहरीर दी गयी है।

मामला कस्बा जोया के एक मोहल्ले का है। यहां पर मजदूर का परिवार रहता है। पति-पत्नी दोनों एक फैक्ट्री में मजदूरी करते हैं। रविवार को पति-पत्नी मजदूरी करने गए थे। घर पर उनकी 15 वर्षीय बेटी मौजूद थी। आरोप है कि शाम को रिश्तेदार युवक राहिल घर आ गया। उसने किशोरी को अकेला पाकर उसे जान से मारने की धमकी देकर साथ दुष्कर्म किया। इसी दौरान किशोरी की मां आ गई तथा दोनों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। पकड़े जाने पर आरा. ेपी किशोरी की मां को धक्का देकर भाग गया।। घटना के बाद रात में ही पीड़ित परिवार ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी थी। उधर, ये भी चर्चा है कि आरोपी युवक के परिजन व किशोरी की मां के बीच पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद भी चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान ने बताया कि मामले में राहिल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## राष्ट्रवाद व विकास की जीतः डा. ढिल्लो



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की जीत के उपलक्ष्य में शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो के आवास पर जश्न मनाया गया। पक्का बाग स्थित शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो के आवास पर भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में मिली ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ खुशी जाहिर करते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि यह जीत राष्ट्रवाद, सुशासन और विकास की नीतियों की जीत है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और मजबूत नेतृत्व के कारण देशभर में भाजपा के प्रति विश्वास लगातार बढ़ रहा है।

# खेत में लटका मिला मयूरी चालक का शव

### घरेलू विवाह में आत्महत्या की आशंका, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पृथ्वीपुर गांव में सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब खेत में एक पेड़ से 34 वर्षीय युवक का शव लटका मिला। मृतक की पहचान मनोज कुमार यादव के रूप में हुई है, जो गांव में रहकर मयूरी चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता था। सूचना पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। शुरुआती जांच में घरेलू विवाद की बात सामने आ रही है, जिसके चलते आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की तैयारी कर रही है।



34 वर्षीय मृतक मनोज कुमार यादव क्षेत्र के ही गांव पृथ्वीपुर निवासी महावीर यादव का बेटा था। 12 साल पहले मनोज की शादी रूपाली नाम की युवती से हुई थी लेकिन दो साल बाद ही ससुराल छोड़कर चली गई थी। परिवार में सिर्फ 10 साल का बेटा प्रशांत जो पानीपत की प्राइवेट कंपनी में काम करने वाले दादा महावीर सिंह के साथ रहता है। उनकी एक बेटी मो. निका है जिसकी शादी हो चुकी है। मनोज गांव में ही रहते हुए मयूरी चलाकर अपनी आजीविका चलाता था। घटना सोमवार सुबह करीब दस बजे की है। गांव में ही जंगल के रास्ते से गुजर रहे लोगों ने खेत में एक पेड़ पर युवक का शव लटका देखा, जिसकी पहचान मनोज कुमार के रूप में हुई। खबर गांव में फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र यादव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। रस्सी के सहारे पेड़ से लटक रहे शव को नीचे उतारने के बाद कब्जे में ले लिया। एसपी लखन सिंह यादव के निर्देश पर फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि मौत का कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। शुरुआती जांच में घरेलू विवाद भी सामने आ रहा है। इस आधार पर माना जा रहा है कि युवक द्वारा आत्महत्या की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व परिजनों की तहरीर के आधार पर मामले में जांच व अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# दस दिन से लापता किशोर की बरामदगी की मांग

### परिजनों ने एसपी से लगाई गुहार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। दस दिन से लापता किशोर की बरामदगी की मांग को परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है।

मोहल्ला सराय कोहना निवासी विनोद का 16 वर्षीय बेटा कुनाल बीती 25 अप्रैल से लापता है। जिसको लेकर परिजन चिंतित है। परिजनों का आरोप है कि किशोर को आखिरी बार मोहल्ले के रहने वाले गुड्डू नाम के व्यक्ति ने बुलाया था, जिसके बाद से वह घर नहीं लौटा। किशोर की मां ने गुड्डू पर संदेह व्यक्त करते कहा कि उनका बेटा उसी के बुलाने पर गया था और उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल रहा है। परिजनों ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले है लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। आरोप है कि शिकायत दर्ज कराने के बाद भी पुलिस गंभीर नहीं है। सोमवार को परिजन पुलिस कार्यालय पहुंचे और एसपी को पूरे घटना क्रम से अवगत करा ,जल्द बेटे की बरामदगी की गुहार लगाई। इस मौके पर राजेश्वरी, कोमल, दुर्गेश, डोली, शशि, पूनम, राजवीर आदि लोग शामिल रहे।

# महिलाओं ने उठाई शराब की दुकान बंद कराने की मुहिम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। शराब की दुकान बंद कराने की मांग को लेकर महिलाओं का गुस्सा भड़क गया। उन्होंने शराब की दुकान पहुंचकर दुकान का शटर गिरा दिया और नारेबाजी करके शराब की दुकान का विरोध जताया। महिलाओं का कहना था कि शराब की दुकान के कारण गांव के लोगों में नशे की प्रवत्ति बढ़ती जा रही है तो वहीं शराब पीने वाले लोग आये दिन आती जाती महिलाओं और छात्राओं के प्रति भी गलत टिपण्णी करते हैं।

**■ पुलिस ने आक्रोशित महिलाओं को समझ बुझाकर किया शांत**

सोमवार की थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर गौसाई में महिलाएं एकत्र होकर शराब की दुकान पर पहुंची और दुकान का शटर गिराकर बंद करा दिया। महिलाओं का आरोप है कि शराब पीने वाले लोग आने-जाने वाली महिलाओं को बुरी नजर से देखते हैं और कहीं भी खड़े होकर लघुशंका करने लगते हैं, जिससे काफी समस्या बनी रहती है। इतना ही नहीं शराबी एक दूसरे के साथ गाली गलौच करते हैं और आए दिन मारपीट भी होती रहती है। महिलाओं ने जिलाधिकारी और आबकारी विभाग से शराब की दुकान को यहाँ से हटवाने की मांग की है, वहीं प्रधान ओमकार सैनी ने भी महिलाओं के हस्ताक्षर कराके जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजा है। बताया है कि जहा पर शराब की दुकान है, वहां के आसपास दो विद्यालय भी स्थित हैं। इस मौके पर अनीता, शकुंतला, मिथिलेश, आशा, राजवती, अंगूरी, कृष्णा देवी, रीना, सविता, ब्रह्म सिंह, लकी, संजीव आदि मौजूद रहे।




# कालेज में पालतू कुत्ते ने छात्र पर बोला हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। एक कॉलेज परिसर में पालतू कुत्ते के हमले से छात्र के घायल होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजनों ने कॉलेज प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। डिडौली क्षेत्र के ग्राम पतेई खालसा निवासी छात्र दीपांशु पिपिल पुत्र वेद प्रकाश सिंह पिपिल सोमवार को लगभग सवा 11 बजे परीक्षा फॉर्म जमा करने के लिए लैंडमार्क कॉलेज पहुंचे थे। आरोप है कि जैसे ही वह कॉलेज परिसर में प्रवेश कर रहे थे, तभी वहां मौजूद कॉलेज प्रशासन का पालतू कुत्ता अचानक उन पर झपट पड़ा और उनके दोनों पैरों में काट लिया। अचानक हुए हमले से छात्र बुरी तरह घबरा गया और घायल हो गया। परिजनों ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि परिसर में पालतू कुत्ते को खुले में छोड़ना गंभीर लापरवाही है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# हाइवे पर डिवाइडर से टकराकर पलटी कार

## चालक घायल, हाइवे पर बने जाम के हालात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रजबपुर थाना क्षेत्र में हाईवे पर रविवार देर रात दिल्ली से मुरादाबाद जा रही एक कार बाईपास के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस घटना से हाईवे पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार तेज रफ्तार में थी और अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। दुर्घटना के कारण कुछ देर के लिए हाईवे पर यातायात भी प्रभावित हुआ। घटना की सूचना मिलते ही नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हाइवे चौकी प्रभारी लोकेंद्र भाटी ने बताया कि पुलिस टीम भी तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। उन्होंने पुष्टि की कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। फिलहाल, हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि वाहन के अनियंत्रित होने के कारण दुर्घटना हुई।

# जनगणना से कार्यमुक्त किए जाएं प्रधानाचार्य

## कलक्ट्रेट में जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद ने जनगणना में माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यो को कार्यमुक्त करने की मांग को कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा। सोमवार को प्रधानाचार्य कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि माध्यमिक विद्यालयों के समस्त शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यो की ड्यूटी जनगणना कार्य में लगायी गयी है और सभी की सकुशल ट्रेनिंग भी सम्पन्न हो रही है। एक अप्रैल से नए सत्र का शुभारंभ हुआ है। तभी से प्रतियोगी परीक्षाएं विद्यालयों में संचालित हो रही हैं। दूसरे विद्यालयों के लगभग सभी शिक्षक परीक्षा केन्द्रों पर ड्यूटी कर रहे हैं। अप्रैल माह में होमगार्ड ड्यूटी, जनगणना ट्रेनिंग व मई के प्रारम्भ में ही जेई सिविल की परीक्षा और आगामी 13 मई से बीस मई तक डीएलएड की परीक्षाएं हैं जिसमें विद्यालय पूर्णत: बंद रहता है। उन्होंने मांग की कि माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य को जनगणना के कार्य से मुक्त किया जाये। ज्ञापन पर गुरनाम सिंह, चन्द्रपाल सिंह, भूकन सिंह, विनोद कुमार, मोहम्मद अहसान, धर्मपाल सिंह, जाग. नलाल आदि के हस्ताक्षर हैं।

# ट्यूबवैल चलाते किसान की करंट लगने से मौत

## परिजनों में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** खेत की सिंचाई करने गये किसान की करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है

रविवार की रात घ्खेतों की प्यास बुझाने निकला एक अन्नदाता खुद काल के गाल में समा गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव भैंसरोली निवासी हरिराज पुत्र यादराम घर से यह कहकर निकला था कि वह खेत की सिंचाई करने जा रहा है। जैसे ही उसने ट्यूबवेल के स्टार्टर को चालू किया। उसमें उतरे जोरदार करंट की चपेट में वह आ गया। करंट इतना भीषण था कि किसान को संभलने का मौका तक नहीं मिला। आनन-फानन में परिजन और आसपास के लोग उसे लेकर चिकित्सक के पास पहुंचे लेकिन डॉक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद हरिराज आयु 40 वर्ष मृत घोषित कर दिया। इस खबर के मिलते ही घर में चीख-पुकार मच गई। मृतक अपने पीछे पत्नी और तीन मासूम बच्चों को रोता-बिलखता छोड़ गया है। जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। इस हादसे ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है।

# आंधी से पेड़ उखड़कर गिरा, तीन वाहन हुए क्षतिग्रस्त



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के फाजलपुर फाटक के पास आंधी के कारण एक पेड़ और उखड़ कर गिर गया। पेड़ की चपेट में आकर तीन वाहन भी मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हो गए, हालांकि गनीमत रही कि कोई व्यक्ति घायल न हुआ। वहीं सड़क पर पेड़ गिरने के कारण काफी देर तक जाम की स्थिति भी बनी रही। मौके पर पहुंची पुलिस ने पेड़ की शाखाओं को हटवा कर यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराई।

बता दें कि सोमवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे नगर के फाजलपुर फाटक पर गढ़वाल एक्सप्रेस को पास कराने के लिए फाटक बंद था।

### गनीमत रही चपेट में नहीं आया कोई व्यक्ति

ट्रेन पास होने के बाद जैसे ही फाटक खुला तो वाहनों का आवागमन शुरू हो गया। इसी दौरान फाजलपुर फाटक से कुछ दूरी पर खड़ा लिप्टिस का एक ऊंचा पेड़ उखड़ कर गिर गया। पेड़ की शाखाओं की चपेट में आकर एक दूध लदा वाहन, एक ट्रैक्टर और एक कार मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि गनीमत रही कि किसी व्यक्ति को चोट नहीं लगी। सड़क पर पेड़ की शाखाएं गिरने के कारण जाम की स्थिति बन गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पेड़ की शाखाओं को हटवा कर यातायात व्यवस्था सुचारू कराई। वहीं पेड़ की शाखा 11 हजार की लाइन पर भी गिर गई। इस कारण काफी देर तक लाइट गुल रही।

# टोल कर्मी की मौत में चालक पर मुकदमा

## दो दिन पूर्व हादसे में हुई थी मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रजबपुर थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। हादसे में एक बाइक सवार टोल कर्मी की मौत हो गई थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना अतरासी-हसनपुर मार्ग पर गैस एजेंसी रसूलपुर और ग्राम फैयाजनगर के बीच हुई थी। मृतक की पहचान जमापुर गांव निवासी 32 वर्षीय अरुण कुमार के रूप में की गई थी। अरुण अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से ग्राम घरोठ से घर लौट रहा था। वह स्थानीय टोल प्लाजा पर नौकरी करता था। तहरीर के मुताबिक तेज रफ्तार कार ने लाप. रवाही से विपरीत दिशा में आकर अरुण की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी थी, हादसे में अरुण गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल अरुण को उपचार के लिए ले जाया जा रहा था, लेकिन जोया टोल प्लाजा के पास दम तोड़ दिया था। अरुण के बड़े भाई विपिन कुमार की ओर से रजबपुर पुलिस को तहरीर दी गई थी। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी चालक को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एक नजर

### ताईक्वांडो में अमरोहा के खिलाड़ियों का जलवा




**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** नजीबाबाद में आयोजित 15वीं इंटर स्कूल ताइक्वांडो चौंपियनशिप में अमरोहा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। अबू सुफियान, परीक्षित सिंह, शाजान और काशवी बहरवाल ने स्वर्ण, जबकि हंजाला व शाक्य बहरवाल ने रजत पदक जीते। मोहम्मद उजेर मंसूरी, मोहम्मद हम्माद और अकिब अली ने कांस्य पदक हासिल किए। इस उपलब्धि के साथ ही सभी विजेता खिलाड़ी 13 मई को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में होने वाली नेशनल ताइक्वांडो चौंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। खास बात यह है कि इस प्रतियोगिता में अमरोहा ताइक्वांडो फाउंडेशन के कोच अकबरुद्दीन भी 'अंडर-65' कैटेगरी में प्रतिभाग करेंगे। खिलाड़ियों की सफलता पर जिले में खुशी का माहौल है।

### उधारी के रूपये मांगने पर युवक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता** थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी युवक द्वारा उधार के बीस हजार रूपये मांगने पर तीन भाइयों ने मारपीट करके घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव मोकरकापट्टी निवासी दानिश ने कुछ समय पूर्व गांव निवासी सुहैल, आजम और फैजान को 20 हजार रूपये उधार दिए थे। जब भी दानिश इनसे पैसे मांगता था वे टालमटोल करते थे। 03 मई को दानिश को इन तीनों भाइयों ने फोन करके बुलवाया और मारपीट करके घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# 109 बकायेदारों पर चला पालिका का डंडा

## 28 लाख की वसूली को आरसी जारी

**'सुमित अग्रवाल'**

**मंडी धनौरा।** नगर पालिका परिषद ने गृहकर और जलकर के बकायेदारों के खिलाफ सख्त अभियान छेड़ दिया है। लंबे समय से टैक्स जमा न करने वालों पर कार्रवाई करते हुए पालिका ने 109 बकायेदारों के खिलाफ आरसी (रिकवरी सर्टिफिकेट) जारी कर दी है। इन सभी मामलों की रिपोर्ट जिलाधिकारी को भी भेज दी गई है, जिससे वसूली की प्रक्रिया और तेज हो सके।

अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार यादव ने बताया कि चिन्हित किए गए बकायेदारों पर कुल करीब 28 लाख रुपये का बकाया है। पालि. का की ओर से पहले कई बार नोटिस जारी कर लोगों से टैक्स जमा करने की अपील की गई थी, लेकिन इसके बावजूद अधिकांश बकायेदारों ने लापरवाही बरती। ईओ ने साफ कहा कि अब ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। आरसी जारी होने के बाद राजस्व विभाग के माध्यम से वसूली की कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर कुर्की की कार्रवाई भी अमल में लाई जा सकती है। पालिका प्रशासन का कहना है कि टैक्स से ही शहर की साफ-सफाई, जल आपूर्ति और अन्य जरूरी सेवाएं संचालित होती हैं। ऐसे में टैक्स न जमा करने से विकास कार्य प्रभावित होते हैं। नगर पालिका ने सभी बकायेदारों को अंतिम चेतावनी देते हुए कहा है कि वे जल्द से जल्द अपना बकाया जमा कर दें, अन्यथा सख्त कार्रवाई के लिए तैयार रहें। साथ ही नियमित करदाताओं से भी अपील की गई है कि वे समय पर कर जमा कर नगर के विकास में सहयोग करें।

# 495 किसानों को 36.30 लाख की क्षतिपूर्ति

## फसल बीमा योजना का मिला लाभ, कलकट्रेट में हुआ कार्यक्रम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 495 किसानों को 36.30 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति राशि डीबीटी के माध्यम से वितरित की गई। कार्यक्रम कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित हुआ, जहां किसानों को योजना की विस्तृत जानकारी भी दी गई। केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा प्रायोजित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अंतर्गत सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें खरीफ 2025-26 एवं रबी 2026 सीजन की बीमित फसलों के नुकसान का क्लेम भुगतान किसानों को किया गया। कार्यक्रम में 495 किसानों को कुल 36 लाख 30 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से उनके खातों में भेजी गई। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी सहित कृषि विभाग के अधिकारी एवं इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि मौजूद रहे। अधिकारियों ने किसानों को बताया कि योजना के तहत सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि, तूफान, जलभराव, आकाशीय बिजली, कीट व रोग जैसी प्राकृतिक आपदाओं से फसल को हुए नुकसान पर बीमा कवर प्रदान किया जाता है। साथ ही बुवाई न हो पाने, खड़ी फसल के नुकसान और कटाई के बाद 14 दिन तक की क्षति को भी योजना में शामिल किया गया है।

### आतिशबाजी छोड़ भाजपाईयों ने मनाया जश्न



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** तीन राज्यो में भाजपा की प्रचंड जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्य चौराहे पर आतिशबाजी छोड़ व मिठाई बाट खुशी का इजहार किया कस्बे में मुख्य चौराहे पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता जमा हुए। यहां पहले आतिशबाजी छोड़ी गई उसके बाद मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया। बंगाल में पहली बार बम्पर जीत पर विजय पांडेय ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में चुनाव में तीन राज्यो में भाजपा की आंधी में सब उड़ गए है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, विजय पांडेय, विजयवीर सिंह, जितेंद्र सिंह, विजय सिंह, अमित गुप्ता, सुभम चौधरी, आशु विश्वकर्मा, रवि कुमार, सुखबन्त सिंह, मीनू गुप्ता, पारुल अग्रवाल, सीमा चौधरी आदि मौजूद रहे।

# शराब के नशे में धुत युवकों की दबंगई

## कार रोककर युवक को परिजनों के सामने पीटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सरपंच लिखी ब्लैक स्कॉर्पियो से उतरे दो लोगों ने कार में परिवार के साथ सवार युवक के साथ बीच सड़क मारपीट की। हादसे की परवाह किए बगैर खतरनाक तरीके से ओवरटेक किया और स्कॉर्पियो को कार के आगे खड़ा कर दिया। जिससे राहगीरों में भी अफरातफरी मच गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एक नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना शनिवार रात करीब 10 बजे की है। क्षेत्र के गांव हुमायूं नगर निवासी धीरेंद्र सिंह सिरोही अपने बच्चों के साथ अमरोहा शहर से खरीदारी कर घर लौट रहे थे। रजबपुर से हुमायूं नगर जाते समय कमल की दुकान के सामने एक ब्लैक स्कॉर्पियो, जिस पर सरपंच लिखा था, उनके वाहन के आगे आकर रुक गई। स्कॉर्पियो में सवार दो व्यक्ति गाड़ी से उतरे और धीरेंद्र सिंह से गाली-गलौज करने लगे। उन्होंने धीरेंद्र से अपनी गाड़ी पीछे करने को कहा, यह दावा करते हुए कि पहले उनकी गाड़ी निकलेगी। धीरेंद्र ने बताया कि उन्होंने स्कॉर्पियो के लिए पर्याप्त जगह छोड़ रखी थी। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि आरो. पियों के मुंह से शराब की गंध आ रही थी। आरो. पियों ने धीरेंद्र सिंह को गाड़ी से खींचकर बाहर निकाला और लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। धीरेंद्र की भाभी, पत्नी और भतीजी सहित वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर उन्हें आरोपियों से बचाया। इसके बाद दोनों आरोपी अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गए। धीरेंद्र सिंह ने पूरे मामले की लिखित शिकायत रजबपुर थाने में दी। प्राप्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने एक नामजद और एक अज्ञात युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### समस्याओं के समाधान को भाकियू ने भरी हुंकार



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन (भारत भूमि) ने किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर मोर्चा खोल दिया है। जिलाध्यक्ष शमशेर अली सैफी के नेतृत्व में संगठन ने किसानों के हितों के लिए अपनी आवाज बुलंद की है। संगठन के जिला अध्यक्ष शमशेर अली सैफी ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में किसान कई मोर्चों पर संघर्ष कर रहा है। खाद, बीज और खेती के उपकरणों की बढ़ती कीमतों को तत्काल कम किया जाये ताकि किसानों की लागत घट सके। घ्खेतों में हो रही बिजली कटौती पर रोक लगाई जाये। इस अवसर पर हाजी यामीन, अफसर अली, अब्दुल कादिर, इरशाद राजा, रिहान, राजा हुसैन, मोहम्मद अफसर, शोएब, फिरासत, फहद, मोहम्मद अली, सलीम आदि मौजूद थे।

# आंधी व तेज बारिश से मौसम हुआ सुहावना

## जोया में दस घंटे गुल रही बिजली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** तेज आंधी व बारिश से एक ओर जहां मौसम सुहावना हो गया वहीं पूरी रात लाइट न आने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर पेड़ गिरने से सारी रात विद्युत आपूर्ति बाधित रही।

बीती रात दो बजे तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गयी। जो सारी रात पड़ती रही। बारिश व आंधी के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित हो गयी। जोया के मोहल्ला जोई में सारी रात लाइट के दर्शन नहीं हुए। बताया जा रहा है कि आंधी के चलते ट्रांसफार्मर में फाल्ट हो गया जिसे दूर करने में कर्मियों को करीब दस घंटे का समय लगा। लाइट न आने से पानी की समस्या भी पैदा हो गयी। जबकि बारिश से मौसम सुहावना हो गया। उधर कई स्थानों पर पेड़ गिरने से आधे शहर की बिजली पूरी रात बाधित रही।

# सपाईयों को लगा जोर का झटका

## बंगाल में पहली बार जीत के बाद भाजपाईयों के हौंसले बुलंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** अगले वर्ष प्रदेश की सत्ता पर काबिज होने के सपने देख रहे सपाईयों के लिए यह जोर का झटका है। पश्चिमी बंगाल समेत तीन राज्यों में भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनने से भाजपाईयों के हौंसले बुलंद हैं।

बताते चलें कि 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में सपा ने कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था तथा दोनों दलों ने मिलकर 80 में से 43 सीटे जीतकर भाजपा को भारी चोट पहुंचायी थी। तभी से सपा के हौंसले बुलंद थे तथा उसे उम्मीद लग रही थी कि 2027 के विधानसभा चुनाव में वह कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ प्रदेश की सत्ता पर काबिज हो जायेगी। परन्तु आज हुई मतगणना से पश्चिमी बंगाल, आसाम व पंडुचेरी में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापस हुई है। सबसे ज्यादा खुशी उसे पश्चिमी बंगाल में मिली। जहां 15 साल से काबिज ममता बनर्जी को उखाड़ भाजपा ने वहां रिकार्ड जीत दर्ज की। इससे भाजपाईयों के हौंसले बुलंद हैं। सपा के

### सत्ता चाहिए तो अखिलेश को अपनी रणनीति बदलनी होगी

पास ममता जैसा कोई नेता मौजूद नही हैं 15 साल सत्ता में रहने के बावजूद टीएमसी अपने कार्यकर्ताओं में जोश भरने में कामयाब रहीं। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि चुनाव में भाजपा ने जमकर धांधली की। चुनाव आयोग से मिलकर पहले 27 लाख वोट काट दिये गये। वहीं प्रदेश की सत्ता में नौ साल से काबिज भाजपा सरकार ने कई बार सपाईयों पर उत्पीड़न किया परन्तु एक मौका भी ऐसा नही आया कि अखिलेश सड़क पर उतरे हों। आजम खां पिछले कई सालों से जेल में बंद हैं परन्तु कभी भी अखिलेश की पार्टी ने आजम को लेकर कोई आंदोलन नहीं किया। कई विधायकों, सांसदों व पार्टी के वरिष्ठ नेताओं पर भाजपा सरकार द्वारा जमकर जुल्म ढहाये गये। परन्तु सपा की हिम्मत सड़क पर उतरने की नहीं हुई। 2012 में सपा को सत्ता मुलायम सिंह यादव के नाम पर मिली थी। परन्तु उन्होने अपने बेटे अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बना दिया। जब तक अखिलेश व सपा सड़क पर उतरकर सरकार की जनवि. रोधी नीतियों का विरोध नहीं करेंगे तब तक पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश नहीं भरेगा तथा न ही उन्हें सत्ता नसीब होगी। सपा को अगर सरकार बनानी है तो उसके लिए उसे अपनी रणनीति फिर से बनानी होगी। तभी वह अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को टक्कर दे सकती है।

### किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी 15 वर्षीय किशोरी को एक युवक बहला फुसलाकर लेकर फरार हो गया। किशोरी कॉलेज से मार्कशीट लेने की बात कहकर घर से निकली थी, और वापस घर नहीं पहुंची। पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए किशोरी की बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार किशोरी 02 मई को अपने गांव से नगर स्थित एक इण्टर कॉलेज में मार्कशीट लेने की बात कहकर घर से आई थी और वापस घर नहीं लौटी। स्वजनों ने वह मोबाइल नंबर तलाशा जिसपर वह सबसे ज्यादा बात करती थी। पिता ने उसी मोबाइल धारक के विरूद्ध पुलिस को तहरीर देकर पुत्री को ले जाने का सन्देह जताते हुए बरामदगी की गुहार लगाई। पुलिस ने आरोपित के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### जुआ खेलने का वीडियो बनाने के शक में पथराव

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के ढकिया चमन गांव में जुआ खेलने की वीडियो बनाने के शक में गाली-गलौज और पथराव का मामला सामने आया है। घटना में एक महिला घायल हो गईद्य जिसने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है।गांव निवासी शवाना सोमवार को खेत पर जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में बगिया के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे थेद्य जिनकी किसी ने वीडियो बना ली। इसी बात को लेकर भूरा, शौकीन और अयान को शवाना पर शक हो गया। आरोप है कि तीनों ने गाली-गलौज करते हुए भूरा ने मकान की छत पर चढ़कर शवाना पर पथराव शुरू कर दियाद्य जिससे वह घायल हो गई।घटना के बाद पीड़ित थाने पहुंची और आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# धामपुर में 'खतरे के पेड़' बन रहे जानलेवा

## सड़क किनारे खड़े सूखे और जर्जर पेड़ों से भय, लगातार बढ़ रहा आक्रोश







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दुर्गा विहार कॉलोनी से राजपूताना तक सड़क चौड़ीकरण के दौरान एनसीसी ऑफिस के पास पेड़ गिरने से हुई एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत के बाद भी हालात जस के तस हैं। जिम्मेदार वन विभाग और पीडब्ल्यूडी के बीच तालमेल की कमी का खामियाजा आम नागरिक भुगत रहे हैं। सड़क किनारे खड़े सूखे और जर्जर पेड़ अब भी किसी बड़े हादसे का इंतजार करते नजर आ रहे हैं, जिससे लोगों में भय के साथ-साथ आक्रोश भी लगातार बढ़ रहा है।

गौरतलब है कि रविवार को ग्राम सुहागपुर निवासी नरेश कुमार की पेड़ गिरने से हुई मौत ने पूरे इलाके को झकझोर दिया था। एक पिता, जो अपनी बेटी को ससुराल छोड़कर लौट रहा था, वह कभी घर नहीं पहुंच पाया। इस दर्दनाक घटना के बाद नागरिकों को उम्मीद थी कि प्रशासन तुरंत जागेगा और खतरा बने पेड़ों को हटाने की कार्रवाई करेगा। लेकिन आज शाह टाइम्स की टीम द्वारा किए गए जमीनी निरीक्षण में जो तस्वीर सामने आई, वह बेहद चिंताजनक है।

दुर्गा विहार कॉलोनी से आगे पालिका के पूर्व चेयरमैन राजू गुप्ता के घर के पास दो सूखे पेड़ खड़े हैं, जो हल्की हवा में भी झूलते नजर आते हैं। चंदन साड़ी वालों के मकान के बाहर भी दो जर्जर पेड़ खड़े हैं, जो किसी भी वक्त गिर सकते हैं। नगीना चौराहे पर इरशाद की दुकान के सामने खड़ा पेड़ तो पूरी तरह जड़ों से कमजोर हो चुका है, नागरिकों का कहना है कि 'बस एक तेज हवा का झोंका और यह पेड़ सड़क पर आ गिरेगा।'

हैरानी की बात यह है कि जिस स्थान पर हाल ही में हादसा हुआ था, उसके आसपास भी दो-तीन पेड़ अब भी वैसे ही खड़े हैं। इतना ही नहीं, राजपूताना से पहले एक ऐसा दृश्य देखने को मिला, जहां सड़क तो चौड़ी कर दी गई, लेकिन बीच सड़क में खड़े पेड़ को चारों तरफ से घेरकर छोड़ दिया गया। यह पेड़ लगातार दुर्घटना को न्योता दे रहा है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि 'क्या प्रशासन किसी और की जान जाने का इंतजार कर रहा है?' एक बुजुर्ग ने गुस्से में कहा, 'जब तक हादसा नहीं होता, कोई नहीं जागता और जब हो जाता है, तो सिर्फ औपचारिकताएं पूरी की जाती हैं।'

वहीं कुछ लोगों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत ऐसे पेड़ों को चिन्हित कर हटाया जाए और विभागीय लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि यह सिर्फ विकास का सवाल नहीं, बल्कि जन-जीवन की सुरक्षा का मुद्दा है।

अब बड़ा सवाल यह है कि, क्या एक और हादसे के बाद ही विभाग जागेगा, या समय रहते इन 'मौत के पेड़ों' को हटाया जाएगा?

# अवैध खनन की डील का वीडियो वायरल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र में अवैध खनन का कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है।

ग्राम धीवरपुरा में हमसाज और गैरजिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत के चलते आधी रात को दर्जनों ट्रैक्टरों को जेसीबी के माध्यम से भरकर खूब राजस्व लूटा जा रहा है। आधी रात के बाद ग्रामीणों का सुकून से सो पाना यहां मुमकिन नहीं है। जिसकी वजह दर्जनों ट्रैक्टरों का शोर है। वहीं ग्राम सलीमपुर में तैनात वन विभाग के एक चौकीदार द्वारा पिता जी की संपत्ति समझकर राजस्व विभाग की मिट्टी का ठेका पंद्रह सौ रुपए प्रति दो ट्राली तय किया जा रहा है। जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर छाई हुई है। ऑडियो में महाशय बताते हैं कि आपका फोन आया, तो दो हजार में बात फाइनल कर लेते हैं। हालांकि बहस करते-करते बात पंद्रह सौ रुपए में फाइनल हुई और वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। वीडियो में हीमपुर दीपा पुलिस की हिस्सेदारी का भी जिक्र किया जा रहा है। जिसमें एक दरोगा को सेट कर लेने की बात कही जा रही है।

उधर इस बारे में तहसीलदार चांदपुर का कहना है कि मामला संज्ञान में नहीं है। मामला दिखवाते है। आरोपितों पर कार्रवाई की जाएगी।

# बोर्ड की बैठक में 50 लाख के कार्य मंजूर

### अतिक्रमण व सफाई पर सख्ती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर पालिका की बोर्ड बैठक में विकास और व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में करीब 50 लाख रुपए के विकास कार्यों को मंजूरी दी गई, जिससे नगर में आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कदम उठाया जाएगा।

बैठक में आगामी बरसात को देखते हुए नालों की तली तक सफाई आउटसोर्सिंग कर्मियों के माध्यम से कराने का प्रस्ताव भी पारित किया गया, ताकि जलभराव की समस्या से निपटा जा सके। इसके साथ ही पालिका ने सख्त रुख अपनाते हुए निर्णय लिया कि सड़कों पर कूड़ा डालने वालों से जुर्माना वसूला जाएगा और अतिक्रमण करने वालों से मौके पर ही चालान किया जाएगा।

पालिका ने समरसेबल के दुरुपयोग को भी गंभीरता से लिया है। इस मुद्दे पर अगली बोर्ड बैठक में ठोस कार्रवाई तय की जाएगी। वहीं सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 15वें वित्त आयोग/राज्य वित्त बोर्ड फंड से एक बड़ा ट्रैक्टर खरीदने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। नगर की सड़कों की स्थिति सुधारने के लिए कई मार्गों पर दोबारा सीसी निर्माण कराने का निर्णय लिया गया।

बैठक में सभासद पुरुषोत्तम अग्रवाल ने खराब पड़े हैंडपंपों की समस्या उठाई, जबकि नामित सभासद सतमीत सिंह ने शहर में स्वागत द्वार बनवाने का प्रस्ताव रखा, जिसे शासन स्तर पर भेजने का निर्णय लिया गया।

बैठक पालिका चेयरमैन रवि चौधरी की अध्यक्षता एवं ईओ रविशंकर शुक्ल के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में रेवेन्यू इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह, अकाउंटेंट सुनील जोशी सहित सभासद संतोष राजपूत, पुरुषोत्तम अग्रवाल, स्मिता सिंह, मनोज गोयल, नदीम अहमद, प्रभात गुप्ता, सुमित महेश्वरी, महताब अहमद, सोनू वाल्मीकि समेत अन्य सभासद एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

पालिका के इन फैसलों से शहर में सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

# पश्चिम बंगाल व असम में जीत पर धामपुर में भाजपाइयों का जश्न

### भगत सिंह चौक पर उमड़ा उत्साह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पश्चिम बंगाल और असम विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार सफलता के बाद धामपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। सोमवार को चुनाव परिणाम घोषित होते ही नगर का माहौल उत्सव में बदल गया। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शहीद भगत सिंह चौक पर एकत्रित हुए और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य किया और आतिशबाजी कर जीत का उत्सव मनाया। इस दौरान 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। नेताओं ने इस जीत को कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास का परिणाम बताया।

भाजपा जिलाध्यक्ष चौहान बॉबी ने कहा कि यह जीत पार्टी की नीतियों और प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर जनता के भरोसे का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि पार्टी देश के विकास और सुशासन के लिए लगातार कार्य करती रहेगी।

इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के मंडल डायरेक्टर राणा प्रियंकर सिंह, भूमि विकास बैंक के मंडल डायरेक्टर महेंद्र धनौरिया, मंडलाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, नागेश्वर दयाल, अनिल शर्मा, राजू गुप्ता, पुरुषोत्तम अग्रवाल, राघव शरण गोयल, जितेंद्र गोयल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सपा जिलाध्यक्ष हनी फैसल का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

### कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष हनी फैसल के पहली बार धामपुर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। सोमवार को वह नौरंगाबाद स्थित पूर्व मंत्री मूलचंद चौहान के कैंप कार्यालय पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-मालाओं से लादकर गर्मजोशी के साथ अभिनंदन किया।

कार्यक्रम के दौरान सपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पूर्व मंत्री मूलचंद चौहान ने कहा कि हनी फैसल के नेतृत्व में जनपद का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी को मजबूत करने में जुटेगा और 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को सफलता दिलाने का कार्य करेगा।

जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने अपने संबोधन में कहा कि उनकी प्राथमिकता संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना और सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर आगे बढ़ना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पार्टी जनता के मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी और हर वर्ग की आवाज बनेगी।

इस मौके पर नसीम राणा, नवनीत राणा, गुरमीत सिंह, आसिफ अंसारी, अरमान अली, कुशलपाल सिंह, हाजी कलाम, सुहेल बाकर, अहमद खिजर, लाल बहादुर सिंह, रविंद्र कुमार राजपूत, महताब, सलाउद्दीन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कृष्णा फार्मेसी में विदाई समारोह धूमधाम से मनाया





### रैम्प वॉक, कैट वॉक, डांस, स्पीच एवं गायन प्रस्तुतियों ने मन मोहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा फार्मेसी कॉलेज में बी.फार्मेसी के विद्यार्थियों द्वारा विदाई समारोह उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम बी.फार्मेसी अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज संस्थापक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, प्रबंध निदेशक पवन कुमार तथा प्राचार्य डा. अंकित कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और अपनी खट्टी-मीठी यादें साझा की। पूरे अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। समारोह में रैम्प वॉक, कैट वॉक, डांस, स्पीच एवं गायन प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। रैम्प पर कैट वॉक को दर्शकों ने खूब सराहा और जमकर हूटिंग भी की। विद्यार्थियों के मनोरंजन के लिए क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में जज की भूमिका मंदीप चिकारा, अंशिका राव तथा राजीवेंद्र कौर द्वारा निभाई गई। कार्यक्रम का संचालन कल्पना चौधरी एवं अदीबा द्वारा किया गया। अंतिम वर्ष के छात्र गौरव को मिस्टर फेयरवेल तथा छात्रा को मिस फेयरवेल के खिताब से सम्मानित किया गया। प्राचार्य डा. अंकित कुमार ने तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा किए गए आयोजन की सराहना की। इस मौके पर कॉलेज के प्राध्यापक मौहम्मद खालिद, मौहम्मद तारिक, शहीर अहमद, दीपक कुमार, नीरज चौहान, सीमा त्यागी, दीपिका पाल, अलका सिंह, डा. अमीन शिफत, डा. दिगंत कुमार, अजीत कुमार तथा रामेंद्र कुमार सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## एक नजर

### विद्या मंदिर में छात्रवृत्ति का वितरण



**धामपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर में छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ओम कृष्णा सामाजिक सहयोग फाउंडेशन के डायरेक्टर एवं वरिष्ठ आयकर अधिवक्ता अशोक कुमार गुप्ता ने वर्ष 2025-26 की छात्रवृत्ति की तीसरी किस्त विद्यार्थियों को वितरित की। कार्यक्रम में गुप्ता ने बताया कि उनका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसी क्रम में वह प्रतिवर्ष लगभग 20 विद्यार्थियों को 500 रुपए मासिक छात्रवृत्ति, पुस्तकें एवं विद्यालय वेश प्रदान करते हैं। इस वर्ष भी सरस्वती विद्या मंदिर धामपुर, शिशु मंदिर धामपुर तथा शिशु व विद्या मंदिर नहटौर के कुल 19 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ दिया गया। छात्रवृत्ति पाकर विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी। कार्यक्रम में शिक्षकों ने कहा कि इस प्रकार की पहल से न केवल विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ता है, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश भी जाता है। उन्होंने गुप्ता के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया। इस मौके पर प्रधानाचार्य हेमेंद्र, पूर्व उपप्रधानाचार्य राधाकृष्ण कटियार, शिशु मंदिर के आचार्य भूपेंद्र जी सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### दवाई लेने पहुंचे भाई-बहन से मारपीट



**चांदपुर।** ग्राम शाहपुर भसौड़ी निवासी डालचंद अपनी बहन मुकेश देवी के साथ जलीलपुर स्थित कुमार मेडिकल स्टोर से दवाई लेने के लिए आया था। दवाई लेने के बाद जब उसने मेडिकल स्वामी से दवाई का बिल पर्चा मांगा तो उसे छह सौ रुपए का बिला पर्चा थमा दिया गया। जिसे व कुछ कम कर लेने का कहने लगा। आरोप है कि इसी बात को लेकर मेडिकल स्वामी ओमकार व भाई धार्मपाल ने दोनों भाई बहनों के साथ न सिर्फ गाली-गलौच की बल्कि उन्हें जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर उनके साथ मारपीट की। ग्राम शाहपुर भसौड़ी निवासी डालचंद ने इस बाबत एक प्रार्थना पत्र पुलिस को देकर आरो. पियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की है। देर सांय घटी इस घटना के सम्बंध में पुलिस ने तहरीर मिलने की बात कहते हुए जांचोपरांत कार्यवाही की बात कही है।

### क्रिटिकल केयर यूनिट भवन का निरीक्षण



**बिजनौर।** आयुक्त एवं निबंधक, सहकारिता उ.प्र. नोडल अधिकारी योगेश कुमार द्वारा आज मेडिकल कॉलेज के निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर यूनिट भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भूतल से टेरिस तक चार मंजिला भवन का बारीकी के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने भवन में प्रयोग होने वाली निर्माण सामग्री मानकों के अनुरूप अच्छी गुणवत्ता की पाए जाने पर संतोष व्यक्त किया गया। निर्माण कार्य में प्रयोग होने वाली ईंटों पर सफेदी पाए जाने पर अधिशासी अभियंता आरईएस द्वारा बताया गया कि भट्टों में ईंटों के पकाने के लिए बिजली का प्रयोग किया जा रहा है, जिसके कारण ईंटों में सफेदी की शिकायत है। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को ईंटों की लैब जांच करने के निर्देश दिए। इसके बाद उनके द्वारा महादेवपुरम स्थित जल निगम नगरीय द्वारा निर्माणाधीन पाइप पेयजल परियोजना का निरीक्षण किया गया। उन्होंने अधिशासी अभियंता की लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि थर्ड पार्टी के रूप में निर्माण सामग्री एवं संबंधित उपकरणों की गुणवत्ता का निर्धारित मानकों के अनुरूप निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के बाद नोडल अधिकारी योगेश कुमार द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सहकारिता विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर विभाग के कार्यों को पूर्ण गंभीरता एवं मानक के अनुरूप पूर्ण करने की निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीडीओ रणविजय सिंह, सीएमओ डा. कौशलेंद्र सिंह, उपायुक्त एनआरएलएम, अधिशासी अभियंता लोनिवि, ग्रामीण अभियान, जल निगम शहरी एवं ग्रामीण सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### भाजपाईयों ने मनाया जश्न



**कोतवाली देहात।** भारतीय जनता पार्टी को पश्चिम बंगाल तथा असम राज्यों में प्रचंड जीत मिलने पर मोहित त्यागी के प्रतिष्ठान पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी मनाई। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुभाष ने शर्मा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह भाजपा कार्यकर्ताओं की जीत है। यह कार्यकर्ताओं के खून पसीने की मेहनत का रंग है, जो भगवा रूप में आज पश्चिम बंगाल में कमल के रूप में खिला है। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। कार्यक्रम में विनीत चौधरी, रॉबिन चौधरी, सोनू विश्नोई, ऋषि त्यागी, जितेंद्र मास्टर, डा. जितेंद्र कौशिक, त्यागी, ऋषिपाल सिंह, हैदर अली, मास्टर रामप्रसाद आदि मौजूद रहे।

# मकान में लगी भीषण आग, पिता-पुत्री की मौत, 10 झुलसे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पल्लवपुरम थाना क्षेत्र के कृष्णानगर डोरली में रविवार देर रात करीब 2 बजे एक मकान में भीषण आग लग गई। हादसे में पिता और पुत्री की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि परिवार के अन्य 10 सदस्य गंभीर रूप से झुलस गए हैं।

जानकारी के अनुसार मकान में टेंट हाउस का सामान रखा हुआ था, जिसमें आग लगने के बाद तेजी से लपटें पूरे घर में फैल गईं। आग रसोई तक पहुंच गई और वहां रखे सिलिंडरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि गनीमत रही कि सिलिंडर फटे नहीं, वरना बड़ा विस्फोट हो सकता था।

घायलों ने बताया कि घर के बाहर और दरवाजे के पास रखा सामान आग पकड़ने से निकलने का रास्ता बंद हो गया। धुएं के कारण सभी लोगों का दम घुटने लगा और वे बेहोश हो गए। बाद में पुलिस और फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर सभी को बाहर निकाला।

सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान सागर (35) और उसकी 8 वर्षीय पुत्री शिवानी उर्फ लाली की मौत हो गई। अन्य घायलों का इलाज जारी है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद समय पर एम्बुलेंस नहीं पहुंची, जिसके चलते पुलिस वाहनों से घायलों को अस्पताल पहुंचाना पड़ा। सीओ दौराला प्रकाश चंद्र अग्रवाल के अनुसार प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई गई है।



## चोरी के माल के साथ दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** सोमवार को जानी थाना पुलिस ने घर में चोरी करने वाले एक व्यक्ति को दबोच लिया और चालान कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार दो सप्ताह पूर्व शाहिद जानी खुर्द निवासी ने जानी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है कि उसके घर से कीमती सामान सोने की अंगूठी व 20 हजार रुपये चोरी हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी जिसमें आज हलका इंचार्ज शिवकुमार शर्मा ने मुखबिर की सूचना पर सोयेब पुत्रा गुल्लू उर्फ शोएब निवासी सरूरपुर शिवाय को सोमवार को गंग नहर पटरी से दबोच लिया और उसको गिरफ्तार कर लिया जब उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। उसके पास से चोरी का माल भी बरामद हुआ, आरोपी को चालान कर जेल भेज दिया।

# दौराला बाजार में व्यापारियों ने मनाया भाजपा की जीत का जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिम बंगाल एवं असम में भारतीय जनता पार्टी को प्राप्त यह प्रचंड जनादेश जनविश्वास, सुशासन और विकास के प्रति जनता की अटूट आस्था का सशक्त प्रमाण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी नेतृत्व एवं मार्गदर्शन एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की संगठनात्मक दृढ़ता तथा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की सुविचारित रणनीतियों के फलस्वरूप यह ऐतिहासिक विजय साकार हुई है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि में समर्पित कार्यकर्ताओं की अथक साधना और जन-जन के विश्वास की निर्णायक भूमिका रही है, जिसके लिए सभी का हृदय से अभिनंदन एवं आभार। दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला के नेतृत्व में दौराला बाजार में व्यापारियों ने जीत का जश्न मनाया ढोल नगाड़े बजाकर मिठाई खिलाकर आतिशबाजी कर जीत की खुशी मनाई। इस दौरान गन्ना समिति डायरेक्टर हरेंद्र चौधरी, मंडल महामंत्री रवि पूनिया,शिवम गर्ग, प्रदीप गर्ग, मनोज शर्मा, संजीव अग्रवाल, संजय गुप्ता, रामवीर अहलावत, सचिन उपाध्याय,अंकुर गुप्ता सुशील गुप्ता, आनंद अनुभव गुप्ता, विशु गुप्ता, संजय नामदेव, प्रदुमन जैन, विपिन विहान, ओम प्रकाश विश्वकर्मा, सोनू प्रजापत, ओमेंद्र खुर्द, विवेक सैन, विपिन चौधरी, सूरज अहलावत, अक्षय गुप्ता, मोहित शर्मा, वेदवीर चौधरी आदि मौजूद रहे।



## लावड़ में भाजपाइयों ने मनाया जीत का जश्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** सोमवार को असम व पश्चिम बंगाल के नतीजों के बीच भाजपा की प्रचंड जीत पर लावड़ कस्बे में भाजपा के मंडल अध्यक्ष धीर सिंह सैनी व मोहन सैनी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष धीर सिंह सैनी ने कहा कि पश्चिम बंगाल व असम के लोगों ने नरेंद्र मोदी व अमित शाह पर जो गहरा विश्वास जताया है ये जीत उसी का नतीजा है उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में लोग दीदी से तंग आ चुके थे इसलिए उन्होंने नया सूर्योदय किया है। वहीं भाजपा नेता मोहन सैनी ने कहा कि ये जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व ग्रहमंत्री अमित शाह की मेहनत के दम पर मिली है वहां की जनता ने जो भरोसा पार्टी पर जताया है उस पर पार्टी पूरी तरह खरा उतरेगी। उन्होंने कहा कि धीरे धीरे सभी राज्यों के लोग भाजपा पर भरोसा जताकर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में लगे हुए है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व ग्रहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। इस दौरान धीर सिंह सैनी, मोहन सैनी के अलावा जितेंद्र सैनी, व्यापार संघ अध्यक्ष गौरव गुप्ता, सुशील गुप्ता, डॉक्टर अब्बास रिजवी, प्रमोद सैनी, चंद्रकांत शर्मा, सोमपाल सैनी, विपिन जाटव, रोहित सैनी, शिवम् सैनी, अभिषेक,संजय, चमन लाल सैनी आदि मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में शाहजहांपुर में उग्र प्रदर्शन, मेरठ-गढ़ मार्ग जाम करने की कोशिश

**बढ़े बिजली बिलों से नाराज उपभोक्ताओं का फूटा गुस्सा, पुराने मीटर बहाल करने की उठी मांग**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर कस्बे में सोमवार को स्मार्ट मीटर के विरोध में महिलाओं का आक्रोश सड़कों पर उतर आया। दोपहर करीब 12 बजे बड़ी संख्या में महिलाएं नगर पंचायत कार्यालय के बाहर एकत्रित हुईं और जोरदार प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। आक्रोशित महिलाओं ने मेरठ-गढ़ मार्ग पर जाम लगाने का प्रयास किया, जिससे कुछ देर के लिए यातायात बाधित होने की स्थिति बन गई।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और समझाकर महिलाओं को शांत कराया तथा मार्ग को सुचारु कराया। इसके बावजूद प्रदर्शनकारियों का गुस्सा कम नहीं हुआ और वे जुलूस के रूप में किठौर स्थित विद्युत विभाग के एसडीओ कार्यालय पहुंच गईं, जहां उन्होंने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। महिलाओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बिजली बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि हो गई है। उनका कहना है कि वास्तविक खपत के मुकाबले कई गुना अधिक बिल भेजे जा रहे हैं, जिससे आम परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। उन्होंने मांग की कि स्मार्ट मीटर तत्काल हटाकर पुराने पोस्टपेड मीटर दोबारा लगाए जाएं और प्रत्येक माह नियमित बिलिंग सुनिश्चित की जाए। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो वे स्वयं स्मार्ट मीटर उखाड़ने को बाध्य होंगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और विद्युत विभाग की होगी। इस दौरान शाहजहांपुर चेयरमैन वसी उर्रहमान खाँ, पूर्व चेयरमैन तबारक उल्लाह के पुत्र आमान खान, फैजी खान, मास्टर आसिफ अली सहित कई स्थानीय लोग भी मौके पर मौजूद रहे और प्रदर्शन को समर्थन दिया। किठौर के एसडीओ राम किशोर पाल ने बताया कि स्मार्ट मीटर पारदर्शी व सटीक रीडिंग देने वाली प्रणाली है। कुछ उपभोक्ताओं को बिल संबंधी समस्याएं हो सकती हैं, जिनका विभाग गंभीरता से संज्ञान ले रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अधिक बिल की शिकायतों की जांच कर आवश्यक सुधार किया जाएगा। साथ ही उपभोक्ताओं से अपील की कि वे अपनी समस्या के समाधान के लिए सीधे विभाग से संपर्क करें, उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

# शोभित विवि के छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ाएगा एनआईआईटी फाउंडेशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एनआईआईटी फाउंडेशन ने मेरठ स्थित शोभित विश्वविद्यालय के साथ उद्योग और शिक्षा के क्षेत्र के बीच की साझेदारी और और छात्रों के रोजगार कौशल को बढ़ावा देने के लिए एमओयू साइन किया है। इस साझेदारी के तहत हाइब्रिड मोड में कई तरह के कम अवधि वाले, सर्टिफिकेशन-आधारित प्रोग्राम छात्रों को सुदृढ़ करियर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

एनआईआईटी फाउंडेशन की कंट्री डॉयरेक्टर चारु कपूर ने कहा, हर साल सभी विषयों के 3,000 से ज्यादा छात्रों को फायदा होगा। ट्रेनिंग एनआईआईटी फाउंडेशन के प्रशिक्षकों द्वारा एक हाइब्रिड मॉडल के जरिए प्रदान की जाएगी। इस मॉडल में ऑनलाइन लर्निंग के साथ-साथ इंस्ट्रक्टर के नेतृत्व वाले ऑफलाइन सेशन भी शामिल हैं। छात्रों को वर्चुअल इंटर्नशिप के मौकों के साथ-साथ योग्य उम्मीदवारों के लिए प्लेसमेंट दिलाने में भी मदद की जायेगी। शोभित यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो वी.के. त्यागी ने कहा कि शिक्षा का असली महत्व जानकारी को उपयोगी मौकों में तब्दील करना है। शैक्षिक जानकारी को उद्योग के अनुसार स्किल में बदलने से हम अपने छात्रों को सक्षमता, आत्मविश्वास और उद्देश्य के साथ एक तेजी से बढ़ती दुनिया में आगे बढ़ने के लायक बनाते हैं। इस अवसर पर एनआईआईटी फाउंडेशन के नीलेश खन्ना (रीजनल मैनेजर), नैन्सी डेविड (सीनियर एक्जीक्यूटिव, भागीदारी), मयंक जागोता (सीनियर ट्रेनर) और अनमोल (स्टूडेंट इंजेजमेंट इंगेजमेंट ऑफिसर) शोभित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वी.के. त्यागी, प्रति-कुलपति प्रो. जयानंद, कुलसचिव प्रो. गणेश भारद्वाज, डीन एकेडमिक्स प्रो. अशोक कुमार, डॉयरेक्टर एनआईसीई एंड एसबीएस प्रो. विकास गुप्ता और डॉयरेक्टर आउटरीच डॉ. नेहा वशिष्ठ, एनआईसीई स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रीति गर्ग मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री दिनेश खटीक के प्रभार वाले बैरकपुर की सातों सीटों पर लहराया भगवा

**पश्चिम बंगाल विस चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत, राज्यमंत्री वोट काउंटिंग के दौरान रहे बैरकपुर में**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** पश्चिम बंगाल विस चुनाव में हुए बड़े उलटफेर के साथ भाजपा पूर्ण बहुमत से सत्ता पर काबिज हो जाएगी। वहीं, पश्चिम बंगाल के बैरकपुर जनपद की सभी सात सीटों पर भाजपा के प्रत्याशियों की जीत दर्ज की। भाजपा ने हस्तिनापुर विधायक एवं राज्यमंत्री दिनेश खटीक को बैरकपुर का चुनाव प्रभारी बनाया था। वोटों की गिनती के दौरान राज्यमंत्री स्वयं बैरकपुर में मौजूद रहे और स्थिति पर नजर बनाए रखी। फोन पर हुई बातचीत में राज्यमंत्री ने कहा कि यह जीत पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह की नीतियों और भाजपा के हर एक कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है।



### आचार संहिता से पूर्व ही राज्यमंत्री पहुंच गए थे पश्चिम बंगाल

हस्तिनापुर विधायक एवं राज्यमंत्री दिनेश खटीक को भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने पश्चिम बंगाल के बैरकपुर जनपद का प्रभारी बनाया था। आचार संहिता लागू होने से पूर्व ही राज्यमंत्री वहां पहुंच गए थे और उन्होंने जनपद की कमान संभाल ली थी। उन्होंने बैरकपुर में गृह मंत्री अमित शाह और पीएम मोदी की रैली को सफल बनाने में पूरी ताकत झोंक दी थी। उन्होंने देर रात तक कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें कीं और पूरी रणनीति के साथ जनपद की सभी सात सीटों आमडांगा, बिजपुर, नैहाटी, बैरकपुर, भाटपाड़ा, जगतदल, नोआपारा पर भाजपा प्रत्याशियों को दमदार तरीके से चुनाव लड़ाया, जिसका नतीजा सोमवार को भाजपा की जीत के रूप में सामने आ गया।

### पश्चिम बंगाल में कार्यकर्ताओं की जीत

राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने फोन पर बताया कि पश्चिम बंगाल का चुनाव बदलाव का चुनाव रहा। मोदी सरकार की नीतियों को वहां की जनता ने पसंद किया और भाजपा को प्रचंड बहुमत दिया। इसके लिए भाजपा का हर एक कार्यकर्ता बधाई का पात्र है। उन्होंने कहा कि उन्हें वहां कार्यकर्ताओं का भरपूर सहयोग मिला और बेतहर से बेहतर रणनीति तैयार कर विजयपथ पर भगवा लहरा दिया।

# अमन हत्याकांडः आरोपी सुफियान से पुलिस की मुठभेड़, पैर में लगी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र में शनिवार की रात ऊंचा सद्दीक नगर निवासी मुमताज के बेटे 20 वर्षीय अमन अपने घर से खाना खाकर गली में टहल रहा था तभी बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दी थी। अमन को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रविवार रात उसकी मौत हो गई। सोमवार को थाना लिसाड़ी गेट पुलिस की अमन की हत्या करने वाले मुख्य आरोपी सुफियान से थाना लिसाड़ी गेट पुलिस की मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में आरोपी सुफियान के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अमन हत्याकांड में लिसाड़ी गेट पुलिस आरोपी सुफियान को अवैध हथियार बरामद कराने के लिए लिसाड़ी गेट क्षेत्र के खुशहाल नगर स्थित नफीसा मस्जिद टंकी के पास लेकर गई थी। इसी दौरान उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई, जो उसके पैर में लग गई। लिसाड़ी गेट पुलिस ने आरोपी से अवैध पिस्टल और कारतूस बरामद जिसमें आरोपी के पास से एक अवैध पिस्टल और दो खोखा कारतूस व एक जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि अमन की हत्या पैसों के लेनदेन के विवाद में की गई थी। घटना के बाद एसपी सिटी विनायक गोपाल भोसले ने तीन पुलिस टीमें गठित कर जांच शुरू की और आसपास में लगे सौ से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसके आधार पर आरोपियों की पहचान कर ली गई और उनकी तलाश में हापुड़, खतौली और कंकरखेड़ा में दबिश दी गई। लगातार पुलिस दबिश के चलते मुख्य आरोपी सुफियान और उसका साथी शम्मी उर्फ चूतड़ रविवार देर रात खुद थाने पहुंचकर सरेंडर कर गए। सीओ कोतवाली अभिषेक पटेल ने बताया कि आरोपी सुफियान वर्ष 2025 में फायरिंग के एक मामले में जेल जा चुका है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में हत्या का कारण पैसों का विवाद सामने आया है और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।



# शोभित में 'बायो-एक्सप्लोर 2026' कार्यशाला का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड लाइफ साइंसेज द्वारा तीन दिवसीय कार्यशाला 'बायो-एक्सप्लोर 2026: फ्रॉम बेसिक्स टू एडवांस टेक्निक्स' का शुभारम्भ किया गया। यह कार्यशाला डोरील लैब्स देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रति कुल. पति प्रो. डॉ. जयानंद एवं स्कूल की निदेशक डॉ. दिव्या प्रकाश द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसने ज्ञान और नवाचार के इस महोत्सव की गरिमामयी शुरुआत की। अपने प्रेरक उद्बोधन में प्रो. डॉ. जयानंद ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रयोगात्मक कौशल ही विद्यार्थियों को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के लिए तैयार करता है। उन्होंने इस प्रकार की कार्यशालाओं को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम बताया।

प्रो. (डॉ.) दिव्या प्रकाश ने अपने संबोधन में बायोटेक्नोलॉजी के तेजी से विकसित होते क्षेत्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों में अनुसंधान की भावना को प्रोत्साहित करते हैं और उन्हें उद्योग एवं अकादमिक क्षेत्र की मांगों के अनुरूप तैयार करते हैं। कार्यशाला में डोरील लैब्स देहरादून से आए अनुभवी विशेषज्ञों प्रो. डॉ. सचिन, विवेक कुमार, प्रीति एवं कोमल का स्वागत किया गया।




**प्रथम दिवस प्रयोगात्मक ज्ञान का सशक्त आरम्भ:** कार्यशाला के पहले दिन को पूर्णतः प्रायोगिक गति. विधियों के लिए समर्पित किया गया, जहाँ विद्यार्थियों ने बायोटेक्नोलॉजी की आधारभूत एवं उन्नत तकनीकों को स्वयं करके सीखा। इस दौरान विभिन्न प्रकार के अगार मीडिया की तैयारी की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया, जिसमें पोषक तत्वों के संतुलन और सूक्ष्मजीवों की वृद्धि के लिए उपयुक्त परिस्थितियों का विशेष ध्यान रखा गया। इसके साथ ही, विद्यार्थियों को विभिन्न स्रोतो से बैक्टीरिया के आइसोलेशन की तकनीक सिखाई गई, जो माइक्रोबायोलॉजी अनुसंधान का एक महत्वपूर्ण आधार है। इसके अतिरिक्त, एसिड फास्ट बेसिली की पहचान के लिए विशेष स्टेनिंग तकनीकों का प्रदर्शन किया गया, जिससे विद्यार्थियों को रोगजनक सूक्ष्मजीवों की पहचान एवं विश्लेषण की वैज्ञानिक प्रक्रिया को समझने का अवसर मिला। इन सभी गतिविधियों ने विद्यार्थियों के भीतर वैज्ञानिक जिज्ञासा को और अधिक प्रबल किया तथा उन्हें प्रयोगशाला कार्य के प्रति आत्मविश्वास प्रदान किया।

कार्यक्रम का संचालन अनुष्का, साक्षी द्वारा किया गया। डॉ. मोनिका चौधरी ने सभी अतिथियों, विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आर. जी. डिग्री कॉलेज की प्रो. डॉ. अमिता शर्मा, डॉ. रुपेश, डॉ. मानसी आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता संजय चौधरी ने कार्यकर्ताओं के साथ लड्डू बांटकर मनाया जीत का जश्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** असम, पांडिचेरी और बंगाल के चुनाव परिणामों में भारतीय जनता पार्टी के शानदार प्रदर्शन से उत्साहित होकर सरधना विधानसभा के गांव छबड़िया में भाजपा नेता संजय चौधरी ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर लड्डू बांटकर जश्न मनाया। चुनाव परिणामों के रुझान स्पष्ट होते ही संजय चौधरी ने ग्रामीणों और पार्टी कार्यकर्ताओं का मुंह मीठा कराया और इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत की जीत बताया।

संजय चौधरी ने कहा ने कहा कि यह जीत विकासवाद की जीत है। असम और पांडिचेरी में जनता ने भाजपा पर जो भरोसा जताया है, उससे स्पष्ट है कि देश की जनता केवल सुशासन चाहती है। बंगाल में भी पार्टी ने जो मजबूती दिखाई है, वह आने वाले समय के लिए एक बड़ा संकेत है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवा. सियों ने 'भारत माता की जय' और पार्टी के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर अमरजीत प्रधान, नितिन, टिकेंद्र, ब्रजपाल, नीरज, रणवीर, जगपाल, सुरेंद्र, सोहित, ऋषिपाल सहित गांव के प्रबुद्ध नागरिक और भारी संख्या में युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी।

# जनपद में यूपी-112 को मिली मजबूती, 12 नई पीआरवी गाड़ियों को एसएसपी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने यूपी-112 मुख्यालय से प्राप्त 12 नई च्त्ट स्कॉर्पियो गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये सभी वाहन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हैं, जिनमें फर्स्ट एड बॉक्स, क्राइम प्रोटेक्शन किट और अन्य आधुनिक उपकरण शामिल हैं।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक यातायात सुभाष चंद्र गंगवार, पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात सहित पुलिस लाइन के अन्य अधिकारीगण भी मौजूद रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इन नई गाड़ियों के शामिल होने से आपातकालीन सेवाओं की प्रतिक्रिया समय में सुधार होगा और किसी भी घटना पर पुलिस की त्वरित पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी।उन्होंने कहा कि यूपी-112 सेवा पहले से ही प्रदेश में आपातक. ालीन सहायता का एक सशक्त माध्यम है, और इन नई पीआरवी गाड़ियों के जुड़ने से इसकी कार्यक्षमता में और वृद्धि होगी। इससे न केवल



अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी, बल्कि आम जनता को भी सुरक्षा का बेहतर एहसास होगा।

नई स्कॉर्पियो गाड़ियों को आधुनिक तकनीक से सुसज्जित किया गया है, जिससे पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचकर प्रभावी ढंग से कार्यवाही कर सकेंगे। साथ ही, इन वाहनों में उपलब्ध सुरक्षा उपकरण किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान करने में सहायक होंगे।

पुलिस अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि इन गाड़ियों के माध्यम से जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा सकेगा तथा आम नागरिकों को त्वरित और बेहतर पुलिस सेवा मिल सकेगी।

# पॉक्सो एक्ट में दोषी को चार वर्ष कारावास की सजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी अवधेश कुमार सिंह ने एक महत्वपूर्ण मामले में फैसला सुनाते हुए अभियुक्त जीशान पुत्र निसार अहमद निवासी ग्राम कोकावास थाना कुढ़फतेहगढ़ जनपद सम्भल को दोषी करार दिया है। यह मामला अपराध संख्या 153/2021 से संबंधित है, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 354क, 506 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।



वादी ने थाना कुढ़फतेहगढ़ में दी गई तहरीर में आरोप लगाया था कि उसकी नाबालिग पुत्री के साथ गांव का ही जीशान अपने दो साथियों के साथ कई महीनों से छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें कर रहा था। भय के कारण पीडिघ्ता ने घटना की जानकारी पहले नहीं दी, लेकिन 15 दिसंबर 2021 को उसने अपनी मां को पूरी बात बताई। तहरीर में यह भी उल्लेख किया गया कि 09 दिसंबर 2021 को जब पीडिघ्ता दूध लेने घेर पर जा रही थी, तभी अभियुक्त ने अपने साथियों के साथ उसे जबरन घर में खींचने का प्रयास किया और अश्लील हरकतें कीं। मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय ने अभियुक्त को पॉक्सो एक्ट की धारा-8 के अंतर्गत दोषी पाते हुए चार वर्ष के कारावास एवं 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

## बिलारी समाचार

# क्रोध बुद्धि का हरण करता है: पं वीरेंद्र आर्य



**मुरादाबाद।** महिला आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर साप्ताहिक यज्ञ व सत्संग आयोजित किया गया इस अवसर पर पंडित वीरेंद्र आर्य ने पूनम शास्त्री की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया तत्पश्चात सुदेश आर्य ने ईश्वरीय भक्ति भजन प्रस्तुत किया।

यज्ञ के अंतर्गत सामवेद के मंत्र की व्याख्या करते हुए पौ वीरेंद्र आर्य ने बताया कि मनुष्य का सामान्य अवस्था में मस्तिष्क सही कार्य करता है लेकिन क्रोध की अवस्था में मस्तिष्क विपरीत दिशा में कार्य करने लगता है। क्रोध मस्तिष्क की विचार शक्ति को क्षीण करके उत्त. जना प्रकट करने लगता है जिससे स्वयं के शरीर के रक्त में नाकारात्मकता के विचार बढ़ने लगते हैं जिससे व्यक्ति स्वयं अपने शरीर के साथ साथ दूसरों को भी हानि पहुंचा देता है। बुद्धि हरण क्रोध का भोजन है। इसलिए क्रोध नहीं करना चाहिए।

इस अवसर पर शन्नो गुप्ता,ऊषा गुप्ता, भावना रुहेला, आशा जैमिनी, पूनम रस्तोगी, मीरा सोती, गायत्री आर्य, रक्षा गोयल, कमलेश गोयल, आशा गुप्ता, नीलम गुप्ता, सुधा आर्य आदि उपस्थित रहीं।

# पश्चिम बंगाल में और असम में भाजपा की प्रचंड जीत पर भाजपाइयों में हर्ष



**कुंदरकी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** पश्चिम बंगाल में और असम में प्रचंड बहुमत के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनने जा रही सरकार पर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष मण्डल रतनपुरकला के सभी कार्यकर्ताओं ने एक दुसरो को मिठाई खिलाकर बधाई दी जिला मंत्री बृजेश कुमार लोधी मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह जाटव पूर्व मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह चौधरी साहब पूर्व प्रधान जगबीर सिंह चौधरी जी मंडल उपाध्यक्ष चंदन प्रजापति दिलशाद हुसैन।

# आंधी-बारिश का फायदा उठाकर नलकूपों से केबिल व कॉपर तार चोरी

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव ऐतोल में बीती रात चोरों ने आंधी-तूफान और बारिश का फायदा उठाते हुए जमकर तांडव मचाया। अज्ञात चोरों ने करीब आधा दर्जन से अधिक निजी नलकूपों को निशाना बनाकर उनके केबिल, कॉपर तार व स्टार्टर चोरी कर लिए। लंबे समय बाद इस तरह की घटना सामने आने से ग्रामीणों में दहशत है। बताया जाता है कि रविवार को तेज आंधी, बारिश और हवा के कारण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रही। इसी दौरान नलकूप स्वामी अपने-अपने घरों में चले गए थे। रात में मौसम खराब होने का फायदा उठाकर चोरों ने सुनसान का लाभ लिया और एक के बाद एक कई नलक. ूपों से सामान उड़ा ले गए। सुबह जब किसान अपने नलकूपों पर पहुंचे तो कहीं केबिल गायब मिला तो कहीं स्टार्टर चोरी हो चुका था। पीडिघ्तों में निहाल सिंह पुत्र जीवन, धर्मेन्द्र पुत्र रामफल, हुकुम सिंह पुत्र नरसी, अनिल पुत्र श्याम सिंह निवासी ऐतोल व गजराम यादव पुत्र वंशी यादव, राजू पुत्र वंशी यादव निवासी कैथल शामिल हैं।

सभी ने बताया कि तेज आंधी-बारिश के चलते वे रात में घर लौट गए थे, जिसके बाद चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। गौरतलब है कि करीब तीन वर्ष पहले कैथल ग्रामीण क्षेत्र में भी इस तरह की घटनाएं हुई थीं, लेकिन पुलिस चौकी बनने के बाद अपराधों में कमी आई थी। अब एक बार फिर ऐसी घटनाओं से आशंका जताई जा रही है कि कहीं नशेड़ी तत्व सक्रिय तो नहीं हो गए हैं, क्योंकि जिन स्थानों पर चोरी हुई है, वहां भांग के पेड़ अधिक संख्या में पाए जाते हैं और अक्सर संदिग्ध लोग वहां देखे जाते हैं।

# विधानसभा चुनाव परिणामों पर बिलारी में भाजपा कार्यकर्ताओं का जश्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिलारी।** पांच राज्यों में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों के परिणाम भारतीय जनता पार्टी के लिए उत्साहजनक रहे, जिसके बाद बिलारी में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भव्य तरीके से जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर भाजपा मंडल बिलारी के कार्यकर्ता बिशन सिंह फार्म हाउस पर एकत्रित हुए, जहां मिठाई वितरण और आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता (एडवोकेट) ने कहा कि यह जनादेश देश की जनता के विश्वास और भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों की जीत है। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों में मतदाताओं ने विकास, सुशासन और पारदर्शिता के पक्ष में अपना समर्थन दिया है।

उन्होंने आगे कहा कि यह सफलता पार्टी कार्यकर्ताओं के



अथक परिश्रम, समर्पण और संगठन की मजबूती का परिणाम है। साथ ही यह विजय पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों और विचारों को आगे बढ़ाने का प्रतीक है। भाजपा सदैव राष्ट्रहित, सुशासन और विकास के मार्ग पर अग्रसर रहेगी।

इस अवसर पर पूर्व एमएलसी चंद्रपाल सिंह, ऋषिपाल सिंह, सुरेश सैनी, विश्वास यादव, राजीव सैनी, किशन लाल प्रजा. पति, हरिओम सैनी, नेपाल सिंह, मनोज सक्सेना, दीपक सक्सेना, देवदत्त दिवाकर, गिरीश बाबू, इमरान पाशा, अमित पाल, अभिनव चौधरी, शलभ गुप्ता, रवि पासी, हसन, राजेंद्र काशी, अतुल शर्मा, हरिशंकर आर्य, दिनेश चौधरी, निहाल सिंह, प्रशांत चौधरी, अजय ठाकुर, अनिल कुमार, शरद गुप्ता, नवनीत यादव, हेमंत शर्मा, राजीव गुप्ता, राजीव शर्मा, अभिलाष गौड़, मनोज प्रजा. पति, मनोज ठाकुर, वीरपाल को. हली, सुमित गुप्ता, उमेश यादव और पंकज चौहान सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ द्वारा निकाली गई विधिक जागरूकता रैली

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ द्वारा ग्रामवासियों को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने व उनकी विधिक समस्याओं का निदान करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय के समीप स्थित ग्राम मड़ैया बागड़पुर में एक 'विधिक जागरूकता रैली' का आयोजन किया गया।। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन से समाज में विधिक जागरूकता पैदा करने के साथ ही व्यक्ति के विधिक अधिकारों एवं उनकी समस्याओं का निदान करने की दृष्टि से विधि के विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी अति महत्वपूर्ण हो जाती है। इस विधिक रैली का नेतृत्व कार्यक्रम के सह संयोजक डॉ. योगेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने प्रतिभागी विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की रैली का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को उनके कानूनी अधिकारों, कर्तव्यों तथा न्यायिक प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक कराना होता है।



डॉ. सिंह ने यह भी कहा कि विधिक जागरूकता समाज को सशक्त बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है, क्योंकि जब नागरिक अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझते हैं, तभी एक न्यायपूर्ण और सुरक्षित समाज का निर्माण संभव होता है। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों को महिला अधिकार, बाल संरक्षण, उपभोक्ता अधिकार, साइबर अपराध, घरेलू हिंसा, नि:शुल्क विधिक सहायता तथा संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। रैली के समापन पर ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की अपेक्षा व्यक्त की। इस अवसर पर रैली में स्कूल ऑफ लॉ के सभी शिक्षकों की उपस्थिति रही तथा विधि के 35 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

# आईएफटीएम की एनसीसी इकाई की ओर से 'मिशन शक्ति चरण-5' के अंतर्गत हुआ एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'मिशन शक्ति चरण-5' के अंतर्गत सर्वोच्च न्यायालय की 'विशाखा गाइडलाइंस' के अनुपालन में एनसीसी इकाई की 2/9 यूपी गर्ल्स बटालियन एवं 2/24 ब्वॉयज बटालियन के कैडेट्स द्वारा "कार्यस्थल पर महिलाओं हेतु सम्मानजनक और सुरक्षित वातावरण के निर्माण' के संदर्भ में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस मिशन का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं के लिए एक भयमुक्त और गरिमामय वातावरण स्थापित करना है, ताकि वे आत्मनिर्भर होकर कार्यस्थलों पर अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने से




उनकी कार्यक्षमता में सुधार होता है, इसलिए सभी सहकर्मियों को महिलाओं के प्रति सहयोग की भावना रखनी चाहिए और उनकी सुरक्षा का पूर्ण आश्वासन देना चाहिए। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षा व एनसीसी की मेजर डॉ. राजकुमारी सिंह ने सभी प्रतिभागी एनसीसी कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने विश्व विद्यालय व राष्ट्रीय राजमार्ग के निकट स्थित लोधीपुर राजपूत गांव की महिलाओं को उनकी सुरक्षा और सम्मान की रक्षा करने के प्रति जागरूक किया। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजन सचिव व 2/24 ब्वॉयज बटालियन एनसीसी के केयर टेकर श्री सनी कुमार ने भी महिलाओं को 'विशाखा गाइडलाइंस' के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कार्यक्रम संयोजिका व 2/9 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी की लेफ्टिनेंट सुश्री रश्मि पांडे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस जागरूकता कार्यक्रम में 40 एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

# जनगणना 2027: प्रगणकों-पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण का द्वितीय चरण शुरू, 1557 कार्मिक नामित

शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) के तहत जनपद सम्भल में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय चरण शुरू हो गया है। इस प्रशिक्षण के लिए कुल 34 बैचों में 1557 कार्मिक नामित किए गए हैं। प्रथम दिवस पर 1557 नामित कार्मिकों के सापेक्ष 1478 ने प्रशिक्षण में भाग लिया, जबकि 79 कार्मिक अनुपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनर्स ने प्रतिभागियों को डेटा संकलन की प्रक्रिया, मोबाइल एप के प्रभावी उपयोग और सटीक व त्रुटिरहित प्रविष्टि के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में तकनीकी दक्षता और सावधानी बेहद आवश्यक है। प्रशिक्षण के शुभारंभ पर जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पेंसिया एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) प्रदीप वर्मा ने जनगणना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए निर्देश दिए कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और गोप. नीयता पूरी तरह सुनिश्चित की जाए। उन्होंने 07 मई 2026 से शुरू होने वाले स्व-गणना अभियान को व्यापक रूप से संचालित करने और अधिकाधिक नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस दौरान उप जिलाधिकारी सम्भल, गुन्नौर व चन्दौसी ने विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही अनुपस्थित कार्मिकों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई।

# पश्चिम बंगाल, असम व पुडुचेरी के चुनाव परिणामों पर भाजपाइयों का जश्न

**चन्दौसी।** पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी में आए विधानसभा चुनाव परिणामों में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जोरदार जश्न मनाया। परिणाम घोषित होते ही कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई और शहर के विभिन्न स्थानों पर खुशियां मनाई गईं। रेलवे स्टेशन के सामने स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा स्थल पर बड़ी संख्या में भाजपाई एकत्रित हुए। यहां कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और पार्टी की जीत को उनके विचारों की विजय बताया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान उपस्थित नेताओं ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, केंद्र व राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी नीतियों और संगठन की मजबूत कार्यशैली का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जनता ने विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की नीतियों पर मुहर लगाई है। कार्यकर्ताओं ने इस जीत को आने वाले समय में और मजबूती से जनसेवा करने की प्रेरणा बताया। जश्न के दौरान कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर नृत्य भी किया और एक-दूसरे को बधाई दी। पूरे आयोजन में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला।



# खड़ी बाइक में लगी आग, अग्नि सचेतक ने फायर सिलेंडर से पाया काबू

**चन्दौसी।** शहर के बदायूं चुंगी स्थित 35-बी रेलवे फाटक के पास रविवार रात खड़ी एक बाइक में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते बाइक



आग का गोला बन गई और आसपास अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि, समय रहते पहुंचे अग्नि सचेतक ने फायर सिलेंडर की मदद से आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। मोहल्ला लक्ष्मणगंज निवासी आरिफ, जिनकी मंडी समिति के पास ऑटो सर्विस की दुकान है, रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे दुकान बंद कर घर जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने रेलवे फाटक के पास अपनी बाइक खड़ी की और कुछ काम से चले गए। थोड़ी देर बाद बाइक में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते लपटें तेज हो गईं। बाइक को जलता देख आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। आग की तीव्रता के कारण कोई भी पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा सका। सूचना मिलते ही अग्नि सचेतक विजयवीर सिंह यादव मौके पर पहुंचे और पास के पेट्रोल पंप से फायर सिलेंडर लाकर आग बुझाने में जुट गए। दमकल विभाग को भी सूचना दी गई थी, लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही आग पर काबू पा लिया गया। बाइक स्वामी आरिफ के अनुसार, बाइक में तीन-चार लीटर पेट्रोल मौजूद था, जिससे आग तेजी से फैल गई और वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। इस घटना में उन्हें करीब 70 से 80 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं, थाना प्रभारी अनुज तोमर ने घटना की जानकारी होने से इनकार किया है।

# भाजपाईयों में खुशी की लहर, ढोल-नगाड़ों के साथ मनाया जश्न, बांटी मिठाइयां

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** शहर के भाजपा चंद्रनगर मंडल क्षेत्र में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी में पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने की खुशी में जोरदार जश्न मनाया। कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष कपिल गुप्ता के नेतृत्व में वार्ड 20 स्थित भाजपा नेता एवं मंडल मंत्री मोंटी गुर्जर के कार्यालय पर किया गया।इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में उत्साह साफ देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों की थाप पर कार्यकर्ताओं ने नृत्य किया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। पूरे क्षेत्र में जश्न का माहौल बना रहा और "भारत माता की जय" तथा "वंदे मातरम्" के नारों से वातावरण गूंज उठा।कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष डॉ. प्रमोद शर्मा, महानगर उपाध्यक्ष कपिल देव, हरिओम सैनी, पूनम सैनी, राजू यादव, शर्मा सिंह सैनी, जितेंद्र सिंह भाटू, नीतू




सिंह (महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष), महेश सैनी, अनिल मल्होत्रा, सत्य प्रकाश गुप्ता, नर्सिंग गंगवार, सुनील सिंह, संजय वर्मा, नरेश खटीक, मुकेश राठौर, रवि प्रकाश राय, अशोक यादव, कुलदीप बिश्नोई, डॉ. राजीव चौहान, पंकज चौधरी, प्रकाश यादव, सुरेंद्र शर्मा, जगदेव सिंह प्रजापति, जे.पी. कश्यप, बृजपाल सैनी, अरविंद शर्मा, संजय मलिक, सूरज रावत, देवेंद्र लोधी, आर.एन. पांडे, दिनेश प्रसाद पांडे, प्रमोद शुक्ला, चंद्रभान सिंह, पार्षद हरदीप सिंह, सुधांशु कौशिक, हुकम सिंह सैनी सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नेताओं ने कहा कि यह जीत पार्टी की नीतियों और जनता के विश्वास का परिणाम है। आने वाले समय में भाजपा और मजबूती के साथ देशहित में कार्य करती रहेगी।

# जलती चिता से सिर अलग कर ले गए मोपेड सवार

## हापुड़ में दिल दहला देने वाली वारदातः चिता से 16 वर्षीय बच्चे का सिर गायब करने वाले तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना देहात क्षेत्र में स्थित शमशानघाट से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां जलती चिता से तीन युवक शव का सिर अलग कर अपने साथ ले गए। इस सनसनीखेज घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पूरी वारदात शमशानघाट के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसके आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में तीनों आरोपियों को मोपेड सहित हिरासत में ले लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना उस समय की है जब 16 वर्षीय बच्चे का बीमारी के चलते मृत्यु हो गई थी जिसका शमशानघाट में शव का अंतिम संस्कार किया जा रहा था। जैसे ही परिवार क्रियाक्रम की रस्म पूरी हुई और परिवार घर लौटा उसके बाद देर रात तीन युवक मौके पर पहुंचे और जलती चिता से शव का सिर अलग कर अपने साथ ले गए। सुबह जब परिजनों और स्थानीय लोगों को इस घटना की जानकारी हुई तो क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक के परिजनों ने इस कृत्य को तांत्रिक विद्या से जुड़ा बताते हुए गहरी आशंका जताई और पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलते ही थाना देहात प्रभारी नीरज कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।



पुलिस ने तत्काल शमशानघाट व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की। फुटेज में तीन युवक मोपेड से आते और घटना को अंजाम देकर जाते हुए दिखाई दिए। सीसीटीवी के आधार पर पुलिस ने तेजी दिखाते हुए चंद घंटों के भीतर ही तीनों संदिग्धों को मोपेड सहित हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, प्रारंभिक पूछताछ में इस कृत्य के पीछे तांत्रिक गति. विधियों में उपयोग की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि मामले में साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं, इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और लोग इस तरह की अमानवीय हरकत को लेकर आक्रोशित हैं।

## ओवररेटिंग पर शिकंजारू हापुड़ में शराब ठेकों पर आबकारी का छापा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में अवैध बिक्री और ओवररेटिंग पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग ने सोमवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया। आबकारी निरीक्षक हिमांशु कर्दम के नेतृत्व में टीम ने शहर और आसपास के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित शराब ठेकों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से ठेका संचालकों में हड़कंप मच गया।

जांच के दौरान टीम ने शराब की बोतलों पर लगे बारकोड स्कैन कर उनकी सत्यता परखी, साथ ही स्टॉक रजिस्टर और बिक्री से संबंधित अभिलेखों का मिलान किया। अधिकारियों ने यह भी देखा कि निर्धारित दरों पर ही शराब की बिक्री हो रही है या नहीं। कई स्थानों पर स्टॉक और रिकॉर्ड में गड़बड़ी की आशंका पर संचालकों को कड़ी चेतावनी दी गई। अभियान के दौरान आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में ओवररेटिंग या नियमों के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। टीम ने ठेका संचालकों को सभी मानकों का पालन करने और पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए।




## आंधी बारिश में जर्जर छत भरभराकर गिरी, बाल-बाल बचा मजदूर का परिवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** तहसील क्षेत्र के गांव काँवी में सोमवार सुबह तेज आंधी और बारिश ने एक गरीब परिवार के सिर से छत छीन ली। मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करने वाले मूलचंद पुत्र किशन स्वरूप के मकान की जर्जर छत का एक हिस्सा अचानक भरभराकर गिर पड़ा। हादसे के समय परिवार घर में मौजूद था, लेकिन गनीमत रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद परिवार में दहशत का माहौल है और सभी सदस्य सहमे हुए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मूलचंद अपने परिवार और छोटे बच्चों के साथ कच्चे व जर्जर मकान में रहते हैं। सोमवार सुबह आई तेज आंधी और बारिश के



दौरान मकान की छत की कड़ी और पटिया अचानक टूटकर नीचे गिर गई। जोरदार आवाज के साथ छत का हिस्सा गिरने से आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यदि यह हादसा रात के समय होता तो बड़ा नुकसान हो सकता था। मूलचंद ने बताया कि उनका मकान लंबे समय से जर्जर हालत में है और वह कई बार इसकी मरम्मत कराने की सोच चुके हैं,

लेकिन आर्थिक तंगी के चलते ऐसा नहीं कर पाए। उन्होंने बताया कि हर रात परिवार के साथ सोते समय डर बना रहता था कि कहीं छत गिर न जाए, और सोमवार को वही आशंका सच साबित हो गई। घटना के बाद पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गया है। आसपास के ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता व आवास उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि उन्हें सुरक्षित रहने की व्यवस्था मिल सके।

## हमलों का दावा कर युद्धि राणा ने जिलाधिकारी से की सुरक्षा की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले के धौलाना क्षेत्र निवासी एक समाजसेवी युवक ने अपनी जान को खतरा बताते हुए जिलाधिकारी से सुरक्षा की मांग की है। ग्राम सिवाया निवासी युधिष्ठर राणा पुत्र भगीरथ सिंह ने प्रशासन को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उनके सामाजिक कार्यों के चलते कुछ असामाजिक तत्व उन्हें लगातार निशाना बना रहे हैं और पूर्व में उन पर जानलेवा हमले भी हो चुके हैं।

युधिष्ठर राणा ने बताया कि वह सनातन धर्म से जुड़े सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं और समय-समय पर विभिन्न मुद्दों पर अपनी आवाज उठाते रहते हैं। उनका कहना है कि इसी कारण कुछ संगठित असामाजिक तत्व उनसे रंजिश रखते हैं और उन्हें जान



से मारने की कोशिश कर चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि कुछ संदिग्ध लोगों की गतिविधियां पहले भी नोएडा समेत अन्य क्षेत्रों में सामने आ चुकी हैं, जो उन्हें नुकसान पहुंचाने की फिराक में थे। युवक ने आशंका जताई है कि भविष्य में मौका मिलते ही उसके साथ किसी बड़ी वारदात को अंजाम दिया जा सकता है। ऐसे में उसने प्रशासन से अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## बंगाल-असम की जीत पर गढ़ में भाजपाईयों ने मनाया जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** पश्चिम बंगाल और असम में भाजपा की जीत के बाद नगर के विधायक कार्यालय में जश्न का माहौल देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर नृत्य किया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी (पांडिचेरी) सहित कई राज्यों के चुनाव परिणामों के बाद देशभर में भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इसी कड़ी में विधायक हरेंद्र तेवतिया कार्यालय जश्न के रंग में सराबोर नजर आया, जहां कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर जीत की खुशी पूरे जोश और उमंग के साथ मनाई। जैसे ही जीत की खबरें सामने आईं, पूरे क्षेत्र में पटाखों की गूंज सुनाई देने लगी। ढोल-नगाड़ों की थाप पर कार्यकर्ता झूम उठे और देशभक्ति गीतों पर जमकर नृत्य किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दीं और खुशी का इजहार किया। विधायक हरेंद्र तेवतिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और पार्टी की मजबूत नीतियों पर जनता के भरोसे की जीत बताया। इस दौरान (भारत माता की जय), (मोदी है तो मुमकिन है) जैसे नारों से कार्यालय गूंज उठा। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह जीत केवल चुनावी सफलता नहीं, बल्कि देश के विकास, सुशासन, पारदर्शिता और राष्ट्रहित की नीतियों की जीत है। कहा कि पार्टी आगे भी जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए कार्य करती रहेगी। विकास के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर काफी संख्या में पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहें।

## घर से नकदी जेवर लेकर युवती हुई लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बताया कि दो दिन पूर्व परिवार के लोग घर से खेत पर गए थे। वहां से जब वह घर आए तो देखा कि उसकी बहन घर पर नहीं थी। उसने कमर में जाकर देखा तो अलमारी में रखो ढाई लाख रुपये भी गायब थे। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## स्टेडियम साइट पर पहुंचीं डीएम, गुणवत्ता व प्रगति की ली जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी कविता मीना एक्शन मोड में नजर आ रही हैं। इसी क्रम में उन्होंने मंगलवार को बाबूगढ़ क्षेत्र में निर्माणाधीन खेल स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने न सिर्फ निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया, बल्कि मौके पर इस्तेमाल की जा रही निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की भी बारीकी से जांच कराई।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि स्टेडियम निर्माण में किसी भी प्रकार की लाप. रवाही या घटिया सामग्री का प्रयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डीएम ने निर्माण स्थल पर साफ-सफाई, सुरक्षा मानकों और पर्यावरणीय



पहलुओं पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्टेडियम के निर्माण के साथ-साथ ग्रीन हर्बी की अवधारणा को भी प्राथमिकता दी जाए, जिससे परिसर में हरित वातावरण विकसित हो और खिलाड़ियों को बेहतर माहौल मिल सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी कविता मीना ने कहा, जनपद में हो रहे सभी विकास कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि निर्माण में मानकों के अनुरूप ही सामग्री का प्रयोग किया जाए और कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## एक नजर

### महिला का गुम हुआ मंगलसूत्र वापस किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** हरियाणा के फरीदाबाद के गांव हरकेश नगर निवासी विवेक प्रसाद अपनी पत्नी निशा के साथ गंगा स्नान करने के लिए आए थे। जहां गंगा स्नान करने के लिए जाते समय निशा के गले से उनका मंगलसूत्र गिर गया। इसकी जानकारी उनको कुछ देर के बाद हुई। जानकारी होने के बाद वह परेशान हो गई। उन्होंने मंगलसूत्र को काफी तलाश किया, लेकिन उनको मंगलसूत्र नहीं मिल सका। कुछ देर के बाद एक गोताखोर मंगलसूत्र लेकर आरती स्थल पर पहुंचा और पुलिस को मंगलसूत्र देकर ईमानदारी की मिशाल पेश की। पुलिस ने निशा को मंगलसूत्र वापस किया, जिसके बाद परिवार ने पुलिस और गोताखोर के कार्य की सराहनीय की।

### भूमि घोटाले पर न्यायालय का एक्शन, पिलखुवा पुलिस को केस दर्ज करने का निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भूमि से जुड़े फर्जी बैनामा प्रकरण में न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए थाना पिलखुवा पुलिस को एफआईआर दर्ज कर विधिक जांच करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार वर्मा की अदालत ने मामले की सुनवाई के बाद प्रथम दृष्टया आरोपों को गंभीर मानते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना कराने का आदेश पारित किया है। प्रकरण के अनुसार, वादी की ओर से अदालत में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया कि ग्राम गालंद क्षेत्र की भूमि के संबंध में फर्जी प्रविष्टियां कर स्वयं को मालिक दर्शाते हुए आरोपितों द्वारा कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर कई बार बैनामा किया गया। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया कि राजस्व अभिलेखों में हेरफेर कर भूमि के रकबे और स्वामित्व को लेकर गलत जानकारी दर्ज कराई गई और इसी आधार पर विभिन्न व्यक्तियों के पक्ष में बैनामे किए गए। वादी का यह भी आरोप रहा कि पूर्व में संबंधित मामले में राजस्व विभाग द्वारा जांच के दौरान अनियमितताओं की पुष्टि हुई थी और कुछ प्रविष्टियों को संदिग्ध बताया गया था। इसके बावजूद आरोपितों द्वारा कथित रूप से फर्जी आदेश और दस्तावेज तैयार कर भूमि का सौदा किया गया। प्रार्थी ने अदालत को बताया कि घटना की शिकायत लेकर वह थाना पिलखुवा गया था, लेकिन वहां रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इसके बाद पुलिस अधीक्षक को भी प्रार्थना पत्र भेजा गया, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में न्यायालय की शरण ली गई। अदालत ने मामले में थाना स्तर से मांगी गई आख्या का अवलोकन करने के बाद पाया कि प्रकरण में अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। न्यायालय ने कहा कि प्रस्तुत तथ्यों के आधार पर मामला प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है और साक्ष्यों के संकलन के लिए विधिवत जांच आवश्यक है। अदालत ने अपने आदेश में थाना पिलखुवा प्रभारी को निर्देशित किया है कि प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों के आधार पर संबंधित धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर नियमानुसार विवेचना सुनिश्चित करें तथा एक सप्ताह के भीतर की गई कार्रवाई से न्यायालय को अवगत कराएं। न्यायालय के इस आदेश के बाद अब मामले में पुलिस की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है और आगे की जांच में कई नए तथ्यों के सामने आने की संभावना जताई जा रही है।

### अवैध कब्जे के विरोध में फायरिंग करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ब्रजघाट गंगा नगरी में समाजसेवी पर जमीन विवाद को लेकर फायरिंग की घटना सामने आई है। यह घटना रविवार रात में हुई। समाज सेवी अपने प्लॉट पर अवैध कब्जे का विरोध करने पहुंचे थे। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है। सिंभावली थाना क्षेत्र के बक्सर गांव निवासी समाज सेवी राजकुमार भाटी को सूचना मिली कि उनके गंगा नगरी स्थित प्लॉट पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा हैं। लाखों रुपये की इस जमीन पर कब्जा होने की जानकारी मिलते ही भाटी मौके पर पहुंचे। वहां पहुंचते ही आरोपियों ने उन्हें धमक. ाना शुरू कर दिया। उसके बाद वह गढ़ कोतवाली पहुंचे और पुलिस को लिखित तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**NOTICE**

I, Aashid S/O Babbu R/O 58, Mohalla Ghosiyan, Baghpat, PO: Baghpat Sugar Mill, DIST: Baghpat, Uttar Pradesh - 250609, have changed my name and shall hereafter be known as Asif

## घर में घुसकर जानलेवा हमला करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव सिखेड़ा में पुरानी रंजिश को लेकर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव निवासी बब्लू ने बताया कि उसके पडोस का रहने वाला पंकज रंजिश रखता है। पीड़ित ने बताया कि दो मई की देर शाम को अपने घर जा रहा था। रास्ते में अचानक एक पिल्ला उसकी बाइक से टकरा गया। इसी बात को लेकर आरोपी पंकज ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर पंकज ने ईंट फेंककर मार दिया। ईंट उसके पुत्र जीवन उम्र करीब 12 वर्ष को लग गई। जबकि दूसरे ईंट के हमले में छोटे पुत्र अनमोल उम्र करीब 9 वर्ष घायल हो गया। उसकी पत्नी पूजा दोनों बच्चो को लेकर थाने गई थी। उस समय कोई कार्रवाई नहीं की गई, लेकिन रविवार की रात्री जब वह अपने छोटे भाई हितेश के साथ घर लौट रहा था। तभी पंकज ने अपने मौसेरी भाई अंकित, अपने छोटे भाई अंजिश ने मिलकर उसके भाई हितेश के साथ मारपीट करने लगे। जिसमें फावडे से हितेश के ऊपर वार किया। घायल अवस्था में उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हितेश की गंभीर दशा को देखकर मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## किसानों की समस्या को लेकर भाकियू भानू ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** भारतीय किसान यूनियन संघर्ष (अराजनैतिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरनजीत सिंह गुर्जर के नेतृत्व में किसानों की विभिन्न समस्याओं को देखते हुए तहसील मुख्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया। इस मौके उप जिला. धिकारी, क्षेत्राधिकारी को किसानों की समस्या को लेकर ज्ञापन दिया गया।

सरनजीत गुर्जर ने कहा कि चीनी मिल द्वारा किसानों का गन्ना भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे किसान काफी परेशान है। मेरठ मार्ग की सड़क टूट गई है, उनको ठीक कराया जाए। गैस सिलेंडर की कालाबाजारी को पूर्ण रूप से रोका जाए और आम नागरिक को समय से सिलेंडर दिया जाए। तहसील में प्राइवेट लोगों को लगाया गया, अवैध खनन का कारोबार चर्म सीमा पर चल रहा है। बिजली कर्मचारी आम लोगों को परेशान कर रहे है। स्मार्ट मीटर सरकार के आदेशानुसार ही लगाया जाए। इस दौरान अधिकारियों ने सभी समस्याओं को सुनकर जल्द से जल्द सभी समस्याओं का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर युवा प्रदेश अध्यक्ष नितेश पंडित, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रेखा पहलवान,कृष्ण वीर गब्बर, पदम सिंह,सोनू बेनीवाल, अंबार अली, रवि कुकरेजा खालिद, कदीर अली, विनोद शर्मा, चंद्रपाल,फैजान, हारून, बाबर, दीपक, फतेह सिंह आदि मौजूद रहें।

## मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह में हुआ निकाह पति ने छोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह कार्यक्रम में निकाह होने के बाद पति द्वारा छोड़ने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को शिकायत कर कार्रवाई करने की बात कहीं है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी महिला ने बताया कि उसका रिश्ता गढ़ के एक गांव निवासी युवक से तय हुआ था। उसके बाद उसका निकाह जनवरी में आयोजित ब्लाक में मुख्यमंत्री सामुहिक विवीह में कराया गया। लेकिन निकाह के कुछ दिन बाद ही उसको छोड़ दिया। अब वह पति से बार बार घर ले जाने की मांग कर रही है, लेकिन आरोपी पति ने उसको साथ ले जाने से मना कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## फर्जी बैनामा करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कपूरपूर पुलिस ने फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेजों के जरिए बैनामा करने के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी काफी समय से फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी।

थाना प्रभारी के अनुसार बीएनएस के अंतर्गत वांछित आरोपी को ग्राम सपनावत क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रामवीर पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम करीमपुर भाईपुर थाना धौलाना जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन का बैनामा कराने का आरोप है। इस तरह के मामलों को लेकर पुलिस पहले से ही सतर्क थी और लगातार वांछित अभियुक्तों की धरपकड़ के लिए अभियान चला रही थी। थाना कपूरपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। थाना प्रभारी का कहना है कि मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सड़क हादसें में दो लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** दिल्ली के उत्तम नगर निवासी अशोक कुमार सोमवार की सुबह को अपने दोस्त कपिल के साथ बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से गजरौला के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह सिंभावली के गांव बक्सर के निकट पहुंचे तो पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह घायल हो गए। घायलों को राहगीरों ने अस्पताल में भर्ती कराया है।

## महिला ने लगाया दुष्कर्म करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि चार दिन पूर्व वह घर पर अकेली थी। तभी देर रात को पड़ोसी युवक उसके घर आया और गाली गलौज करने लगा। पीड़िता ने उसका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता ने पुलिस में शिकायत करने की बात कहीं तो आरोपी ने उसको जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

## माहौल बिगाड़ने की साजिश करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र में सामा. जिक सौहार्द बिगाड़ने और जातीय हिंसा भड़काने के आरा. ेप में कुछ नामजद लोगों के खिलाफ उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि बाहरी तत्वों द्वारा माहौल खराब करने की कोशिश की जा रही है, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन सकती है। वहीं पुलिस ने सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाले दोनों समाज के युवाओं के सोशल मीडिया एकांउट को बंद करने की तैयारी शुरू कर दी है।

सोमवार को भीम आर्मी एंव असपा के कार्यकर्ता सर्व प्रथम अंबेडकर पार्क पर एकत्र हुए। यहां से सभी लोग पैदल मार्च करते हुए तहसील परिसर में पहुंचे। यहां पर एसडीएम श्री राम सिंह, सीओ स्तुति सिंह को एक ज्ञापन देकर उल्लेख किया है कि गढ़ क्षेत्र में सभी समाज के लोग आपसी भाईचारे के साथ रहते हैं, लेकिन कुछ असामाजिक तत्व जानबूझकर जातीय विवाद को हवा देने का प्रयास कर रहे हैं। आरोप है कि 30 अप्रैल को तहसील परिसर में एकत्र होकर इन लोगों ने कथित रूप से एक विशेष समाज के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और भड़काऊ बयान दिए, जिससे समुदाय विशेष में रोष फैल गया। उक्त लोग सोशल मीडिया के माध्यम से भी आपत्तिजनक कर रहे हैं, जिससे आक्रोश बढ़ रहा है। आरोप लगाया गया कि संबंधित व्यक्तियों के राजनी. तिक प्रभाव के चलते अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। ज्ञापन देने के दौरान लोगों ने चेतावनी दी गई है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बिगड़ सकती है। उन्होंने उपजिलाधिकारी से मांग की है कि नामजद आरो. पियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए

पश्चिमी बंगाल, असम व पुडुचेरी में भाजपा की प्रचंड जीत पर कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल

# भाजपाइयों ने मिठाई व झालमुरी खिलाकर दी बधाई





**पश्चिमी बंगाल की धरती पर जीत पूरे देश के लिए एक सकारात्मक संदेश: डा.अजय सिंह**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** माता काली की पावन धरा व जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म भूमि पश्चिम बंगाल सहित असम पुडुचेरी तीनों प्रदेशों में प्रचंड जीत के साथ भाजपा की पूर्ण बहुमत सरकार बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने घंटाघर पर मिठाइयां वे झाल मुरी खिलाकर बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने यहां आतिशबाजी कर ढोल की थाप पर डांस भी किया।

मेयर डा.अजय सिंह ने कहा कि यह जनादेश नए भारत की सोच को दर्शाता है, जहां विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत और सनातन मूल्यों को भी समान महत्व दिया जाता है। पश्चिम बंगाल जैसी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरती पर यह जीत पूरे देश के लिए एक सकारात्मक संदेश हे। महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने वर्षों से चली आ रही भय, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति को पूरी तरह से नकारते हुए विकास, सुशासन और सांस्कृतिक आत्मसम्मान के पक्ष में ऐतिहासिक निर्णय लिया है। पूर्व महापौर संजीव वालिया ने कहा कि अब जनता अपनी जड़ों और पहचान के प्रति जागरूक हो चुकी है।

महामंत्री सरदार सुपनीत सिंह, महामंत्री किशोर शर्मा, ललित कटारिया, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी गौरव गर्ग, मीडिया प्रभारी विजय गुप्ता ने भी विचार रखे।

इस अवसार पर सोशल मीडिया प्रभारी प्रदीप शर्मा, हेमंत धीमान, कोषाध्यक्ष मानवेंद्र भारद्वाज, महानगर उपाध्यक्ष संदीप रावत, मनोज ठाकुर, दिनेश सेठी, प्रवीण छाबड़ा महानगर मंत्री नीरज ठकराल, बबीता सैनी, ठाठ सिंह, नितिन परमार, सागर वर्मा, अंकित जाटव, जितेन सचद. ेवा, मण्डल अध्यक्ष मनुज तायल, विजय चौहान, गोपाल महेंद्रत्ता, हनी वर्मा, जोगेंद्र लाला, पार्षद राहुल झाम, मनीष सचदेवा, निशांत शर्मा, जसबीर मोघा, मनोज जैन, गौरव जैन, राजकुमार कालरा, कुलदीप पुंडीर, हैदर, जावेद आदि मौजूद रहे।

# 25 वार्डों में लग चुके 18 हजार कुत्तों को एंटी रेबीज टीके



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर नगर निगम प्रदेश का ऐसा पहला नगर निगम है जिसके द्वारा वृहद स्तर पर एंटी रेबीज टीकाकरण कार्यक्रम त्वरित गति से संचालित किया जा रहा है। नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देशन में नगर निगम द्वारा पिछले चार महीने में ही अब तक 25 वार्डों को कवर करते हुए 18 हजार श्वानों( कुत्तों) का एंटी रेबीज टीकाकरण किया जा चुका है। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2030 तक भारत को रेबीज मुक्त बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए नगर निगम सहारनपुर गंभीरता के साथ एंटी रेबीज अभियान को गति दे रहा है।

निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी एवं एंटी रेबीज अभियान के प्रभारी डॉ. सदीप मिश्रा ने बताया कि नगरायुक्त शिपू गिरि के दिशा निर्देशन में राष्ट्रीय रेबीज नियत्रंण कार्यक्रम के अंतर्गत एंटी रेबीज वैक्सीनेशन की शुरुआत गत आठ जनवरी को वार्ड 40 के निगम परिसर से महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि द्वारा की गयी थी। उन्होंने बताया कि 300 दिन में 70 वार्डो को पूरा करने का लक्ष्य है, जिसके सापेक्ष करीब चार माह में 25 वार्डो को कवर किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि एंटी रेबीज अभियान में पांच टीमें काम कर रही हैं। हर टीम में चार डॉग कैचर, एक वैक्सीनेटर और एक पशु चिकित्सक तथा एक वाहन शामिल है। उन्होंने बताया कि नगरायुक्त के निर्देश पर सार्वजनिक स्थानों बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, धार्मिक स्थलों आदि के आसपास यह अभियान प्राथमिकता के साथ चलाया गया है। इसके अतिरिक्त नगर निगम द्वारा अब तक 25785 श्वानों का बंध्याकरण (नसबंदी) भी किया जा चुका है। बंध्याकरण के दौरान भी कुत्तों में एंटी रेबीज वैकसीनेशन किया जाता है। जिन श्वानों में बंध्याकरण के दौरान वैक्सीनेशन किया गया था उन्हें भी बूस्टर डोज दिया जा रहा है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि भारत सरकार के राष्ट्रीय रेबीज नियत्रंण कार्यक्रम का उद्देश्य 2030 तक भारत को रेबीज मुक्त बनाना और 2030 तक रेबीज के कारण श्वानों से होने वाली मौतों को शून्य पर लाना है।

# अलग अलग मामलों के वारंटी पकड़े

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने विभिन्न मामलों में संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार मंडी कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी व उपनिरीक्षक प्रतापदत्त शर्मा के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर एक वारंटी आरोपी आमिर उर्फ पिल्ला पुत्र शरीफ निवासी पीरवाली गली चांद कालोनी थाना मंडी को पकड़ लिया। इसके अलावा उपनिरीक्षक प्रेमपाल सिंह के नेतृत्व में एक अन्य वारंटी आरोपी इम्तियाज उर्फ मटरू पुत्र दिलशाद निवासी मिद्देवाली गली खाताखेड़ी उसके घर से दबोच लिया। दबोचा गया आरोपी न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-11 सहारनपुर न्यायालय से वांछित चल रहा था। उपनिरीक्षक राहुल शर्मा के नेतृत्व में वारंटी आरोपी आकिल पुत्र हनीफ निवासी सलमान कालोनी थाना मंडी को, जो एनडीपीएस एक्ट के मामले में वांछित था, दबोच लिया। उपनि. रीक्षक उपेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने उस्मान पुत्र इनाम निवासी पुरानी मंडी को उसके मकान से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

**सहारनपुर।** 29वीं उत्तर प्रदेश राज्य सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 07 और 08 मई को प्रयागराज के पंडित मदन मोहन मालवीय स्टेडियम पर उतर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के तत्वाधान मे होना निर्धारित है।

## दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना देहात कोतवाली पुलिस ने दो वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक देवेश कुमार शर्मा, उपनिरीक्षक श्याम सिंह, उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह भड़ाना के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर दो वारंटी आरोपियों मुर्सलीन पुत्र मंगता निवासी शेखपुरा कदीम व ऋतिक पुत्र सुखवीर सिंह निवासी धतोली रांघड़ थाना कोतवाली देहात को उनके मकानों से दबोच लिया।

# केरल में कांग्रेस की जीत से कार्यकर्ताओं में खुशी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** केरल में कांग्रेस पार्टी के शानदार प्रदर्शन एवं सरकार बनने की खुशी में महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा खुशी मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर बधाई दी।

महानगर कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने कहा कि पश्चिम बंगाल और असम मे भाजपा ने बेईमानी की सारी हदे पार कर दी है चुनाव आयोग भाजपा आयोग बन कर काम कर रहा है 65 लाख मुस्लिम मतदाता को लिस्ट से बाहर कर दिया और जहाँ पर मुस्लिम वोट अधिक थे वहा पुलिस का लाठीचार्ज करवा कर उन्हें मत दान नहीं करने दिया प्रतिशत बढ़ाने के लिए मशीनों को अधिकारियो ने मतो से भर दिया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष मुजफ्फर अली गुर्जर, पीसीसी धर्मपाल जोशी, महानगर उपाध्यक्ष इकराम खान, महसचिव मयंक शर्मा, सचिव रवि कुमार, बरकत अंसारी, महासचिव नसीब खान आदि मौजूद रहे।

# मंत्री और विधायक ने बांटी मिठाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** भाजपा की शानदार जीत पर उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री जसवंत सैनी और प्रतिनिधि कृष्ण चंद सैनी ने अपने आवास पर खुशी का इजहार किया व एक दूसरे का मुंह मीठा कराया।

उधर विधायक देवेंद्र निम ने भी उत्साहित कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और प्रचंड विजय का जश्न मनाया। इस जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और जनता के अटूट विश्वास को दिया गया। जिसके चलते पार्टी ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। चुनावी नतीजों में भाजपा गठबंधन ने पश्चिम बंगाल में पहली बार अपनी ताकत दिखाते हुए ऐतिहासिक मौजूदगी दर्ज कराई है। वहीं असम में लगातार तीसरी बार और पुडुचेरी में दूसरी बार सरकार बनाकर पार्टी ने अपनी लोकप्रियता और जनसमर्थन को पुन: सिद्ध किया है। स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ताओं के इस भारी उत्साह ने पार्टी की इस व्यापक राजनैतिक उपलब्धि को क्षेत्र में और भी यादगार बना दिया है।

# आत्मरक्षा के लिए कराटे सबसे उत्तम: चौ.नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व राज्यमंत्री व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि कराटे आत्मरक्षा के लिये सबसे उत्तम खेल है।

चौ.नीरपाल सिंह ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि खेलो के इस महाकुंभ के लिए में अध्यक्ष विजय कौशिक सहित पूरी आयोजक कमेटी को खेलो के इस विशाल आयोजन के लिए बधाई के पात्र है। कराटे चैंपियनशिप का यह विशाल आयोजन खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करेगा। विभिन्न राज्यों से आए हुए ये नन्हें मुन्ने सितारे एक दिन देश का भविष्य बनाएंगे। यह आयोजन हम सबके लिए प्रेरणास्रोत है खेलो के ऐसे विशाल आयोजन होते रहने चाहिए इससे देश में खेलो को बढ़ावा मिलेगा।चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि कराटे एक खेल ही नहीं बल्कि आत्मरक्षा का सबसे बड़ा हथियार है। कराटे सीखने से खिलाड़ी वक्त पड़ने पर आत्मरक्षा भी कर सकता है। विधायक संजीव शर्मा ने भी अपने विचार रखे।

इस दौरान आयोजक कमेटी के अध्यक्ष विजय कौशिक, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंदरजीत सिंह टीटू, रालोद अध्यक्ष रेखा चौधरी, महासचिव राजीव मुंडेलवाल, उपाध्यक्ष नौशाद अली आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# वीरेंद्र गुर्जर पर हो सख्त कार्रवाई: ठा.विरेंद्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पूर्व विधायक ठाकुर वीरेंद्र सिंह ने वीरेन्द्र गुर्जर के बयान पर सख्त आपत्ति जताते हुए प्रशासन से सख्त कार्येवाई की मांग की है।

पूर्व विधायक ने कहा कि अगर इस तरह का बयान कोई मुसलमान दे देता तो अब तक बुलडोजर की कार्यवाही भी हो चुकी होती और उसके खिलाफ पुलिस प्रशासन ऐसी कार्येवाही करता जो नजीर बन जाती। वीरेंद्र ठाकुर ने कहा कि ये वीरेन्द्र गुर्जर सुर्खियों में रहने के लिए हमेशा इस तरह के नफरती बयान देता है मगर इसपर पुलिस प्रशासन कोई कार्यवाही नही करता।

पूर्व विधायक ने कहा कि पुलिस प्रशासन को इस नफरती व्यक्ति के खिलाफ ऐसी सख्त कार्यवाही करनी चाहिए जिससे फिर कोई भी समाज मे अमन के खिलाफ खिलवाड़ करने का दुस्साहस न कर सके।

# विकास भवन में किसानों का बेमियादी धरना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्राम पंचायत दनियालपुर उर्फ नोजली में प्रधान द्वारा कराये गये विकास कार्यो की जांच की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा ने विकास भवन में अनिश्चितकाल. ीन धरना शुरू किया।

राष्ट्रीय प्रभारी शहबाद प्रधान व जिलाध्यक्ष अमर त्यागी के नेतृत्व में दिये गये धरने पर बैठे किसानों का कहना था कि ग्राम प्रधान द्वारा कराये गये विकास कार्यो की जांच हेतु शिकायत की गई थी, लेकिन आज तक भी कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा कराई गई जांच अधूरी है, क्योंकि कोई तकनीकी अधिकारी नियुक्त न होने के कारण प्रधान द्वारा कराये गये कार्यो की गुणवत्ता और सही माप की जांच नहीं हो गई। धरने के दौरान मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय जाने के लिये वहां से निकले, लेकिन किसानों की बातों को नजरअंदाज किये जाने का आरोप लगाते हुए किसान भडक गये और धरना लगातार जारी रखने की बात कही। किसानों की मांग है कि ग्राम पंचायत का पैसा प्रधान द्वारा अपने सगे भाई अशफाक के खाते में ट्रांसफर किये जाने, निजी लाभ के लिये निजी संपत्तियों में सीसी, नल की मरम्मत और रीबॉर कर सरकारी धन के गबन, थोडा कार्य कर अधिक धन निकालने, तकनीकी अधिकारी से विकास कार्यो की गुणवत्ता और क्षेत्रफल की जांच हो। इसके अलावा सफाई कर्मचारी के नाम पर पैसे के गबन, स्ट्रीट लाइट की मरम्मत के नाम पर गबन तथा इंटरलोकिंग कार्य की निष्पक्ष जांच कराने की मांग भी की गई।

धरने पर डा.रमीज, रोबिन त्यागी, नौशाद चेयरमैन, मंसूर, अशोक कुमार, अजब सिंह आदि समेत भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## मारपीट कर रुपए छीने

**गंगोह।** देर रात मोहड़ा गेट के पास अज्ञात बाइक सवारों ने एक व्यक्ति को रोककर उसके साथ मारपीट की और 1100 रुपये छीन लिए। घायल को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार गांव मोहड़ा निवासी सतीश कुमार देर रात गांव दुधाला से खेत में गन्ना छीलकर साइकिल से अपने घर लौट रहे था। जैसे ही वह मोहड़ा गेट के पास पहुंचा, अंधेरे में दो बाइकों पर सवार तीन अज्ञात युवकों ने उन्हें रोक लिया। पीड़ित ने बताया कि बिना किसी बात. चीत के एक युवक ने मेरे के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान हमलावरों ने मेरी जेब से करीब 1100 रुपये छीन लिए।

# 20 पात्र किसानों को चेक वितरित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने आज प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ फसल की क्षति पूर्ति के 20 पात्र किसानों को चेक वितरित किए।

कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत खरीफ फसल क्षति पूर्ति हेतु पात्र किसानों को चेक वितरित किये गये। कार्यक्रम में स्वराज ग्राम जसमौर, सचिन काम्बोज ग्राम गुमटी, महाविन्द्र सिंह ग्राम सोराना, कमलेश ग्राम कमलेश, मेघपाल ग्राम जन्धेडी सहित 20 कृषकों को चेक वितरित किये गये। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी कपिल कुमार, अपर जिला कृषि अधिकारी राजबीर, एसएमएस अमित कुमार, प्रतिनिधि फसल बीमा कम्पनी गिरीश मौजूद रहे।

# एक साल से फरार आरोपी नकुड पुलिस के हत्थे चढ़ा

**दुकान पर मारपीट, जानलेवा हमले व फायरिंग को दिया था अंजाम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** करीब एक साल से पुलिस की पकड़ से दूर चल रहा एक वांछित आखिरकार गिरफ्त में आ ही गया। पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी वह आरोपी अचानक पुलिस के जाल में फंस गया इसके पीछे रही सटीक रणनीति और लगातार दबिश रही।

थानाध्यक्ष सुरेश कुमार ने बताया कि बीती मध्य रात्रि पुलिस टीम ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे वांछित अजय पुत्र प्रमोद निवासी मोहद. ीनपुर को गिरफ्तार कर लिया। बताया कि मामला जून 2025 का है उस समय आरोपी ने खेड़ा अफगान में एक दुकान पर मारपीट के बाद उस पर जान लेवा हमले के इरादे से फायरिंग की थी। घटना के बाद से ही वह फरार चल रहा था लेकिन पुलिस लगातार उसके पीछे लगी हुई थी। आखिरकार मुखबिर की सूचना और सटीक घेराबंदी के चलते आरोपी को उसके गांव से दबोच लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी पर पहल से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष सुरेश कुमार, अंबेहटा चौकी इंचार्ज देवेन्द्र अधाना सहित पुलिस टीम के सहयोग से आरोपी को पकड़ा जा सका।

# निर्माण में रखें गुणवत्ता का ध्यान: डीएम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान लोक निर्माण विभाग के कार्यो एवं कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिये।

जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने संबंधित विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में समयबद्धता के साथ गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। संबंधित विभिन्न विभाग आपसी बेहतर समन्वय स्थापित कर सुनिश्चित करें कि कार्यों में अनावश्यक रूप से देरी न हो। जो कार्य प्रारम्भ होने वाले है उनकी तैयारी पहले से ही कर ली जाए। अनापत्ति प्रमाण पत्र संबंधी कार्यों में तेजी से कार्यवाही की जाए। शासन स्तर पर लम्बित प्रकरणों का निरंतर फालोअप लिया जाए। अगली बैठक में कार्ययोजना बनाकर लाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी निर्माण कार्यों का निरंतर फालोअप करते रहें। जिलाधिकारी ने माँ शाकम्भरी देवी समेकित पर्यटन विकास में निर्माण परियोजनाओं में प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल, नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, एक्सईन लोनिवि धर्मेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात चोरों ने बंद पड़े मकान को खंगाला

**पीड़ित मकान मालिक ने थाने में कार्रवाई को दी तहरीर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** अज्ञात चोरों ने मजदूरी पर गये युवक के बन्द पडे मकान को निशाना बनाते हुए घर के सभी नये व पुराने सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीडित ने थाना पर तहरीर दी है।

ग्राम पटना उर्फ नयाबांस निवासी जाखिर पुत्र वहीद अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि वह पौंटा साहिब हिमाचल प्रदेश में रहकर मजदूरी का काम करता है। जहां पर वह किराये का मकान लेकर परिवार सहित रह रहा था। हाल ही में वह अपने घर पटना उर्फ नयाबांस लौटा और जैसे ही वह अपने घर में गया तो अन्दर का नजारा देख दंग रह गया।

पीड़ित के घर का सभी सामान बर्तन, नये पुराने कपड़े व अन्य लगभग अस्सी हजार रुपये कीमत का सामान उसकी गैरमौजूदगी में अज्ञात चोरों द्वारा उड़ा लिया गया। पीड़ित ने थाना पर तहरीर देकर अज्ञात चोरों का पता लगाते हुए कानूनी कार्यवाही किये जाने तथा चोरी हुआ सामान बरामद किए जाने की मांग की है। वहीं पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

# लखनऊ ने मुंबई को 229 रन का टारगेट दिया

### पूरन के ताबड़तोड़ 63 व मार्श ने बनाए 44 रन बॉश को 2 विकेट

**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल में सोमवार को मुंबई इंडियंस (एमआई) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बीच मैच खेला जा रहा है। वानखेड़े में मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है। लखनऊ ने 19 ओवर में 5 विकेट पर 222 रन बना लिए हैं। ऐडन मार्करम और हिम्मत सिंह क्रीज पर हैं। 13वें ओवर की पहली बाल पर अक्षत रघुवंशी (11 रन) को रघु शर्मा ने अपनी ही बाल पर कैच किया। रघुवंशी ने अपनी पहली बाल पर छक्का लगाया था। कप्तान ऋषभ पंत (15 रन) को विल जैक्स ने विकेटकीपर रायन रिकेल्टन के हाथों कैच कराया। 9वें ओवर में कार्बिन बाश ने मिचेल मार्श (44 रन) और निकोलस पूरन (63 रन) को पवेलियन भेजा। पावरप्ले में अल्लाह गजनफर ने जोश इंग्लिस (13 रन) को कप्तान सूर्यकुमार यादव के हाथों कैच कराया। दोनों टीमें इस सीजन में पहली बार आमने-सामने हैं। अगर मुंबई की टीम आज अपने घर में हार जाती है, तो प्लेआफ की रेस बाहर हो जाएगी। दूसरी ओर लखनऊ सुपर जायंट्स के पास प्लेआफ की रेस में बने रहने का आखिरी मौका है। दोनों ही टीमों के पास एक समान 8-8 अंक हैं। 18वें ओवर में ऐडन मार्करम और हिम्मत सिंह ने छठे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप की। दीपक चाहर ने ओवर की दूसरी बाल वाइड फेंक दी। इसी से आए एक रन के सहारे साझेदारी का 50वां रन बना। लखनऊ ने 200 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। रघु शर्मा की चौथी बाल पर हिम्मत सिंह ने छक्का लगाया। इसी छक्के के सहारे टीम ने 200 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। 14वें ओवर में ऐडन मार्करम को जीवनदान मिला। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने कैच कराया। बैक ऑफ लेंथ गेंद तेजी से बाहर निकली और नीची रही, मार्करम के बैट का किनारा लेकर कैच हो गया, लेकिन, तुरंत पता चला कि यह नो-बाल थी, जिससे बल्लेबाज को जीवनदान मिल गया। अगली बाल भी नो करार दी गई। बुमराह के इस ओवर से 7 रन आए। अक्षत रघुवंशी द्ध11 रनऋ को रघु शर्मा ने अपनी ही बाल पर कैच किया। रघुवंशी ने अपनी पहली बाल पर छक्का लगाया था। 11वें ओवर में कप्तान ऋषभ पंत 15 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें विल जैक्स ने विकेटकीपर रायन रिकेल्टन के हाथों कैच कराया। इसी ओवर में अक्षत रघुवंशी ने अपनी बाल पर छक्का लगाया। इसी के साथ टीम का स्कोर 150 पार हो गया। 9वें ओवर में कार्बिन बाश ने दो विकेट झटके। उन्होंने मिचेल मार्श (44 रन) और निक. ोलस पूरन (63 रन) को कैच आउट कराया। मार्श को नमन धीर ने कैच किया।



लखनऊ के जोश इंग्लिश को आउट करने के बाद खुशी मनाते मुंबई के गजनफर।

## फिल सॉल्ट उंगली में लगी चोट का स्कैन कराने इंग्लैंड गए

**चेन्नई, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के बल्लेबाज फिल सॉल्ट उंगली में लगी चोट के स्कैन के लिए इंग्लैंड लौट गए हैं।

सॉल्ट इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के टीम प्रबंधन के अनुरोध पर स्वदेश लौट गए हैं और अपनी उंगली का स्कैन कराया है। खिलाड़ी और टीम दोनों को उम्मीद है कि उनकी उंगली जल्द ठीक हो जाएगी और सॉल्ट इस महीने भारत लौट सकेंगे। सॉल्ट की गैरमौजूदगी में उनके साथी खिलाडी जेकब बेथेल को विराट कोहली के साथ ओपनिग का अवसर मिला सकता है, वह सीजन की शुरुआत में बेंच पर बैठे थे। तीन पारियों में 39 रन बनाकर बेथेल अभी तक बड़ा प्रभाव नहीं डाल पाए हैं, लेकिन अब उन्हें शीर्ा क्रम में खेलने मौका मिलने की संभावना है। अगर सॉल्ट की चोट सीजन खत्म करने वाली साबित होती है, तो आईपीएल नियमों के तहत आरसीबी उनके रिप्लेसमेंट पर साइन कर सकती है, लेकिन टीम उन्हें ठीक होने का पूरा अवसर देना चाहती है।

आरसीबी का अगला मैच गुरुवार रात लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ है। आरस. ीबी ने सॉल्ट की चोट की प्रकृति को सार्वजनिक रूप से नहीं बताया है। सॉल्ट को 18 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान एक बाउंड्री बचाने के लिए डाइव लगाते समय बाएं हाथ की उंगली में चोट लगी थी। उन्होंने सीजन की शुरुआत शानदार की और छह पारियों में 168-33 की स्ट्राइक रेट से 202 रन बनाए थे।

### खेल विशेष

## मेटा लाया एआई चश्मों पर क्रिकेट का लाइव अपडेट

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के क्रिकेट सीजन में प्रशंसक मेटा, रे-बैन मेटा और ओकले मेटा चश्मों पर लाइव क्रिकेट अपडेट पा सकते है। इस नए फीचर की मदद से भारत में क्रिकेट प्रशंसक अब अपने फोन को हाथ लगाए बिना हर मैच की पूरी जानकारी रख सकते हैं। मेटा एआई से अपनी पसंदीदा टीम के मैच को फॉलो करने के लिए कहें और एआई द्वारा बताए गए स्कोर अपडेट, विकेट अलर्ट, अहम पड़ावों की झलकियां और मैच के नतीजे सीधे अपने एआई चश्मों पर, उसी समय पाएं। इसमें विज्ञापनों का ब्रेक नहीं होगा। आपको बस इतना कहना है हॉय मेटा फोलो और अपनी पसंदीदा टीम का नाम या आने वाले मैच का नाम बताएं, ताकि आपको उसी समय के अपडेट मिल सकें।

## भारतीय टीम तीरंदाजी विश्वकप के दूसरे चरण में लेगी भाग

**शंघाई (चीन), वार्ता।** अनुभवी तीरंदाजों ज्योति सुरेखा वेन्नम और दीपिका कुमारी की अगुवाई में 16-सदस्ईय भारतीय टीम यहां मंगलवार से शुरु हो रहे आर्चरी वर्ल्ड कप 2026 के दूसरे चरण में हिस्सा लेगी। चार चरणों वाले आर्चरी वर्ल्ड कप सर्किट के इस दूसरे चरण में 5 से 10 मई तक 44 देशों के 300 से ज्यादा तीरंदाज अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। इस प्रतियोगिता में साल्टिलो में होने वाले वर्ल्ड कप फाइनल के लिए क्वालिफकिशन स्थान दांव पर होंगे। पिछले महीने मेक्सिको के पुएब्ला में हुए सीजन के पहले चरण में भारत को आर्चरी में केवल एक पदक मिला था। उस प्रतियोगिता में एशियाई खेलों की चैंपियन ज्योति, मधुरा धामनगांवकर और प्रगति की महिला कंपाउंड टीम ने स्वर्ण पदक जीता था। फरवरी में कोलकाता में हुए राट्रीय ट्रायल्स के जरिए चुनी गई यही 16-सदस्ईय टीम शंघाई में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

## केकेआर की वापसी को पटरी पर बनाए रखने को वरुण ने गति धीमी की

**अहदमदाबाद, वार्ता।** पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायडू का मानना है कि वरुण चक्रवर्ती ने पिच के मिजाज को भांपते हुए अपनी और कोलकाता नाइट राइडर्स द्धकेकेआरऋ की वापसी को पटरी पर बनाए रखने के लिए सनाइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बीच के ओवरों में अपनी गति धीमी कर ली। रायडू ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि वरुण ने शुरू में थोड़ी तेज गति से गेंदबा. जी शुरू की, और फिर जब उन्हें कुछ चौके-छक्के पड़े, तो उन्होंने बीच के ओवरों में अपनी गति धीमी कर ली। मुझे लगता है कि इस टूर्नामेंट में उन्होंने बहुत ही शानदार वापसी की है, अब वह क्रीज का बहुत अच्छे से इस्तेमाल कर रहे हैं, साथ ही गेंदबाजी के एंगल और अपनी गति का भी सही तालमेल बिठा रहे हैं।

# एमएस धोनी नहीं आएंगे दिल्ली चेन्नई में जारी रखेंगे रिहैब

**नई दिल्ली, वार्ता।** स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के साथ होने वाले मुक. ाबले के लिए चेन्नई सपुर किंग्स की टीम के साथ नई दिल्ली नहीं आए हैं। पूर्व कप्तान धोनी चेन्नई में ही रुक गए हैं, जहां वे अपनी पिडली की चोट के लिए रिहैबिलिटेशन (इलाज) करवा रहे हैं। अभी तक यह स्पट नहीं है कि धोनी आगामी मैच के लिए पूरी तरह तैयार नहीं हैं,



लेकिन फ्रेंचाइजी के अधिकारियों ने इस सीजन में उनके कोई मैच खेलने की संभावना से इनकार नहीं किया है। टीम के एक सीनियर अधिकारी ने क्रिकब्ज को बताया कि उन्हें किसी न किसी स्टेज पर उपलब्ध होना चाहिए। चेन्नई सुपर किंग्स के इस सीजन में अभी पांच मैच और बाकी हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के बाद, चेन्नई सुपर किंग्स 10 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स की मेजबानी करेगी, जिसके बाद 15 मई को लखनऊ में ऋाभ पंत की टीम के खिलाफ वापसी का मैच होगा। इसके बाद वे 18 मई को सनराइजर्स हैदराबाद की मेजबानी करेंगे, और फिर 21 मई को इस सीजन के अपने आखिरी लीग मैच के लिए अहमदाबाद जाकर गुजरात टाइटन्स का सामना करेंगे। उल्लेखनीय है कि धोनी ने इस सीजन में एक भी मैच नहीं खेला है।

# दिल्ली कैपिटल्स, चेन्नई सुपर किंग्स के लिए प्लेऑफ की चुनौती

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मंगलवार को होने वाले लीग मुकाबले में दोनों टीमें प्लेऑफ में बनाए रखने की चुनौती का सामना करेंगी। दोनों टीमें के तालिका में समान अंक है।

यह एक ऐसा अहम मोड़ लगता है जो यह तय कर सकता है कि प्लेऑफ की दौड़ में कौन बना रहेगा और कौन दबाव के चलते पैदा हुई अफरा-तफरी में फंसता चला जाएगा। दोनों टीमों ने अपने नौ मैचों में से चार जीते हैं, दोनों के आठ-आठ अंक हैं, और दोनों जानती हैं कि गलती की गुंजाइश तेजी से कम होती जा रही है। फिर भी, यहां तक पहुंचने के लिए उन्होंने जो रास्ते अपनाए हैं, वे



एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। दिल्ली कैपिटल्स की बात करें, तो वह एक ऐसी टीम रही है जिसमें सब कुछ या तो बहुत अच्छा होता है या बहुत बुरा। जब वे लक्ष्य का पीछा करते हैं, तो वे निडर दिखते हैं, और कभी-कभी तो उन्हें रो. कना लगभग नामुमकिन लगता है। लेकिन जब वे पहले बल्लेबाजी करते हैं, तो उनका यह सीजन अक्सर अस्थिरता का शिकार हो जाता है, जिसकी झलक उनके नेगेटिव नेट रन रेट में स्पट दिखती है। केएल राहुल उनके बल्लेबाजी क्रम में एकमात्र ऐसे खिलाड़ी रहे हैं जिनका प्रदर्शन लगातार अच्छा रहा है। उन्होंने शांत और मजबूत अंदाज में टीम की जम्मिदारी संभाली है। लक्ष्य का पीछा करते समय मैच पर अपना नियंत्रण बनाए रखने की उनकी काबि. लियत इस सीजन में दिल्ली के बेहतरीन प्रदर्शनों की मुख्य वजह रही है, और एक बार फिर, टीम की ज्यादातर उम्मीदें उन्हीं के कंधों पर टिकी हैं। उनके आस-पास, दिल्ली की बल्लेबाजी ने शानदार झलकियां दिखाई हैं। पथुम निसांका की हालिया फिफ्रटी ने शीर्ा क्रम में लय ला दी है।

# ऑरेंज कैप फिर से अभिषेक के सिर, रबाडा पर्पल कैप की दौड़ में

**अहदाबाद, वार्ता।** अभिोक शर्मा कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मात्र 15 रन बनाकर एक बार फिर से ऑरेंज कैप तालिका में शीर्ा पर पहुंच गए है। वहीं कगिसो रबाडा 16 विकेटों के साथ पर्पल कैप की दौड़ में शामिल हो गए है। ऑरेंज कैप तालिका में कम अंतर पर कब्जा देखने को मिल रहा हैं।

जैसे केकेआर के खिलाफ अभिोक शर्मा ने केवल 15 रन बनाए, लेकिन यह केएल राहुल (दिल्ली कैपिटल्स) से सात रन आगे निकलने और शीर्ा स्थान वापस हासिल करने के लिए काफी था। हाइनरिक क्लासन अवसर का फायदा नहीं उठा सके, इसलिए राहुल (433 रन) का दूसरा स्थान सुरक्षित है। क्लासन ने केकेआर के खिलाफ 11 रन बनाए



और अब उनके 425 रन हैं। उनके बाद राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के वैभव सूर्यवंशी (404 रन) हैं और फिर शीर्ा पांच में नया नाम जुड़ा है। गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज बी साई सुदर्शन ने हालिया शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 41 गेंदों में 57 रन बनाए और 385 रन तक पहुंच गए हैं। शुभमन गिल, प्रभसिमरन सिंह, जॉस बटलर और श्रेयस अय्यर रविवार को अधिक रन नहीं बना सके, लेकिन इशान किशन ने 42 रन बनाकर कुल 354 रनों के साथ नौवें स्थान पर जगह बनाई, जबकि ट्रैविस हेड ने भी अपनी हालिया फॉर्म जारी रखते हुए 28 गेंदों में 61 रन बनाए और 12वें स्थान तक पहुंच गए। वहीं पर्पल कैप तालि. का की बात की जाए तो कगिसो रबाडा ने पिछले छह मैचों में 12 विकेट ले लिए हैं और तेजी से ऊपर चढ़ते हुए 16 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जो कि रॉयल चैजेंजर्स बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार और चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कम्बोज से केवल एक विकेट पीछे हैं। प्रसिद्ध कृणा को फिर बाहर बैठना पड़ा, इशान मलिगा को कोई विकेट नहीं मिला, राशिद खान को केवल एक विकेट मिला।

# जैनिक सिनर ने जीता मैड्रिड ओपन का खिताब

**मैड्रिड, वार्ता।** विश्व नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर मैड्रिड ओपन का खिताब अपने नाम किया। इटली के दिग्गज जैनिक सिनर ने जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 57 मिनट तक चले मुकाबले में 6-1, 6-2 से हराकर, अपने करियर में पहला मैड्रिड ओपन का खिताब जीत लिया है। इस जीत के साथ सिनर लगातार पांच एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब (पेरिस, इंडियन वेल्स, मियामी, मोंटे-कार्लो, मैड्रिड) जीतने वाले पहले पुरु खिलाड़ी बन गए। सिनर ने अब कैलेंडर पर मौजूद नौ मास्टर्स 1000 प्रतियोगिताओं में से आठ जीत लिए हैं, उनके कलेक्शन में केवल रोम का खिताब ही शो है। वह अपने करियर में आठ अलग-अलग मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता जीतने वाले इतिहास के सिर्फ तीसरे खिलाड़ी हैं।



# महिला हॉकी टीम के विशेष गोल कीपिंग शिविर की सराहना कीं

**बेंगलुरु, वार्ता।** अंतर्राट्रीय टूर्नामेंट से पहले मुख्य कोच सजोर्ड मारिजने की देखरेख में डेविड विलियमसन द्वारा आयोजित भारतीय महिला हॉकी टीम के विशो गोलकीपिग शिविर की सविता, बिचू देवी खारिबाम और बंसरी सोलंकी ने सराहना की है। 22 अप्रैल से दो मई तक साई के बेंगलुरु केन्द्र में 11 दिनों तक चले इस शिविर में सीनियर गोल. कीपर सविता, बिचू देवी खारिबाम, बंसरी सोलंकी और माधुरी किडो ने इन सेशन में हिस्सा लिया। इससे उन्हें मैच जैसी स्थितियों में तकनीकी बारीकियों, फैसले लेने की क्षमता, डिफेंसिव संगठन और रणनीतिक समझ पर गहराई से ध्यान देने का मौका मिला, क्योंकि टीम आने वाले इंटरनेशनल कैलेंडर में होने वाले बड़े टूर्नामेंट की तैयारी कर रही है।

गोलकीपरों के लिए इस तरह के खास शिविर के फायदों के बारे में बात करते हुए सविता ने कहा कि एक गोलकीपर होने के नाते, मैंने हमेशा यह महसूस किया है कि इस तरह के कैंप आपको बहुत कुछ सीखने में मदद करते हैं, साथ ही आपकी स्किल्स को निखारते और बेहतर बनाते हैं। हम ट्रेनिग में मैच जैसी स्थितियां बनाते हैं और खूब चर्चा करते हैं। कैंप में बारीकियों पर इतना ध्यान देने से हमें मैच के दौरान वैसी ही स्थितियों का सामना करते समय ज्यादा सहज महसूस होता है। इसलिए, ए खास कैंप हमेशा जरूरी होते हैं

और हम आनंदना, कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि एक सीनियर खिलाड़ी होने के नाते, मुझे यह पक्का करना होता है कि मैं न सिर्फ अपने प्रदर्शन पर ध्यान दूं, बल्कि युवा गोलकीपरों पर भी ध्यान दूं और उन्हें प्रेरित करूं। मैं हमेशा देखती रहती हूं कि वे कैसा कर रही हैं और अपने अनुभव के आधार पर मैं उन्हें छोटी-छोटी बातों में कैसे गाइड कर सकती हूं। मैं हमेशा एक अच्छा माहौल बनाए रखने की कोशिश करती हूं, क्योंकि मेरा मानना है कि जब आप सही तरह के माहौल में ट्रेनिग करते हैं, तो आप अच्छा करना चाहते हैं। इसलिए, यह हर किसी को मोटिवेटेड रखने और उन्हें और भी बेहतर करने के लिए प्रेरित करने के बारे में है।

# सिडनी सिक्सर्स ने जेम्स होप्स को नया मुख्य कोच किया नियुक्त

**सिडनी, वार्ता।** सिडनी सिक्सर्स ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर जेम्स होप्स को दो साल के अनुबंध पर नया मुख्य कोच नियुक्त किया है।

सिक्सर्स क्लब ने आज यहां यह जानकारी दी है। 47 वर्ीय होप्स के लिए यह हेड कोच के तौर पर पहली भूमिका होगी। होप्स ने पहले भी असिस्टेंट कोच की भूमिकाएं निभाई हैं, खासकर फ्रैंचाइजी क्रिकेट में गेंदबाजी कोच के तौर पर। होप्स अभी चल रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स के साथ गेंदबाजी कोच के तौर पर काम कर रहे हैं। अब वह



बीबीएल के इतिहास की सबसे सफल फ्रैंचाइजयों में से एक की कमान संभालेंगे। सिक्सर्स ने तीन बार यह खिताब जीता है और कई बार उपविजेता भी रहे हैं, जिसमें हाल ही का सीजन भी शामिल है। इसके बाद ग्रेग शिप्पर्ड को हेड कोच के पद से हटा दिया गया था। अपनी नियुक्ति के बाद होप्स ने कहा कि सिडनी सिक्सर्स से जुड़कर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह एक ऐसा क्लब है जिसका इतिहास गौरवशाली है और जिसकी पहचान निरंतरता, प्रतिस्पर्धी भावना और अपने प्रशंसकों के साथ गहरे जुड़ाव पर बनी है। मैं खिलाड़ियों के इस प्रतिभाशाली समूह के साथ काम करने और बीबीएल में सिक्सर्स की सफलता के अगले चरण में अपना योगदान देने के लिए उत्साहित हूं। उल्लेखनीय है कि जेम्स ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 84 एकदिवसीय और 12 टी-20 मैच खेले हैं। उन्होंने अपना आखिरी अंतर्राट्रीय मैच 2010 में खेला था।

# सम्पादकीय

## भाजपा का जोश चरम पर

तय कार्यक्रम के अनुसार 4 मई को पांच राज्यों में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव की मतगणना शुरू हुई। शाम आते-आते जो रुझान सामने आए, वह लगभग ऐसे ही थे, जिनके संबंध में एग्जिट पोल पहले ही अपनी राय दे चुका था। असम, पश्चिमी बंगाल और पुड्डुचेरी ने भाजपा को खुश होने का मौका दिया। विशेषकर पश्चिम बंगाल में जिस तरह भाजपा ने प्रदर्शन किया, वह वास्तव में ऐतिहासिक ही कहा जाएगा। भाजपा पूर्व बहुमत से अधिक सीटें लेती दिखाई दे रही है, जैसाकि हम जानते हैं पश्चिमी बंगाल में 294 सीटें हैं और भाजपा 200 से अधिक सीटें लेती दिखाई दे रही है। लिखे जाने तक 127 सीटें वह जीत चुकी है और 80 पर आगे चल रही है। कांग्रेस को भी दो सीटें हाथ लगी हैं। लेफ्ट फ्रंट दो सीटों पर आगे चल रहा है। टीएमसी की बात करें, तो उसके 48 उम्मीदवार जीत चुके हैं और 32 पर वह आगे चल रही है। वास्तविक परिणाम देर रात तक आने की उम्मीद है, लेकिन इन रुझानों से साफ है कि भाजपा अपने बल पर सरकार बनाने जा रही है। भाजपा के खेमे में कितनी खुशी है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय कार्यकर्ताओं के साथ जश्न मनाने पहुंच गए और कहा कि एक कार्यकर्ता होने के नाते वह भाजपा के हर कार्यकर्ता की खुशी में शामिल हैं और आज का दिन हर मायनों में खास है। उन्होंने आज के दिन को भरोसे का दिन बताया। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि यह सालों की साधना जब सिद्धि में बदलती है तो चेहरे पर खुशी जो होती है वही कार्यकर्ताओं के चेहरों पर मैं देख रहा हूं। निश्चित रूप से प. बंगाल का चुनाव भाजपा के लिए एक बड़ा चुनाव कहा जाएगा। टीएमसी की मुखिया एवं राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पिछले 15 वर्षों से लगातार वहां शासन कर रही हैं और केंद्र सरकार के साथ उनका टकराव जगजा. हिर है, उसको देखते हुए यह चुनाव भाजपा व टीएमसी के लिए बेहद प्रतिष्ठा का चुनाव हो गया था। पश्चिम बंगाल के चुनाव की गंभीरता को लेकर भाजपा कितनी गंभीर थी कि देश के गृहमंत्री अमित शाह वहां लगभग एक महीने से अपने लाव-लश्कर के साथ डेरा डाले हुए थे, तो वहीं पीएम मोदी ने भी दर्जनभर से अधिक रोड शो कर चुनाव में जान फूंकने की कोशिश की थी और पर्दे के पीछे से आरएसएस व उसके अन्य सहयोगी संगठनों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हालांकि यह चुनाव इसलिए भी याद किया जाएगा कि शायद ऐसा नजारा कभी देखने में आया हो जब चुनाव आयोग के क्रियाकलाप चुनाव प्रचार के समय केंद्र में रहे हों। निसंदेह ऐसी स्थिति हमारे लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। इस पर चुनाव आयोग को जरूर ध्यान देना चाहिए।

## मानवता को झकझोर देने वाली घटना






प्रो. आर.के. जैन

मानवता को झकझोर देने वाली यह घटना समाज की संवेदनहीनता को उजागर करती है। पुणे के भोर तहसील के नासरापुर गांव में 1 मई 2026 को घटी यह घटना केवल अपराध नहीं, बल्कि गहरी मानवीय त्रासदी है। लगभग चार वर्ष की मासूम बच्ची, जो गर्मी की छुट्टियों में नानी के घर आई थी, उसे भोजन या बछड़ा दिखाने के लालच में पशुशाला में ले जाया गया। 65 वर्षीय व्यक्ति ने बेरहमी से अत्याचार कर पत्थर से सिर कुचलकर हत्या की और शव को गोबर के ढेर में छिपा दिया। सीसीटीवी कैमरों ने सच सामने ला दिया, फिर भी प्रश्न है कि ऐसी घटनाएं क्यों बढ़ रही हैं। क्या हमारी सुरक्षा व्यवस्था और सामाजिक चेतना इतनी कमजोर हो चुकी है कि बच्चों की रक्षा भी सुनिश्चित नहीं? यह घटना केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे समाज की गंभीर विफलता का प्रमाण है। आरोपी पर पहले भी यौन अपराध के मामले दर्ज थे, जिससे अपरा. धियों के बढ़ते हौसले और पुलिस-न्याय व्यवस्था की कमियों पर सवाल और गहरे होते हैं।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के हालिया आंकड़ों के अनुसार महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। विभिन्न रिपोर्टों और उपलब्ध जानका. रियों से भी स्पष्ट होता है कि अनेक क्षेत्रों में स्थिति दिन-प्रतिदिन अधिक गंभीर और असुरक्षित होती जा रही है। जो स्थान कभी सुरक्षित माने जाते थे, वे अब अपराध और असुरक्षा के नए केंद्र बनते जा रहे हैं। समस्या केवल कानूनों की मौजूदगी नहीं, बल्कि उनके कमजोर क्रियान्वयन और प्रभावी निगरानी के अभाव में छिपी है। यदि एक मासूम बच्ची अपने ही घर के आसपास सुरक्षित नहीं है, तो यह पूरे सुरक्षा तंत्र पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। अपराधियों के बढ़ते हौसले का एक बड़ा कारण समाज की उदासीनता भी है, जो समय रहते चेतावनी संकेतों को नजरअंदाज कर देती है। व्यवस्था में गहरे सुधार के बिना ऐसी घटनाओं पर रोक संभव नहीं। पुलिस व्यवस्था और न्याय प्रणाली में ठोस, प्रभावी बदलाव आवश्यक हैं।

विशेष जांच दल का गठन हुआ है और मुख्यमंत्री ने फास्ट-ट्रैक ट्रायल व कठोर सजा की घोषणा की है, लेकिन यह कदम केवल तात्कालिक प्रतिक्रिया तक सीमित नहीं रहने चाहिए। बाल यौन अपराध संरक्षण कानून के अंतर्गत लंबित मामलों की अधिक संख्या और दोषसिद्धि की कम दर व्यवस्था की कमजो. रियों को स्पष्ट करती है। प्रत्येक जिले में 24 घंटे सक्रिय बाल संरक्षण इकाइयों की स्थापना अनिवार्य होनी चाहिए। गांवों और शहरों में निगरानी कैमरों का व्यापक नेटवर्क विकसित किया जाए तथा महिला पुलिस की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की जाए। न्याय प्रक्रिया को तेज, पारदर्शी और प्रभावी बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। सुरक्षा की वास्तविक नींव समाज की जागरूकता और सक्रिय भागीदारी पर ही टिकी होती है। केवल कानून या प्रशासन के भरोसे सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती, जब तक समाज स्वयं सजग न हो। बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है। स्कूलों, आंगनवाड़ियों और खेल स्थलों को पूर्ण सुरक्षा क्षेत्र घोषित कर कठोर निगरानी आवश्यक है। अभिभावकों के लिए नियमित जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए ताकि वे संभावित खतरों को पहचान सकें। स्थानीय समुदायों में सतर्कता समूह बनाए जाने चाहिए जो संदिग्ध गति. विधियों पर तुरंत सूचना दें। बच्चों को आत्मरक्षा और सुरक्षित व्यवहार की शिक्षा देना भी अत्यंत आवश्यक है। जब तक समाज सक्रिय भागीदारी नहीं निभाएगा, तब तक केवल कानून व्यवस्था पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं होगा। सबसे बड़ी और गहरी चुनौती आज भी हमारी जड़ जमाई हुई मानसिकता है, जो वर्षों से बदली नहीं है। कई बार पीड़ित को ही प्रश्नों के घेरे में खड़ा कर दिया जाता है और पुरानी सोच से प्रभावित प्रतिक्रियाएं दी जाती हैं।

यह धारणा बदलनी होगी कि खतरा केवल अजनबियों से होता है, जबकि वास्तविकता यह है कि कई बार परिचित और भरोसेमंद लोग ही अपराधी बन जाते हैं। शिक्षा प्रणाली में लिंग संवेदनशीलता, सहमति का सम्मान और नैतिक मूल्यों को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाना चाहिए। मीडिया को भी अत्यंत जिम्मेदारी से कार्य करना होगा ताकि ऐसी घटनाओं को सनसनी के रूप में प्रस्तुत न किया जाए। दोषियों के लिए कठोरतम दंड पर गंभीर सामाजिक और कानूनी मंथन आवश्यक है। बदलते समय में सुरक्षा को मजबूत करने की कुंजी आधुनिक तकनीक के प्रभावी और व्यापक उपयोग में निहित है। एआई आधारित उन्नत निगरानी प्रणाली, बच्चों के लिए सुरक्षित पहनने योग्य उपकरण और स्थान आधारित सुरक्षा तंत्र को बड़े स्तर पर लागू किया जाना चाहिए। महिला सहायता केंद्रों को अधिक सशक्त, प्रभावी और त्वरित प्रतिक्रिया देने योग्य बनाया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों तक तकनीकी सुरक्षा सुविधाओं का विस्तार भी आवश्यक है, ताकि गांव और शहर के बीच सुरक्षा की खाई कम हो सके। साथ ही यह सुनिश्चित करना होगा कि तकनीक का उपयोग केवल सुरक्षा के उद्देश्य से हो और उसका किसी भी रूप में दुरूपयोग न हो। तकनीक तभी वास्तविक रूप से सार्थक है, जब वह अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी सुरक्षा पहुंचा सके। किसी भी राष्ट्र की पहचान उसकी मासूम और कमजोर जिंदगियों की सुरक्षा से होती है। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा केवल योजना नहीं, बल्कि राष्ट्र की नैतिक जिम्मेदारी है। इस घटना ने स्पष्ट किया कि दोषी अक्सर परिचित होता है और बार-बार जेल से छूटने वाले अपराधी समाज के लिए बड़ा खतरा हैं। पुणे की मासूम बच्ची यह कठोर सच याद दिलाती है कि विकास तभी सार्थक है, जब जीवन सुरक्षित हो। यदि आने वाली पीढ़ियां भय में जीने को मजबूर होंगी, तो विकास के दावे अधूरे रह जाएंगे। समाज, प्रशासन और परिवारक़सभी को मिलकर सुरक्षित वातावरण बनाना होगा।

## श्रीमुख से...

### वायनाड में यूडीएफ का शानदार प्रदर्शन



केरल की जनता का भरोसा ही यूडीएफ के लिए मार्गदर्शक शक्ति बनेगा और आने वाले पांच वर्षों में ईमानदारी एवं विनम्रता के साथ किए गए वादों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा, वायनाड में यूडीएफ को 7 में से 7 सीटों पर मिली जीत जनता के मजबूत विश्वास का प्रतीक है, क्षेत्र के विकास के लिए सभी प्रतिनिधि मिलकर काम करेंगे और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे, यूडीएफ` कार्यकर्ताओं और नेताओं के अथक प्रयासों से एकजुट और प्रगतिशील केरल का संदेश हर घर तक पहुंचा है तथा आने वाले वर्षों में जनता की सेवा का संकल्प और मजबूत होगा।

**-प्रियंका गांधी वाड्रा**
**कांग्रेस सांसद, वायनाड**

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**फीचर डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003**
**E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com**

## न हाथ में डिग्री फिर भी जिंदगियां देती दाई मां





महक कुरैशी

ना तो ऑपरेशन थिएटर की कोई भी चकाचौंध है और ना ही मेडिकल की मोटी मोटी किताबें। बस अनुभव का खजाना, ममता की पोटली और हौसले की धार ए हैं हमारी दाई मां। आज 5 मई अंतर्राष्ट्रीय दाई दिवस है। वो दिन जब दुनिया उन हाथों को सलाम करती है जिन्होंने बिना किसी भी शोर शराबे के करोड़ों घरों में समय समय पर बच्चों की किलकारी गुंजाई।

एक जमाना था जब गांव में लेबर रूम नही हुआ करता था बस दाई की गोद ही लेबर रूम हुआ करती थी। अगर किसी भी गर्भवती महिला को आधी रात को दर्द उठा तो अपने हाथों में लालटेन लेकर उस घर की और भागती दौडती हुई दाई ही एक उम्मीद हुआ करती थी। दाई मां के पास ना तो ब्लड प्रेशर की मशीन होती थी और ना ही ऑक्सीजन का सिलेंडर। बस उनके पास होता था गर्म पानी का एक पतीला, साफ सा कपड़ा और मंत्र सा पढ़ता हुआ कई वर्षों का अनुभव। तब दाई मां की एक आवाज पर पूरा का पूरा घर अलर्ट हो जाता था और वह उपचार के दौरान गर्भवती महिला को हौंसला देती थी और फिर सब कुछ सही हो जाता। घर में फिर किलकारियां गूंजती और पूरे घर में खुशी की लहर दौड़ जाती। दाई मां को इनाम भी मिलता था और वह भी बच्चे को पुचकारती हुई जच्चा और बच्चा को बहुत सारी दुआएं देकर ही अपने घर लौटती थी। एक बुजुर्ग बताते हैं कि 80 के दशक में एक गांव की शांति देवी दाई मां ने एक बच्चे का जन्म कराया था। अब वही बच्चा एक जिले का कलेक्टर है। यह कलेक्टर जब भी छुट्टियों में अपने गांव में आते हैं तो सबसे पहले शांति देवी दाई मां के पांव छूते हैं। कहते हैं दाई मां ने डिग्री नहीं देखी बस नब्ज देखी थी। उसी नब्ज ने मुझे बड़ा अफसर बना दिया। है ना ए चटपटा सच। आज बड़े हस्पताल हैं। नर्स हैं। गायनेकोलॉजिस्ट भी हैं। फिर भी दूर दराज के गांवों में, टांडों में और पहाड़ों पर आज भी पहली डॉक्टर दाई मां ही है। आशा और एएनएम के साथ कंधे से कंधा मिलाकर दाई मां अब भी जच्चा बच्चा की रखवाली करती है। सरकार भी अब इन्हें स्किल्ड बर्थ अटेंडेंट का प्रशिक्षण दे रही है यानी कि पुरानी दाई नया अवतार। नाम के साथ दाई शब्द जुड़ते ही लोग नाक सिकोड़ लेते हैं। कम पैसा, ना पहचान, ना पेंशन। कई बार अगर जच्चा या बच्चे की हालत बिगड़ जाए तो इल्जाम भी दाई मां के सिर ही लग जाता है पर मजाल है जो कभी उफ की हो। कहती हैं बच्चा रोया नही तब तक हम सोते नही। आज के दिन में बस इतना ही कहूंगी कि अस्पताल में जन्म प्रमाण पत्र पर डॉक्टर का नाम लिखा जाता है पर उस बच्चे की पहली सांस पर हक तो दाई की हथेली का ही है। डिग्री भले ही ना हो पर ममता में पीएचडी हैं ए दाई मां। तो अगली बार किसी दाई मां को देखो तो बस हाथ जोड़ देना

**उसी नब्ज ने मुझे बड़ा अफसर बना दिया। है ना ए चटपटा सच। आज बड़े हस्पताल हैं। नर्स हैं। गायनेकोलॉजिस्ट भी हैं। फिर भी दूर दराज के गांवों में, टांडों में और पहाड़ों पर आज भी पहली डॉक्टर दाई मां ही है। आशा और एएनएम के साथ कंधे से कंधा मिलाकर दाई मां अब भी जच्चा बच्चा की रखवाली करती है। सरकार भी अब इन्हें स्किल्ड बर्थ अटेंडेंट का प्रशिक्षण दे रही है यानी कि पुरानी दाई नया अवतार। नाम के साथ दाई शब्द जुड़ते ही लोग नाक सिकोड़ लेते हैं।**

क्योंकि यही वह शख्सियत हैं जिन्होंने मौत को मात देकर जिंदगी को धरती पर उतारा है। हैप्पी दाई दिवस। दाई मां तुम सच में लाइफ लाइन हो।

## कुछ लोगों को ठंड कम क्यों लगती है

**जो लोग गर्म इलाकों से ठंडे स्थानों पर जाते हैं, उन्हें शुरुआत में ज्यादा दिक्कत होती है, लेकिन लगातार उस स्थान पर रहने से धीरे-धीरे शरीर ठंड के मुताबिक खुद को ढाल लेता है। इस प्रक्रिया को अनुकूलन कहते हैं। शरीर का आकार भी मायने रखता है। छरहरे शरीर या छोटे कद वाले लोग जल्दी गर्मी गंवाते हैं, जबकि बड़े डील-डौल वाले लोग गर्मी देर तक सहेज पाते हैं। खासकर मांसपेशियां बहुत महत्वपूर्ण होती हैं, क्योंकि वे काम करते समय गर्मी पैदा करती हैं। इसलिए जिन लोगों की मांसपेशियां ज्यादा होती हैं, वे अंदर से अधिक गर्मी बनाते हैं। ठंड से बचाव के मामले में मांसपेशियां शरीर की सबसे मजबूत ढालों में से एक हैं। लेकिन, सिर्फ शरीर का आकार ही पूरी कहानी नहीं है। आर्कटिक जैसे बेहद ठंडे इलाकों में रहने वाले कुछ समुदाय अपेक्षाकृत छोटे कद के बावजूद कड़ाके की ठंड आसानी से सह लेते हैं।**



जाड़े का मौसम तो चला गया है लेकिन जाते-जाते एक सवाल का जवाब मिल गया हैरू कुछ लोगों को ठंड कम क्यों लगती है? इसका कारण है हमारे शरीर की बनावट, अनुकूलन की क्षमता और हमें मिले वंशानुगत गुण।

युनिवर्सिटी ऑफ ओटावा के जीवविज्ञानी फांस्वा हेमन के अनुसार, इंसान का शरीर नैसर्गिक रूप से बहुत ज़्यादा ठंड सहने में माहिर नहीं है। हम आसानी से शरीर की गर्मी गंवा देते हैं। फिर भी हर व्यक्ति को ठंड अलग-अलग तरह से महसूस होती है। और, इसमें हमारी जीवनशैली व जैविक बनावट, दोनों की अहम भूमिका होती है। ठंड सहने में एक भूमिका अनुकूलन की भी होती है। जो लोग गर्म इलाकों से ठंडे स्थानों पर जाते हैं, उन्हें शुरुआत में ज्यादा दिक्कत होती है। लेकिन लगातार उस स्थान पर रहने से धीरे-धीरे शरीर ठंड के मुताबिक खुद को ढाल लेता है। इस प्रक्रिया को अनुकूलन कहते हैं। शरीर का आकार भी मायने रखता है। छरहरे शरीर या छोटे कद वाले लोग जल्दी गर्मी गंवाते हैं, जबकि बड़े डील-डौल वाले लोग गर्मी देर तक सहेज पाते हैं। खासकर मांसपेशियां बहुत महत्वपूर्ण होती हैं, क्योंकि वे काम करते समय गर्मी पैदा करती हैं। इसलिए जिन लोगों की मांसपेशियां ज़्यादा होती हैं, वे अंदर से अधिक गर्मी बनाते हैं। ठंड से बचाव के मामले में मांसपेशियां शरीर की सबसे मजबूत ढालों में से एक हैं। लेकिन, सिर्फ शरीर का आकार ही पूरी कहानी नहीं है। आर्कटिक जैसे बेहद ठंडे इलाकों में रहने वाले कुछ समुदाय द्धजैसे ग्रीनलैंड के इनुइट लोगऋ अपेक्षाकृत छोटे कद के बावजूद कड़ाके की ठंड आसानी से सह लेते हैं। शोध में पाया गया है कि कुछ लोगों के जीन ऐसे होते हैं जो 'भूरी वसाश नाम की खास वसा के विकास से जुड़े हैं। यह वसा शरीर में गर्मी पैदा करने में मदद करती है। इसके अलावा, जीन यह भी तय करते हैं कि शरीर में चर्बी कैसे वितरित होगी और मांसपेशियां कैसे काम करेंगी। इन कारणों से कुछ लोग अपने शरीर का अंदरूनी तापमान दूसरों की तुलना में बेहतर तरीके से बनाए रख पाते हैं। जीन इस बात को भी प्रभावित कर सकते हैं कि ठंड में हमारी रक्त वाहिकाएं कैसे प्रतिक्रिया देती हैं। जब मौसम बहुत ठंडा होता है, तो त्वचा और हाथ-पैरों की ओर बहने वाला खून कम हो जाता है, ताकि हृदय और दूसरे जरूरी अंगों के आसपास गर्मी बनी रहे। इसी कारण उंगलियां और पैर ज़्यादा ठंडे महसूस होते हैं, लेकिन इससे शरीर का केंद्रीय तापमान सुरक्षित रहता है। कुछ लोगों में जीन इस प्रक्रिया को और बेहतर तरीके से नियंत्रित करने में मदद करते हैं। कुल मिलाकर, ठंड लगना कई कारणों से तय होता है। इसमें डील-डौल, अनुकूलन क्षमता और जेनेटिक्स तीनों मिलकर असर डालते हैं। **(स्रोत फीचर्स)**



**कोलंबो। श्रीलंका के साथ समुद्री सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित यात्रा के दौरान भारतीय नौसेना की पनडुब्बी आईएनएस सिंधुकेसरी श्रीलंका पहुंची।**

## मॉन्स्टर ट्रक शो के दौरान भीड़ में घुसी कार, दो की मौत, 37 घायल

**बोगोटा।** दक्षिणी कोलंबिया में 2026 मॉन्स्टर ट्रक शो के दौरान एक कार भीड़ में घुस गई, जिससे कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 37 अन्य घायल हो गए। नोटिशियास काराक. ोल ब्रॉडकास्टर की रिपोर्ट के अनुसार यह कार्यक्रम काउका प्रांत के पोपायान शहर में आयोजित किया गया था। काउका के गवर्नर ऑक्टेवियो गुजमैन ने हताहतों की संख्या की पुष्टि की और इस दुर्घटना से प्रभावित लोगों के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त की है।

# होर्मुज में फंसे जहाजों को निकालने की कवायद तेज

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने की प्रोजेक्ट फ्रीडम नाम से एक नौसैनिक अभियान की घोषणा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' नाम से एक नौसैनिक अभियान की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे वाणिज्यिक जहाजों को सुरक्षित बाहर निकालना है।

यह अभियान पश्चिम एशिया में सोमवार सुबह से शुरू हो गया है। ट्रम्प ने एक बयान में कहा कि दुनिया के कई देशों ने अमेरिका से सहायता का अनुरोध किया है ताकि इस संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले समुद्री मार्ग में फंसे जहाजों को बाहर निक. ाला जा सके। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के देशों ने अमेरिका से अनुरोध किया है कि क्या हम उनके जहाजों को मुक्त कराने में मदद कर सकते हैं, जो होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे हुए हैं। उन्होंने इन जहाजों को 'तटस्थ और निर्दोष पक्षों' का बताया। ट्रम्प ने कहा कि तटस्थ देशों के जहाजों को अमेरिकी बल 'सुरक्षित तरीके से प्रतिबंधित जलमार्गों से बाहर निकालेंगे', ताकि वे सामान्य व्यावसायिक गतिविधियों को फिर से शुरू कर सकें। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल अमेरिका बल्कि ईरान और पूरे पश्चिम एशिया के लिए भी लाभकारी होगी। घोषणा के अनुसार अमे. रिकी प्रतिनिधियों को संबंधित देशों को सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं कि वाशिंगटन उनके जहाजों और चालक दल को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए 'हर संभव प्रयास' करेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में शामिल जहाज तब तक वापस नहीं लौटेंगे जब तक क्षेत्र को नौवहन के लिए सुरक्षित नहीं माना जाता। ट्रम्प ने कहा कि यह प्रक्रिया, प्रोजेक्ट फ्रीडम, सोमवार सुबह मध्य पूर्व समयानुसार शुरू होगी।




**■ तटस्थ देशों के जहाजों को अमेरिकी बल 'सुरक्षित तरीके से प्रतिबंधित जलमार्गों से बाहर निकालेंगे', ताकि वे सामान्य व्यावसायिक गतिविधियों को फिर से शुरू कर सकें**

उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच 'बहुत सकारात्मक बातचीत' चल रही है, जिससे रचनात्मक परिणाम निकल सकते हैं। ट्रम्प ने इस अभियान को मानवीय पहल बताते हुए कहा कि क्षेत्र में कई जहाज भोजन सहित आवश्यक आपूर्ति की कमी का सामना कर रहे हैं, जिससे चालक दल की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यह प्रयास उन लोगों, कंपनियों और देशों को राहत देने के लिए है जिन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और परिस्थितियों के शिकार बने हैं। यह एक मानवीय पहल है। हालांकि उन्होंने चेतावनी भी दी कि इस अभियान में किसी भी तरह का हस्तक्षेप होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है, जहां से वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है और हाल के महीनों में यह बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव का केंद्र बना हुआ है।

## प्रोजेक्ट फ्रीडम, होर्मुज खोलने के लिए सैन्य स्तरीय अभियानः सेंटकॉम

**वॉशिंगटन।** अमेरिका का 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' एक बड़ा सैन्य स्तरीय अभियान है जिसमें गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर्स, 100 से अधिक विमान और लगभग 15000 सैन्य कर्मी तैनात किए गए हैं। यह उन देशों की तत्परता को दर्शाता है, जो हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने का समर्थन कर रहे हैं। अपनी व्यापकता और मारक क्षमता के बावजूद इस अभियान से दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री चोकपॉइंट्स में से एक में बढ़ती अस्थिरता का कोई स्थाई समाधान मिलने की संभावना कम ही है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, इस मिशन का उद्देश्य केवल वाणिज्यिक जहाजों को मात्र सुरक्षा देना नहीं बल्कि इस रणनी. तिक रूप से महत्वपूर्ण जलमार्ग में नौवहन की स्वतंत्रता बहाल करने का व्यापक प्रयास है। इस मार्ग से प्रतिदिन वैश्विक समुद्री तेल का लगभग एक-चौथाई हिस्सा और भारी मात्रा में एलएनजी, ईंधन व उर्वरक लदे जहाज गुजरते हैं। सेंटकॉम ने अपने बयान में कहा है कि उसकी सेनाएं चार मई से इस पहल का समर्थन करना शुरू कर देंगी।

## प्रोजेक्ट फ्रीडम के जवाब में तेहरान ने दी अब चेतावनी देते हुए

# ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट का नया नक्शा जारी किया

**तेहरान।** ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने सोमवार को होर्मुज जलडमरूमध्य का एक नया नक्शा जारी किया। इसमें उन क्षेत्रों को दर्शाया गया है जो ईरान के नौसैनिक नियंत्रण और प्रबंधन के अधीन हैं। इस कदम से क्षेत्र में तनाव और बढ़ने की आशंका है। 'फारस न्यूज एजेंसी' के अनुसार, आईआरजीसी द्वारा निर्धारित यह क्षेत्र पश्चिम में ईरान के केश्म द्वीप और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उम्म अल-कुवैन के बीच से शुरू होकर, पूर्व में ईरान के माउंट मुबारक और फुजैराह तक फैला हुआ है। ईरान का यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा घोषित 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' के जवाब में आया है।

'प्रोजेक्ट फ्रीडम' के तहत अमेरिका इस रणनीतिक जलमार्ग में फंसे वाणिज्यिक जहाजों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए एक बड़ा नौसैनिक अभियान शुरू कर रहा है। ईरान की एकीकृत सशस्त्र सेना कमान के प्रमुख मेजर जनरल अली अब्दुल्लाही ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान जलडमरूमध्य में प्रवेश करने या उसके करीब आने वाले 'किसी भी विदेशी सशस्त्र बल', विशेष रूप से 'आक्रामक अमेरिकी सेना' को निशाना बनाएगा। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा का प्रबंधन ईरान पूरी मजबूती के साथ कर रहा है। दूसरी ओर, अमेरिकी सेना ने स्पष्ट किया है कि उसका यह प्रयास कोई औपचारिक 'एस्कॉर्ट मिशन' (जहाजों के साथ चलने वाला मिशन) नहीं है, बल्कि इसमें गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर, 100 से अधिक विमान और 15000 सैनिक 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' को सहयोग देंगे। अब्दुल्लाही ने सभी वाणिज्यिक जहाजों और तेल टैंकरों से अपील की है कि वे ईरानी सशस्त्र बलों के साथ समन्वय किए बिना इस क्षेत्र से न गुजरें, अन्यथा उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की किसी भी आक्रामक कार्रवाई से स्थिति और जटिल होगी और जहाजों की सुरक्षा को खतरा पैदा होगा। अब्दुल्लाही ने कहा कि यह जलमार्ग ईरान के सशस्त्र बलों के नियंत्रण में है, और 'स्थति को बिगाड़ने के लिए अमेरिका द्वारा की गई कोई भी आक्रामक कार्रवाई केवल और अधिक जटिलताएं पैदा करेगी और इस क्षेत्र में जहाजों की सुरक्षा को खतरे में डाल देगी। उल्लेखनीय है कि ट्रम्प ने एक नौसैनिक मिशन की घोषणा की है, जिसका नाम 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' रखा गया है। आधिकारिक बयान के अनुसार, इसका मकसद होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे हुए व्यापारिक जहाजों को बाहर निकालना है। आईआरजीसी के प्रवक्ता सरदार मोहेब्बी ने कहा कि तेहरान द्वारा लागू किए गए पारगमन नियमों (ट्रांजिट प्रोटोकॉल) का उल्लंघन करने वाले किसी भी जहाज को बलपूर्वक रोका जाएगा। उन्होंने सभी शिपि. ंग और परिवहन बीमा कंपनियों को सलाह दी है कि वे आईआरजीसी की आधिकारिक घोषणाओं पर गौर करें। उन्होंने फारस समाचार एजेंसी की ओर से जारी बयान में कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य की प्रबंधन प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं हुआ है। नागरिक और वाणिज्यिक जहाजों की कोई भी समुद्री आवाजाही, जो आईआरजीसी नौसेना द्वारा जारी किए गए पारगमन प्रोटोकॉल का पालन करती है और समन्वय के साथ निर्धारित मार्ग से होती है, वह पूरी तरह सुरक्षित रहेगी। उन्होंने कहा कि आईआरजीसी नौसेना द्वारा घोषित सिद्धांतों के विपरीत होने वाली अन्य गतिविधियों को गंभीर जोखिमों का सामना करना पड़ेगा।



**■ कहाः स्ट्रेट में प्रवेश करने पर किसी भी विदेशी सशस्त्र बल को निशाना बनाएगा**

### होर्मुज की नई व्यवस्था में अमेरिकी हस्तेक्षप युद्धविराम का उल्लंघन हैः ईरानी सांसद

**तेहरान।** ईरान की संसद के एक वरिष्ठ सांसद ने चेतावनी दी है कि होर्मुज जलडमरूमध्य की नई समुद्री व्यवस्था में अमेरिका का कोई भी हस्तक्षेप युद्धविराम का सीधा उल्लंघन माना जाएगा। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की जहाजों को सुरक्षा देने की योजना को 'भ्रमपूर्ण' करार दिया। ईरानी संसद की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने रविवार को सोशल मीडिया पर कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के नई समुद्री व्यवस्था में किसी भी अमेरिकी हस्तक्षेप को युद्धविराम का उल्लंघन माना जाएगा। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य और फारस की खाड़ी का संचालन ट्रम्प के भ्रमपूर्ण पोस्ट से नहीं होगा। दोषारोपण की कहानियों पर कोई विश्वास नहीं करेगा। अजीजी की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब ट्रम्प ने घोषणा की है कि अमेरिकी बल सोमवार से इस जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों को सुरक्षा प्रदान करना शुरू करेंगे।

# पाक में दो हिंदू अल्पसंख्यकों का सीएसएस में चयन

**■ अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित 123 सीटें अभी भी खाली**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के दो पुरुषों ने देश की संघीय सिविल सेवा में शामिल होने की योग्यता हासिल की है। सिंध प्रांत के जीवन रेबारी और खेम चंद जंडोरा उन 170 उम्मीदवारों में शामिल हैं, जिन्हें संघीय लोक सेवा आयोग द्वारा गुरुवार को परिणाम घोषित होने के बाद केंद्रीय सुपीरियर सेवा (सीएसएस) में शामिल होने के लिए योग्य घोषित किया गया। यह उपलब्धि ऐसे समय में मिली है जब सरकारी नौकरियों में अल्पसंख्यक समूहों का प्रतिनिधित्व ऐतिहासिक रूप से कम रहा है।

2023 की जनसंख्या जनगणना के अनुसार, 38 लाख की कुल आबादी के साथ हिंदू पाकिस्तान का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय हैं, जो अधि. कतर सिंध प्रांत में रहते हैं। पाकिस्तान की सीएसएस में अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व ऐतिहासिक रूप से कम रहा है, जिसके कारण सरकार ने समावेश बढ़ाने के लिए 2025 में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसी पहल शुरू की है। संघीय लोक सेवा आयोग के अनुसार, देशभर से 12792 लोगों ने लिखित परीक्षा दी थी। इनमें से 355 उम्मीदवार उत्तीर्ण हुए, और आगे के दौर के बाद कुल 170 उम्मीदवारों का चयन किया गया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित 123 सीटें अभी भी खाली हैं, जो इन पुरुषों की शीर्ष सूची में जगह बनाने के महत्व को और उजागर करता है। संविधान संघीय नौकरियों में अल्पसंख्यकों के लिए समान अधिकारों और पांच फीसदी कोटा की गारंटी देता है। हालांकि, उनका वास्तविक प्रतिनिधित्व कोटा सीमा से कम बना हुआ है। सीएसएस में विदेश सेवा से लेकर डाक सेवा तक 12 समूह हैं। 2022 के परिणामों के बाद राजेंद्र मेनघवार पहले हिंदू पीएसपी (पाकिस्तान पुलिस सेवा) अधिकारी बने थे। राजेंद्र की सफलता ने भी अन्य लोगों को इस क्षेत्र में शामिल होने और एक उदाहरण बनने के लिए प्रोत्साहित किया। खेम चंद के माता-पिता को अपने बेटे की शिक्षा के लिए उच्च ब्याज दरों पर कर्ज लेना पड़ा और गहने बेचने पड़े। खेम चंद जंडोरा समुदाय से संबंध रखते हैं, जिसका नाम जंड से लिया गया है, जो भारी पत्थर की चक्की को संदर्भित करता है।

# होर्मुज की नाकेबंदी पर अकेले पड़े ट्रम्प

## यूरोप ने पीछ खींचे हाथ, मैक्रों बोलेः जंग में हम शामिल नहीं, अमेरिका से अलग रणनीति अपनाएंगे

**पेरिस।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर जारी संकट के बीच फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने साफ कर दिया है कि यूरोप इस मुद्दे पर अमे. रिका से अलग रणनीति अपनाएगा। फ्रांस के राष्ट्रपति ने कहा कि यूरोप अपना स्वतंत्र सुरक्षा ढांचा तैयार कर रहा है और अमेरिका के नेतृत्व वाले किसी अस्पष्ट सैन्य आपरेशन का हिस्सा नहीं बनेगा।

आर्मेनिया की राजधानी येरेवन में आयोजित यूरोपीय पालिटिकल कम्युनिटी की 8वीं बैठक में मैक्रों ने कहा कि यूरोपीय संघ अपनी सुरक्षा और रक्षा के लिए खुद समाधान बना रहा है। हम अपनी किस्मत अपने हाथ में ले रहे हैं और कामन सिक्योरिटी फेमवर्क विक. सित कर रहे हैं। मैक्रों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा शुरू किए गए प्रोजेक्ट फ्रीडम में शामिल होने से साफ इनकार कर दिया। यह पहल होर्मुज जलडमरूमध्य में जहा. जों की आवाजाही बहाल करने के लिए शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि हम ऐसी किसी पहल में हिस्सा नहीं लेंगे, जिसका ढांचा स्पष्ट न हो। हालांकि फ्रांस ने जलमार्ग को फिर से खोलने के प्रयासों का समर्थन किया, लेकिन यह भी स्पष्ट किया कि वह किसी भी फोर्स-बेस्ड आपरेशन में शामिल नहीं होगा, जब तक कि उसका स्पष्ट और सहमति आधारित ढांचा न हो। मैक्रों ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने का सबसे टिकाऊ तरीका अमेरिका और ईरान के बीच समन्वित समझौता है। उन्होंने फ्री और बिना टोल के नेविगेशन को सुनिश्चित करने के लिए बातचीत को ही एकमात्र रास्ता बताया। इस बीच, क्षेत्र में हालात अभी भी बेहद संवे. दनशील बने हुए हैं। 28 फरवरी के बाद से तनाव तेजी से बढ़ा है, जब अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमले किए और जवाब में तेहरान ने भी इजरायली ठिकानों और खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। ईरान ने साफ चेतावनी दी है कि अगर अमेरिकी सेना होर्मुज जलडमरूमध्य के करीब आती है, तो उस पर हमला किया जाएगा। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि अमेरिका के प्रस्ताव की समीक्षा की जा रही है, जो पाकिस्तान के जरिए मिला है।



**■ मैक्रों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा शुरू किए गए प्रोजेक्ट फ्रीडम में शामिल होने से साफ इनकार कर दिया**

## ट्रम्प कार्रवाई चाहते हैं, वह चुपचाप बैठे नहीं रहना चाहतेः अमेरिकी अधिकारी

**वाशिंगटन।** होर्मुज स्ट्रेट में गतिरोध को तोड़ने के उद्देश्य से ट्रम्प की ओर से शुरू किया गया नया नौसैनिक अभियान 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' ऐसे समय में आया है जब अमेरिका में ईरान के साथ 'न समझौता, न युद्ध' की स्थिति को लेकर निराशा बढ़ रही है। अमे. रिकी न्यूज वेबसाइट एक्सियोस से बातचीत में प्रशासन के एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपति कार्रवाई चाहते हैं। वह चुपचाप बैठे नहीं रहना चाहते। वह दबाव बनाना चाहते हैं। वह एक समझौता चाहते हैं। अधिकारियों का कहना है कि कूटनीति पर जोर देने के बावजूद, ट्रम्प बंद दरवाजों के पीछे ईरान के लिए कड़े सैन्य विकल्पों पर विचार कर रहे हैं।

# अमेरिका ने ईरानी जहाज के चालक दल को पाक के हवाले किया

**■ इस जहाज ने बार-बार दी गई चेतावनियों के बावजूद नौसैनिक नाकाबंदी को तोड़ने की कोशिश की थी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि अमेरिका ने एक ईरानी कंटेनर जहाज पर पकड़े गए चालक दल के 22 सदस्यों को सुरक्षित पाकिस्तान पहुंचा दिया है, जिन्हें आज ही ईरानी अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा।

पाकिस्तान ने चालक दल की इस वापसी को तनाव कम करने की दिशा में अमेरिका द्वारा उठाया गया एक 'विश्वास बढ़ाने वाला कदम' बताया है। ईरानी ध्वज वाला जहाज 'एम/वी टूसका', जो इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान शिपिंग लाइन्स का हिस्सा है, पिछले महीने ओमान की खाड़ी में अमेरिकी सेना द्वारा जब्त कर लिया गया था। अमे. रिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, इस जहाज ने बार-बार दी गई चेताव. नियों के बावजूद नौसैनिक नाकाबंदी को तोड़ने की कोशिश की थी। अमे. रिकी सेना ने जहाज के इंजन रूम पर फायरिंग भी की थी। ईरान ने अमेरिका की इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की थी और इसे 'समुद्री डकैती' करार दिया था। पाकिस्तान के मुताबिक, चालक दल के सदस्यों को रविवार रात उसकी हिरासत में सौंपा गया था और सोमवार को उन्हें ईरान भेज दिया जाएगा। मंत्रालय ने यह भी कहा कि मरम्मत के बाद जहाज को उसके असली मालिकों को लौटा दिया जाएगा। सीएनएन ने पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के हवाले से कहा कि इन सदस्यों की वापसी ईरानी और अमेरिकी पक्षों के समर्थन से मिलकर की जा रही है।






## राम चरण स्टारर पेड्डी में स्पेशल सॉन्ग के लिए शामिल हुईं श्रुति हसन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री श्रुति हासन, दक्षिण भारतीय फिल्म स्टार राम चरण स्टारर की आने वाली फिल्म पेड्डी के स्पेशल सॉन्ग के लिए शामिल हो गई हैं। फिल्म पेड्डी, में ग्लोबल स्टार राम चरण लीड रोल में हैं। इस फिल्म में जाह्नवी कपूर और जगपति बाबू भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। इसका म्यूजिक पहले ही माहौल बना चुका है, चार्टबस्टर हिट्स दे चुका है और एक्साइटमेंट को और बढ़ा दिया है। अब इस फिल्म को लेकर और बड़ा अपडेट सामने आया है। पैन-इंडिया सिनेमा की बज गर्ल श्रुति हासन फिल्म में एक हाई-एनर्जी स्पेशल डांस नंबर में नजर आने वाली हैं, जिसकी शूटिंग इस वक्त चल रही है। इससे पहले उन्हें एक और बड़े प्रोजेक्ट वाराणसी के लिए भी अप्रोच किया गया था। इससे साफ है कि भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी आने वाली फिल्मों में उनकी डिमांड और मौजूदगी लगातार बढ़ रही है।

## नाटो के भीतर अमेरिका ही जर्मनी का सबसे महत्वपूर्ण साझेदारः मर्ज

**बर्लिन।** जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा है कि ईरान मुद्दे पर मतभेदों के बावजूद अमे. रिका नाटो संगठन में जर्मनी का सबसे महत्वपूर्ण साझेदार बना हुआ है। मर्ज ने एआरडी प्रसारक को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि मुझे स्वीकार करना होगा कि अमेरिकी राष्ट्रपति की इन मुद्दों पर हमसे अलग राय है, लेकिन इससे यह तथ्य नहीं बदलता कि अमेरिका हमारे लिए महत्वपूर्ण साझेदार है, नाटो में सबसे महत्वपूर्ण, और यूरोप तथा अमे. रिका के साथ मिलकर आगे बढ़ने में हमारी साझा रुचि है। उन्होंने ईरान को लेकर अमेरिकी रणनीति की आलोचना भी दोहराई।

